TarunMitra TarunMitra TarunMitra
www.youtube.com/@TarunmitraGroup

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# तरुणमित्र
श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

लखनऊ
वर्षः 26 अंक 185
शुक्रवार 2 मई, 2025

तापमान
अधिकतम 34°C
न्यूनतम 26°C

मूल्य 5 रुपए | पृष्ठ-12 | उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार एवं महाराष्ट्र से प्रकाशित | www.tarunmitra.in

# संवैधानिक संस्थाएं अपने दायरे में रहें: धनखड़

## उपराष्ट्रपति ने राज्यपाल की जीवनी पर आधारित पुस्तक का किया विमोचन

■ आलोक कुमार होलकर

**लखनऊ, 1 मई।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने राज्यपाल आनंदी बेन पटेल की जीवनी पर आधारित पुस्तक चुनौतियां मुझे पसंद हैं का विमोचन करते हुए कहा कि ऐसी पुस्तक लिखना आसान नहीं है। ईमानदारी से लिखना और भी आसान नहीं है। यह पुस्तक प्रेरणादायक सिद्ध होगी। यह बात उन्होंने गुरुवार को उत्तर प्रदेश के लखनऊ में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कही।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि पहलगाम एक चुनौती प्रस्तुत करता है। हम भारतीय हैं, भारतीयता हमारी पहचान है। यही कारण है कि आज दुनिया भारत की ओर देख रही है।

भारत के प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी ने चुनौतियों को स्वीकार किया। आज भारत में हर ओर शिक्षा, सुरक्षा, जल, सड़क और बिजली है। रोजगार है। सबसे खतरनाक चुनौती वो है जो हमें अपने से मिलती है।

**संबोधन**
- अभिव्यक्ति और वाद-विवाद ही लोकतंत्र
- कोई भी अपराध हो, कानून के हिसाब से निपटारा होना चाहिए
- बच्चों के जीवन को बर्बाद करने का किसी को अधिकार नहीं : राज्यपाल

जिसका हम जिक्र नहीं कर सकते। हमारे पास बहुत बड़ी ताकत है।

वह है हमारी सभ्यता। हमारे वेद हैं, भगवद्गीता, रामायण और महाभारत है। कभी भी कर्तव्य पथ से विमुख नहीं होना है। आज देश का बहुमुखी विकास हो रहा है। आर्थिक उन्नति हो रही है। ऐसे मौके पर भारत के समक्ष चुनौतियां आएंगी। उन्होंने कहा कि चुनौतियों में मुंह नहीं मोड़ना है। लोग कहते




हैं कि समय के साथ लोग भूल जाएंगे। लेकिन क्या आपातकाल को लोग भूल गए ? कोई भी अपराध हो, कानून के हिसाब से निपटारा होना चाहिए। उस पर पर्दा नहीं डाला जा सकता। अभिव्यक्ति और वाद-विवाद ही लोकतंत्र है। महत्वपूर्ण पदों पर टिप्पणी करना चिंतनीय है। मैने यह चिंता व्यक्त की है।

उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना करते हुए कहा कि आठ साल में उत्तर प्रदेश की साढ़े बारह लाख करोड़ की इकोनॉमी को लगभग तीस लाख करोड़ तक पहुंचा दिया। यह शोध का विषय है। मेट्रो के मामले में भी उत्तर प्रदेश अव्वल है। छह शहरों में मेट्रो हैं। चुनौती के प्रति निष्क्रियता दिखाना, कायरता की निशानी है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि यह हमारा बाध्यकारी कर्तव्य है कि हमारी संवैधानिक संस्थाएं एक-दूसरे का सम्मान करें और यह सम्मान तभी होता है जब सभी संस्थाएं अपने-अपने दायरे में सीमित रहती हैं। हमारा लोकतंत्र तब फलता फूलता नहीं है जब संस्थाओं के बीच टकराव होता है। संविधान इस बात की मांग करता है कि समन्वय हो, सहभागिता हो, विचार विमर्श हो, संवाद और वाद-विवाद हो। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने कहा कि जब तक हम गांव नहीं पहुंचते, तब तक हम यह नहीं समझ सकते कि हमें क्या करना है।

मेरे पिता जी गांधीवादी थे। उन्होंने गांधी जी के विचारों को अपने जीवन में उतारा। वह खेती करते थे। मैं भी उनके साथ खेती करती थी। गौ पालन किया जाता था। छाछ लोगों में बांट दिया जाता था। आज हम डेयरी से छाछ लेते हैं। ■ शेष पेज 11 पर

## पीडीए की लड़ाई के लिए महत्वपूर्ण निर्णय जातीय जनगणना : अखिलेश

**लखनऊ, 1 मई (तरुणमित्र)।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने गुरुवार को पत्रकार वार्ता में कहा कि सामाजिक न्याय के राज की स्थापना हो, इसके लिए सरकार ने जातीय जनगणना का फैसला लिया है। भाजपा सरकार हम लोगों के दबाव पर यह फैसला लेने पर मजबूर हुई है। पीडीए की लड़ाई के लिए महत्वपूर्ण निर्णय हुआ है।

भाजपा सरकार अपनी चुनावी धांधली को जातीय जनगणना से दूर रखे। एक ईमानदार जनगणना ही लोगों को न्याय दिलायेगी। संविधान के आगे मन विधान नहीं चल सकता है। मेरा मानना है कि ये इंडिया की जीत हुई है। समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय पर अखिलेश यादव ने दूसरे राजनीतिक दलों से आये नेताओं को पार्टी की सदस्यता दिलाई और कहा कि समाजवादी पार्टी में जुड़ रहे साथियों का पार्टी में स्वागत करता हूं। उनके साथ आये हुए लोगों का भी स्वागत करते हैं। पुराने साथी पूर्व मंत्री मूलचंद्र चौहान का भी स्वागत है। जिस समय मैं बिजनौर में

- भाजपा सरकार अपनी चुनावी धांधली को जातीय जनगणना से दूर रखे
- एक ईमानदार जनगणना ही लोगों को न्याय दिलायेगी

प्रदर्शन करने गया था, उस वक्त मूलचंद्र ही समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष थे। संतोष तिवारी के सपा में आने से गोरखपुर, कुशीनगर बेल्ट मजबूत होगा। मेरठ के साथी और इसी तरह राजा का भी स्वागत है। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष ने मजदूर दिवस पर बधाई देते हुए कहा कि श्रमिक दिवस की बधाई देता हूं। आज श्रमिकों की परिभाषा बड़ी हो गयी है। प्रदेश में रोजगार नहीं है।

इसलिए चालक एवं डिलवरी ब्वाय भी इस श्रेणी में आये हैं। श्रमिकों की कुछ समस्याएं भी हैं। अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि आज इस सरकार में मजदूरी में कमीशन देना पड़ रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### आतंकी हमले में मारे गए लोगों को मिले शहीद का दर्जा

**नई दिल्ली, 1 मई।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद से देशभर में आक्रोश का माहौल है। इसी बीच लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपील की है कि पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों को शहीद का दर्जा दिया जाए। उन्होंने कहा कि वे पीड़ित परिवारों के दुख में साथ हैं और उनकी इस मांग का पूरा समर्थन करते हैं।

### भारत की पहलगाम हमले पर अमेरिका से चर्चा

**नई दिल्ली, 1 मई।** भारत की पहलगाम आतंकी हमले पर अमेरिका से चर्चा हुई है। भारत ने पहलगाम हमले के गुनहगारों, समर्थकों और हमले की योजना बनाने वालों को न्याय के कठघरे में लाने का आह्वान किया। उल्लेखनीय है कि 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की जान गई है। इस हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया है। विदेशमंत्री डॉ. एस जयशंकर ने आज सुबह एक्स पर लिखा, "कल अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के साथ पहलगाम आतंकवादी हमले पर चर्चा की।

### आजमगढ़ : बेटे ने पिता को लाठी से पीटकर मार डाला

**आजमगढ़, 1 मई।** अहरौला थाना क्षेत्र में गुरुवार को परिवारिक विवाद में बेटे ने पिता को लाठी से पीट पीटकर मार डाला। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अधीक्षक देहात चिराग जैन ने बताया कि सारन गांव निवासी लौटन राजभर (60) की पत्नी की आठ दिन पूर्व मौत हो गई थी। घर में तेरहवीं की तैयारी को लेकर पिता लौटन का अपने पुत्र विजय राजभर से विवाद हो गया। गुस्से में आकर विजय ने लाठी से प्रहार करके पिता लौटन की हत्या कर दी। ग्रामीणों की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भेजते हुए आरोपित बेटे विजय को गिरफ्तार कर लिया। एसपी ग्रामीण ने बताया कि आरोपित से पूछताछ करते हुए थाना पुलिस मामले में अग्रिम कार्रवाई कर रही है।

### बेकाबू कार डिवाइडर से टकराई, चार युवकों की मौत

**गुना/भोपाल, 1 मई।** मध्य प्रदेश के गुना जिले में म्याना थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भदौरा के पास बुधवार देर रात एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई । हादसे में कार सवार चार युवकों की मौत हो गई, जबकि तीन युवक घायल हुए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में एक गंभीर को भोपाल भेजा गया है। आशंका है कि कार को पीछे से किसी वाहन ने टक्कर मार दी। इससे कार का पिछला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।पुलिस के अनुसार शिवपुरी जिले के कोलारस थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रिजौदा से बुधवार को एक बारात गुना के मावन गांव में आई थी। शादी में शामिल होने के बाद कुछ युवक कार से अपने गांव जाने के लिए निकले थे। इसी दौरान बुधवार देर रात 2.30 बजे भदौरा के पास उनकी कार हादसे का शिकार हो गई। हादसे में रिजौदा गांव के रहने वाले गोविंद रघुवंशी (28) पुत्र दिनेश रघुवंशी, सोनू (35) पुत्र हरि भगवान रघुवंशी, वीरू (24) पुत्र बृजेश कुशवाहा और हितेश (24) पुत्र ब्रजमोहन बैरागी की मौत हो गई।

## इंसान की समृद्धि के लिए गीत, संगीत को महत्व देना होगा : मोदी

**नई दिल्ली, 1 मई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को मुंबई के जियो वर्ल्ड सेंटर में विश्व ऑडियो विजुअल और एंटरटेनमेंट समिट-2025 (वेव्स) का उद्घाटन किया और इसे सृजनात्मकता का वैश्विक उत्सव बताया। उन्होंने कहा कि यह भारत में सृजन करें, विश्व के लिए सृजन करें की अवधारणा को अपनाने का एकदम सही समय है।

इंसान की समृद्धि इन्फोर्मेशन के पहाड़ से नहीं आएगी, ये टेक्नोलॉजी की स्पीड और रीच से भी नहीं आएगी। इसके लिए हमें गीत, संगीत, कला, नृत्य को महत्व देना होगा। प्रधानमंत्री ने समिट में गुरु दत्त, पी. भानुमति और ऋत्विक घटक सहित भारतीय सिनेमा के पांच दिग्गजों के नाम पर स्मारक डाक टिकट भी जारी किए।



- प्रधानमंत्री ने किया एंटरटेनमेंट समिट-2025 (वेव्स) का उद्घाटन

## भारत ने पाकिस्तानी विमानों को एयरस्पेस किया बंद

**नई दिल्ली, 1 मई।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव के बीच भारत ने बुधवार को एक बड़ा कदम उठाते हुए नोटिस टू एयर मिशन (नोटम) जारी किया है। इस नोटम के तहत भारत ने पाकिस्तान-पंजीकृत, पाकिस्तान द्वारा संचालित अथवा पाकिस्तान से लीज पर लिए गए सभी नागरिक और सैन्य विमानों के लिए भारतीय वायु क्षेत्र (एयरस्पेस) को तत्काल प्रभाव से बंद करने की घोषणा की है। 30 अप्रैल से 23 मई 2025 तक किसी भी पाकिस्तानी विमान को भारतीय हवाई क्षेत्र में प्रवेश की इजाजत नहीं होगी।

सरकार की ओर से स्पष्ट किया गया है कि यह प्रतिबंध आगे की समीक्षा तक प्रभावी रहेगा और परिस्थितियों के अनुसार इसमें बदलाव किया जा सकता है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारीं ने स्पष्ट किया है कि यह निर्णय सुरक्षा और संप्रभुता से जुड़े हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए लिया गया है। इस निर्णय की जानकारी संबंधित अंतरराष्ट्रीय नागरिक उड्डयन एजेंसियों और हवाई अड्डों को भी दे दी गई है। भारत के इस फैसले का सीधा असर पाकिस्तान की वाणिज्यिक और सैन्य उड़ानों पर पड़ेगा। इस फैसले को भारत की तरफ से एक कड़ा संदेश माना जा रहा है, जिसमें यह स्पष्ट किया गया है कि किसी भी उकसावे की स्थिति में भारत सख्ती से जवाब देगा।

**घोषणा**



- 23 मई तक लगाई पाबंदी
- पाकिस्तान ने फिर तोड़ा संघर्ष विराम
- कुपवाड़ा, उरी और अखनूर में नियंत्रण रेखा के पार की गोलीबारी

पिछले कुछ दिनों से नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर लगातार संघर्षविराम उल्लंघन और सीमा पार से होने वाली गतिविधियों ने हालात को और भी नाजुक बना दिया है।

दूसरी तरफ पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान की फौज लगातार संघर्ष विराम का उल्लंघन कर भारतीय सेना को उकसाने की हरकत करने से बाज नहीं आ रही।

भारतीय सेना के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि पाकिस्तान सेना की चौकियों की गोलीबारी का माकूल जवाब दिया गया। इस अधिकारी के अनुसार, 30 अप्रैल और 01 मई की रात पाकिस्तान सेना की चौकियों ने जम्मू और कश्मीर के केंद्रशासित प्रदेश के कुपवाड़ा, उरी और अखनूर के सामने नियंत्रण रेखा के पार बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी शुरू की। भारतीय सेना ने भी इसका उचित जवाब दिया।

## श्रमिक वर्ग के प्रति अपनी संवैधानिक जिम्मेदारी निभाएं सरकारें: मायावती

**लखनऊ, 1 मई।** बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर सभी श्रमिक भाई-बहनों को बधाई दी है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सभी सरकारों को श्रमिकों व कामगार वर्ग के प्रति अपनी संवैधानिक जिम्मेदारी भी निभानी चाहिए। मायावती ने गुरुवार को एक्स पर लिखा कि आज के आधुनिक युग में जब सरकारी स्तर पर भी व्यावसायीकरण चरम पर है। श्रम, श्रमिक व मजदूरों के महत्व को कम आंकने की परम्परा है, किन्तु उस वर्ग का हर स्तर पर शोषण होने के कारण श्रम दिवस का उद्देश्य व भूमिका आज भी सदैव की भांति प्रासंगिक व आवश्यक है। उन्होंने देश के करोड़ों श्रमिकों व कामगार वर्ग, विशेषकर महिला समाज को अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस की बधाई दी है।

## अजमेर के होटल में भीषण आग, चार लोगों की मौत

**अजमेर, 1 मई।** राजस्थान के अजमेर के डिग्गी बाजार इलाके में गुरुवार की सुबह दिल दहला देने वाला हादसा हुआ। यहां स्थित नाज होटल में अचानक आग लग गई, जिससे चार लोगों की मौत हो गई और कई अन्य झुलस गए। हादसे के समय होटल में बड़ी संख्या में जायरीन (श्रद्धालु) ठहरे हुए थे।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गुरुवार की सुबह करीब आठ बजे होटल में जोरदार धमाका हुआ। बताया जा रहा है कि यह धमाका होटल के एक कमरे में लगे एयर कंडीशनर (एसी) फटने की वजह से हुआ। इसके बाद लगी आग ने



पूरी होटल को अपनी चपेट में ले लिया। शुरूआती जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया गया है। आग लगते ही होटल में अफरा-तफरी मच गई।

कई लोग जान बचाने के लिए खिड़कियों से कूदने लगे। एक महिला ने बहादुरी दिखाते हुए अपने बच्चे को खिड़की से नीचे फेंक दिया ताकि वह बच सके।

नीचे खड़े लोगों ने बच्चे को सुरक्षित पकड़ लिया। वह बच्चा मामूली रूप से झुलसा है और फिलहाल खतरे से बाहर है। होटल तक पहुंचने वाला रास्ता बहुत संकरा है, जिससे दमकल और पुलिस की टीम को बचाव कार्य में भारी परेशानी हुई।

## स्थगन आदेश लेकर मजा करते हैं मुकदमेबाज : हाईकोर्ट

**प्रयागराज, 1 मई।** मुकदमों में बार-बार तारीख लगवा कर सुनवाई टलवाने वाले वादकारियों पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कड़ी टिप्पणी की है। कोर्ट ने कहा कि आम तौर पर मुकदमों में फैसले में देरी के लिए अदालतों को जिम्मेदार ठहराया जाता है।

मगर यह आश्चर्यजनक है कि देश के नागरिक जब वादकारी के रूप में अदालत में आते हैं तो मुकदमे में समय मांग कर अपने उद्देश्य के अनुसार उसका आनंद लेते हैं। कोर्ट ने कहा मुकदमों में देरी वादी जनता की वजह से होती है जो खतरनाक है। इस बारे में न तो बात की जाती है और न ही इसकी आलोचना होती है। ■ शेष पेज 11 पर

## जाति जनगणना कराने का निर्णय विपक्षियों के दबाव का परिणाम: खरगे

**बेंगलुरू, 1 मई।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने जाति आधारित जनगणना के केन्द्र सरकार के फैसले पर कहा कि राहुल गांधी ने पहले भी यह मांग उठाई थी और आज यह मांग पूरी हो गई है। निर्णय सभी विपक्षी दलों के दबाव का परिणाम है। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे यहां बेंगलुरु में पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने केंद्र सरकार के जाति आधारित जनगणना कराने के फैसले पर कहा कि मुझे नहीं लगता कि यह बिहार चुनाव के लिए लिया गया कोई अस्थायी फैसला है।




### भाजपा के लिए कितना फलदायी रहेगा जाति जनगणना का ऐलान

## कांग्रेस की बिछाई बिसात पर मोदी सरकार ने चल दी चाल

■ हरिमोहन विश्वकर्मा

**नई दिल्ली, 1 मई।** 2024 के लोकसभा चुनाव में 240 सीटों पर सिमटने के बाद भाजपा निरंतर ऐसे फामूर्ले की तलाश में थी, जिसपर चलकर भाजपा को वोट बैंक के नए दरवाजे तो खुलें ही, विपक्ष को भी उसी के अंदाज में जवाब दिया जा सके। पहलगाम हमले के बीच देश में चल रही गुस्से और क्षोभ की लहर में भाजपा ने जाति जनगणना का वो पत्ता आखिर ढूंढ़ निकाला जिसे चलकर वह दोनों मकसद साध सकती है।

भाजपा लोकसभा चुनाव के बाद से ही ओबीसी, दलित और मुस्लिम मतदाताओं को फिर से मंडल राजनीति की ओर लाने की कोशिशें कर रही थी। ज्यादातर राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव में उसे इस नयी पहल का लाभ भी मिला। अब बिहार चुनाव से ठीक पहले भाजपा ने जातीय ध्रुवीकरण को रोकने के लिए जातिगत गणना का दांव चल दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह कदम भाजपा के लिए बिहार और उप्र जैसे राज्यों में ट्रम्प कार्ड बन सकता है। इसीलिए बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में राजनीतिक मामलों की कैबिनेट कमेटी की बैठक में जाति जनगणना कराने का बड़ा फैसला लिया गया।

**सियासत**
- राष्ट्रभक्ति के वातावरण में यकायक राजनीति के तड़के से सब हैरान
- इसी सितंबर से शुरू हो सकती है जाति जनगणना, 27 में नतीजे
- कांग्रेस सहित विपक्ष को किया शस्त्रविहीन, अब नए मुद्दे खोजने होंगे विपक्ष को

मोदी सरकार अब अगली जनगणना में जातियों की भी गिनती करेगी। इस निर्णय के पीछे हिंदू एकता को कमजोर करने वाले किसी भी प्रयास को रोकने की मंशा भी नजर आ रही है। भाजपा और संघ लंबे समय से हिंदुओं को एकजुट रखने की कोशिश करते आए हैं और यह कदम उसी दिशा में उठाया गया है।

भाजपा ने जातिगत जनगणना कराने का फैसला कर विपक्ष के सबसे बड़े मुद्दे को ही हाईजैक कर लिया है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पिछले काफी समय से जातिगत जनगणना ■ शेष पेज 11 पर

# प्रदेश में अराजकता के खिलाफ सपा का प्रदर्शन



**रायबरेली, 01 मई (तरुणमित्र)।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देशानुसार समाजवादी पार्टी रायबरेली द्वारा जिला अध्यक्ष इं.वीरेन्द्र यादव की अगुवाई में सैकड़ों कार्यकर्ताओं द्वारा सुपर मार्केट से चलकर हाथों में झण्डे लेकर सरकार विरोधी नारे लगाते हुए कलेक्ट्रेट रायबरेली में धरना देकर महामहिम राष्ट्रपति को मजिस्ट्रेट के माध्यम से ज्ञापन देकर माँग किया कि उत्तरप्रदेश में जनता के उत्पीड़न, हत्या, लूट, महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार एवं अराजकता की घटनाएँ रोकी जाय। सपा सांसद रामजी लाल सुमन के साथ अलोकतांत्रिक व्यवहार सहित प्रदेश में हो रहे संविधान विरोधी कृत्यों पर सरकार की गलत नीतियों पर संविधान एवं लोकतंत्र की मजबूती की दिशा में ठोस निर्णय हो।धरने में बोलते हुए जिला अध्यक्ष इं.वीरेन्द्र यादव ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार के राज में प्रदेश में जंगलराज कायम है जहाँ एक तरफ अराजकतत्वों द्वारा सांसद रामजी लाल सुमन के आवास पर तोड़फोड़ एवं उनकी गाड़ियों पर जानलेवा हमला किया जा रहा विगत एक पखवारे से प्रतिदिन जान से मारने की धमकी दी जा रही परन्तु सरकार ऐसे अराजकतत्वों पर कोई कार्यवाही नहीं कर उन्हें संरक्षण दे रही है।

वहीं दूसरी तरफ रायबरेली जनपद के सलोन कोतवाली के अन्दर समाजवादी पार्टी कार्यकर्ता अविनाश यादव को पुलिस की मौजूदगी में विधायक अशोक कोरी एवं उनके 20-25 गुर्गो द्वारा बेरहमी से मारा पीटा गया विधायक के दबाव में उसे जेल भी भेज दिया परन्तु पुलिस के उच्च अधिकारियों को लिखित शिकायत के एक सप्ताह बाद भी पीड़ित अविनाश की एफआईआर नहीं लिखी गयी वह न्याय पाने के लिए विवश है।

विधायक श्याम सुंदर भारती ने कहा कि भाजपा दलित शोषित एवं संविधान विरोधी है प्रदेश सरकार का पोषित संगठन करणी सेना द्वारा सांसद रामजी लाल सुमन पर निरन्तर आक्रमण सामंती सोच का प्रतीक है। विधायक राहुल लोधी ने संबोधित करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पीडीए का नारा देकर समाज के शोषित, पीड़ित वर्ग के सम्मान एवं संविधान प्रदत्त अधिकार की लड़ाई मजबूती से लड़ रहें हैं जो प्रभुत्ववादी एवं वर्चस्ववादी समूह बर्दाश्त नहीं कर पा रहें हैं।इस अवसर पर वरिष्ठ नेता ओपी यादव, मुनेश्वर पासी, मो. अरशद खान, दिनेश यादव, डॉ. सुरेश निर्मल, शशिकांत शर्मा, उमाशंकर चौधरी, धनीराम मौर्य, हसीन अहमद, नदीम कासिम, मो. मुशीर, शुभम लोहिया, संदीप शुक्ला, जगदेव यादव, ब्रजेंद्र चौधरी, राकेश, योगेश्वर, पुत्तन, जेपी यादव, रज्जू खान, राजेंद्र यादव, मिश्रीलाल, राजेश, श्रवण, अरुण प्रताप, राजू यादव, सुरेश, सुरजीत सिंह, फहीम अहमद, सौरभ, अखिलेश, देशराज यादव, रामनरेश, आशीष चौधरी, आशीष यादव, उदय यादव, जितेन्द्र यादव, बबलू लोधी, शिवदुलारी यादव, रामनेवाज, जीतेन्द्र सिंह, अनुराग वर्मा, कृपा शंकर, समरबहादुर, वीरेन्द्र बहादुर, प्रमोद पटेल, शकील मंसूरी, कमरुद्दीन, इजहार खान आदि ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। धरना प्रदर्शन में प्रमुख रूप से रमेश मौर्या, रेहान काजियाना, इरफान सिद्दीकी, विन्देश्वरी पासी, मदन यादव, देवराज, हैशमैन खान, अरशद सुल्तान, अविनाश यादव, आदर्श यादव, लालजी पटेल,भानू पटेल, देशराज, विकास विश्वकर्मा, आशुतोष यादव, संतलाल, आनंद कुमार, अमित यादव, दिलीप अहिलवा, रामबाबू, आलोक यादव, चंद्रप्रकाश आजाद, कमलाकर विक्रमादित्य, अरुण, बालेन्द्र कुमार, अनिल यादव, रामबहादुर पासी, सगीर, अनूप, बालेन्द्र कुमार, राम कुमार रावत, आदर्श भारती, अमरजीत यादव, विनय यादव, पंकज गौतम, सिविन, सतीश यादव, सुरेंद्र, योगेंद्र, आशीष सोनी,सूरज चौरसिया,आशीष प्रजापति, जाफर इकबाल, राजेंद्र मौर्य, शिवबरन यादव, घनश्याम, आशुतोष, अजय, अखिलेध मौर्य, शत्रोहन लोधी, राजेंद्र बहादुर, अर्जुन आदि सैकड़ों लोग उपस्थित होकर विरोध प्रदर्शन किया।

# अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर 75 मजदूरों का कराया पंजीकरण



**कौशाम्बी, 01 मई (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी के निर्देशन में 01 मई 2025 को अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर विकास खण्ड परिसर, मंझनपुर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर एवं पूर्व जिलाध्यक्ष प्रेमचंद चौधरी उपस्थित रहें।

जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा जन समुदाय को संबोधित करते हुए संचालित विभागीय योजनाओं का लाभ लेने एवं श्रम विभाग में पंजीयन करने की अपील की गयी। कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत रू0-1500000/ की धनराशि का प्रमाण पत्र भी माननीय जिला पंचायत अध्यक्षा द्वारा वितरित किया गया। साथ ही लगभग 75 मजदूरों का पंजीकरण कराया गया, 40 मजदूरों का नवीनीकरण कराया गया, 80 मजदूरों का मोबाइल नंबर जोड़ा गया। श्रम प्रवर्तन अधिकारी द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को विभाग द्वारा संचालित समस्त योजनाओं के बारे मे विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी मंझनपुर, पीडी, बीडीओ सरसवा, बीडीओ मंझनपुर के साथ-साथ सेवायोजन विभाग से डॉक्टर सुग्रीव सिंह, विनोद कुमार सिंह, धर्मेंद्र सहायक तथा श्रम विभाग से धर्मेंद्र सिंह एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### सपा कार्यकर्ताओं ने दलित नेताओं पर हो रहे हमलों के विरोध में किया प्रदर्शन

**कौशाम्बी, 01 मई (तरुणमित्र)।** जिले के जिला मुख्यालय में समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा दलित नेताओं पर हो रहे हमलों के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया गया और कलेक्ट्रेट परिसर पहुचकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी मधुसूदन हुल्गी को सौंपा गया। समाजवादी पार्टी कार्यकर्ता कौशाम्बी सांसद पुष्पेंद्र सरोज के अगुवाई में सपा कार्यालय से लेकर कलेक्ट्रेट परिसर तक पैदलमार्च निकाल कर विरोध जताया गया। सपा कार्यकर्ताओं का आरोप है कि राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन को करणी सेना के द्वारा मिल रही धमकियां 27 अप्रैल को अलीगढ़ में उनके काफिले में हमला किया गया। जिसके पीछे संविधान विरोधी ताकतों का हाथ है जिन्हें सरकार संरक्षण दे रही है। समाजवादियों का आरोप है कि यह एक नेता पर हमला नहीं बल्कि भारतीय संविधान, लोकतंत्र और पीडीए पर हमलाहै। उत्तर प्रदेश कानून-व्यवस्था खत्म हो गई है। दलित पिछड़ा अल्पसंख्यक सभी को निशाना बनाया जा रहा है।

### संयुक्त अधिवक्ता संघ के चुनाव को ले हुआ मंथन

**लालगंज, प्रतापगढ़, 01 मई (तरुणमित्र)।** संयुक्त अधिवक्ता संघ के नौ मई को होने वाले चुनाव को लेकर गुरूवार को यहां लाइब्रेरी हाल में चुनाव समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए समिति के अध्यक्ष देवी प्रसाद मिश्र ने बताया कि आठ मई को दक्षता भाषण में प्रत्याशियों को वर्णमाला के क्रम में मौका दिया जाएगा। वहीं उन्होनें बताया कि मतदान के दिन तीन बूथ पर अधिवक्ता मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। बैठक में मत पत्रों के रिकार्ड पर चुनाव समिति के कम से कम तीन सदस्यों का हस्ताक्षर अंकित किया जाएगा। वहीं बैठक में समिति की ओर से सभी प्रत्याशियों से कहा गया है कि वह कोर्ट रूम में किसी भी प्रकार की प्रचार प्रसार सामाग्री का उपयोग नहीं करेंगे। बैठक का संचालन महामंत्री विकास मिश्र ने किया। समिति में यह भी निर्णय लिया गया कि मतदान के लिए अधिवक्ताओं को मत पत्र काउण्टर पर अपना मूल परिचय पत्र अनिवार्य किया गया है। इस मौके पर एल्डर कमेटी के अध्यक्ष राजेन्द्र मिश्र, संरक्षक वीरेन्द्र सिंह, कमलेश तिवारी, रामलगन यादव, संजय सिंह, घनश्याम सरोज, रमेश पाण्डेय, करूणाशंकर मिश्र, इरफान, राजेन्द्र विश्वकर्मा, प्रमोद सिंह मौजूद रहे।

### आगजनी में दो घरों की गृहस्थी खाक

**लालगंज, प्रतापगढ़, 01 मई (तरुणमित्र)।** चूल्हे की चिंगारी से घर में अचानक आग लग गयी। इससे दो घरों की गृहस्थी खाक हो गयी। वही गंभीर रूप से झुलसे एक बछड़ा की भी मौत हो गयी। लालगंज कोतवाली के रिसालपुर अलीपुर में राम आसरे सरोज के घर गुरूवार की सुबह खाना बनाते समय चूल्हे से निकली चिंगारी से आग लग गयी। इससे गृहस्थी का सामान जलकर नष्ट हो गया। वहीं आग की लपटें पडोसी फूलचन्द्र के घर भी पहुंच गयी। फूलचंद्र का भी घर का सामान जल गया। वही छप्पर में बंधा एक बछडा गंभीर रूप से झुलस गया। उसकी भी थोड़ी ही देर में मौत हो गयी। हालांकि परिजनों ने जान जोखिम में रखकर गाय को किसी तरह बाहर निकाल लिया। ग्रामीणों ने घंटो मशक्कत कर किसी तरह आग पर काबू पाया। आगजनी में दोनों दलित परिवारों को काफी नुकसान हुआ है।

### मजदूर दिवस पर श्रमिकों का सम्मान, कानूनी अधिकार की दी गई जानकारी

**प्रतापगढ़, 01 मई (तरुणमित्र)।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के प्लान ऑफ एक्शन के अंतर्गत जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अब्दुल शाहिद के आदेशानुसार अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुमित पंवार के कुशल निर्देशन में विश्व मजदूर दिवस के अवसर पर रानीगंज नगर पंचायत कार्यालय सभागार में तहसीलदार रानीगंज अजय संतोषी के अध्यक्षता में कानूनी जागरूकता एवं श्रमिक सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर लोगो को संबोधित करते हुए तहसीलदार ने कहा कि मजदूरों की मेहनत ही विकास की बुनियाद है सरकारी एवं गैर सरकारी उद्योगों में बड़ी संख्या में श्रमिक कार्य करते हैं सरकार द्वारा मजदूरों के कल्याणार्थ अनेक योजनाएं संचालित हैं जागरूकता के अभाव में लोग योजनाओं से वंचित हो जाते हैं लोगो को उनके कानूनी अधिकार एवं उसका लाभ प्राप्त हो, शोषण के खिलाफ श्रमिको को न्याय मिल सके इसके लिए विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जनजागरूकता शिविर का आयोजन किया जाता है, कोई भी व्यक्ति प्राधिकरण में निःशुल्क कानूनी सहायता प्राप्त कर सकता है ।पीएलवी महेंद्र कुमार त्रिपाठी ने बाल सेवा योजना, महिला उत्पीड़न, बाल श्रम, वैवाहिक विवाद समाधान विषय पर जानकारी दी। पीएलवी दिनेश कुमार मिश्र ने लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित किए जाने वाले मामलो के बारे में विस्तार से बताया। पीएलवी सुरेंद्र कुमार सरोज ने रानीगंज तहसील में संचालित लीगल एड क्लीनिक के कार्यों और उद्देश्य को बताया।

### पुरानी पेंशन बहाली की माँग को ले धरने पर बैठे शिक्षक

**अमेठी, 01 मई (तरुणमित्र)।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ प्रांतीय कार्यसमिति की 18 अप्रैल 2025 को लिये गये निर्णय के क्रम में उत्तर प्रदेशीय प्रा० शि०संघ जनपद-अमेठी के जिलाध्यक्ष अशोक कुमार मिश्र के आह्वान पर गुरुवार को जिला बेसिक शिक्षा कार्यालय गौरीगंज



जनपद अमेठी में दोपहर 12:00 बजे से विशाल धरना प्रदर्शन अपरान्ह 3:00 बजे तक किया गया। तत्पश्चात समस्त शिक्षक कार्यालय जिलाधिकारी अमेठी पहुंचकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी अमेठी के माध्यम से प्रेषित किया गया। ज्ञापन में प्रमुख मांगे 01अप्रैल 2005 के बाद नियुक्त शिक्षकों को पुरानी पेंशन से आच्छादित किया जाना, वि० बी०टी० सी० 2004 एवं बी०टी० सी० 2001 के तहत नियुक्त शिक्षकों को भी पुरानी पेंशन से आच्छादित किया जाना, 10 वर्ष की सकुशल सेवा कर चुके शिक्षकों को चयन वेतनमान का लाभ प्रदान करना, 12 वर्ष की सेवा कर चुके शिक्षकों (एक पद पर) के प्रोन्नत वेतनमान का लाभ, सभी शिक्षकों को अंतर्जनपदीय स्थानान्तरण का लाभ, आकांक्षी जनपदों के कार्यरत शिक्षकों को लाभ प्रदान करना, अन्तर्जनपदीय स्थानान्तरण का लाभ 20 प्रतिशत भारांक के साथ शिक्षकों को भी अन्तर्जनपदीय स्थानान्तरण का लाभ देना, दिव्यांग भत्ता बहाली. 2014 के बाद नियुक्त शिक्षकों को सामूहिक बीमा का लाभ प्रदान करना तथा धनराशि 01 लाख से बढ़ाकर रुपये 10 लाख करना, प्रेरणा पोर्टल पर व्याप्त खामियों को अपडेट करना, विद्यालय समय परिवर्तन, आधार कार्ड संशोधन की बाध्यता तथा पदोन्नति सहित कुल 14 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन प्रेषित किया गया। धरने में शिक्षकों को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अशोक कुमार मिश्र ने कहा कि एक देश में दो विधान/नियम लागू करना न्यायसंगत नहीं है।

## डीएम की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति 'शासी निकाय' की बैठक सम्पन्न

**सुलतानपुर, 01 मई (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी कुमार हर्ष की अध्यक्षता, मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक व मुख्य चिकित्सा अधिकारी भारत भूषण की उपस्थिति में जिला स्वास्थ्य समिति, शासी निकाय की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गयी, जिसमें राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत जनपद में स्वास्थ्य से सम्बन्धित संचालित कार्यक्रमों की गहन समीक्षा की गयी।

जिलाधिकारी द्वारा सभी सीएचसी अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) की ए.एम.एस. एप के माध्यम से प्रतिदिन उपस्थिति दर्ज कराना सुनिश्चित करें। यदि एप में तकनीकी समस्या आती है, तो प्रत्येक सी.एच.ओ. तत्काल इसकी सूचना अधीक्षक को देना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि एएमएस एप के तकनीकी समस्या का निस्तारण करायें। बैठक मे निर्देशित किया गया कि डीवीडीएमएस पोर्टल पर जिन सीएचओ द्वारा इन्डेन्ट कम किया गया है, ऐसे सीएचओ की समीक्षा करते हुये अधीक्षक यह सुनिश्चित करें कि सम्बन्धित स्वास्थ्य इकाई पर पर्याप्त मात्रा में दवाएं उपलब्ध रहें। डीएम द्वारा निर्देशित किया गया कि सामु.स्वा. केन्द्र अखण्डनगर, धनपतगंज, मोतिगरपुर व पीपी कमैचा में सीएचओ द्वारा ई. संजीवनी ओपीडी जनपद औसत से कम की गयी है। उन्होंने निर्देशित किया कि सम्बन्धित अधीक्षक ऐसे सीएचओ को चिन्हित करते हुये ई. संजीवनी ओपीडी में सुधारात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दें।

# वंचितों व पिछड़ों के हक के लिए जाति गणना का शीघ्र समय तय करे सरकार-प्रमोद



**लालगंज, प्रतापगढ़, 01 मई (तरुणमित्र)।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने जाति जनगणना को लेकर मोदी सरकार के देर आये फैसले को जनता के लम्बे संघर्ष की जीत करार दिया है। उन्होनें कहा कि कांग्रेस और इण्डिया गठबंधन ने काफी समय से लगातार सामाजिक संरचना की मजबूती के लिए जातिवार जनगणना के मुददे पर हर फोरम पर मजबूती से उठाया।

उन्होनें कहा कि लोक सभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की जाति जनगणना को लेकर आवाज राष्ट्रीय मुददा बन गयी। कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि चौतरफा घिरी मोदी सरकार अपनी नीति और नियत में खोट को दुरूस्त कर इसे सिर्फ घोषणा तक सीमित न रखें। उन्होनें कहा कि सरकार बताये कि वह जल्द से जल्द कब तक जाति जनगणना की शुरूआत करते हुए इसे कानूनी मान्यता प्रदान कर सकेगी।

उन्होनें कहा कि संसद में राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सरकार पर जातिगत जनगणना को लेकर जबाबदेही की लगातार घेराबंदी कर रखी थी। ऐसे मे बकौल राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी मंहगाई तथा बेरोजगारी व पहलगाम में राष्ट्रीय सुरक्षा के मुददे पर घिरी मोदी सरकार का जाति गणना को लेकर जन आंदोलन के सामने मजबूरी में कदम है।

उन्होनें कटाक्ष किया कि संसद में कांग्रेस और इण्डिया गठबंधन जब भी वंचितों और पिछड़ों को उनका वाजिब हक दिलाने के लिए इस राष्ट्रीय मुददे पर सरकार से जबाबदेही की मांग किया करते रहे भाजपा और उसके मंत्री सामाजिक न्याय के मुददे पर असंवेदनशीलता भरे बयान देते आये हैं। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि कांग्रेस ने इसी बीते नौ अप्रैल को अहमदाबाद के पार्टी अधिवेशन में जाति जनगणना को लेकर संकल्प प्रस्ताव पारित किया था।

उन्होनें कहा कि उस संकल्प प्रस्ताव की मजबूती को लेकर सरकार का यह कदम कांग्रेस कार्यकताओं के संघर्ष की भी जीत है। उन्होनें सरकार से कहा कि वह महिला आरक्षण को लेकर की गयी घोषणा की तरह जातिगत जनगणना को भी महज घोषणा तक सीमित रखने से परहेज करें। उन्होनें स्पष्ट कहा कि सरकार को जल्द से जल्द जातिगत जनगणना की शुरूआत की तिथि का भी ऐलान करना चाहिए। वहीं राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि पहलगाम की आतंकवादी घटना को लेकर पूरा विपक्ष सरकार को एकमुश्त समर्थन दिये हुए है।

# राहुल गांधी से मिला मान्यता प्राप्त पत्रकारों का प्रतिनिधि मंडल



### रेल यात्रा में छूट समेत कई मागों से अवगत कराया

**रायबरेली, 01 मई (तरुणमित्र)।** सांसद राहुल गांधी से मान्यता प्राप्त पत्रकारों का एक प्रतिनिधिमंडल मिलकर पत्रकारों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। कोरोना काल से मान्यताप्राप्त पत्रकारों के रेल यात्रा टिकट पर मिल रही छूट को रोक दिया गया था। जिसको लेकर सांसद राहुल गांधी से पत्रकारों ने पुनः चालू कराए जाने की मांग की है। रेलवे को भारी नुकसान को बताते हुए बंद हुई रेलवे छूट पास की योजना अब तक शुरू नहीं हो पाई है। रेलवे की तरफ से पत्रकारों को मिलने वाली रियायत बंद किए जाने पर रायबरेली में मान्यता प्राप्त पत्रकारों को एक डेलिगेशन राहुल गांधी से मिला।

संसद में विपक्ष के नेता और जिले के सांसद से मिलकर पत्रकारों ने फिर से रेल टिकट यात्रा में छूट पास की योजना को शुरू करने की मांग की है।

विपक्ष के नेता के जिले में प्रवास के दौरान मिले मान्यता प्राप्त पत्रकारों के प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि मान्यता प्राप्त पत्रकारों को रेल यात्रा के दौरान मिलने वाली छूट की योजना को बंद कर दिया गया है। यह स्कीम रेलवे ने कोरोनकाल के दौरान घाटे को देखते हुए बंद की थी। सांसद राहुल गांधी से मान्यता प्राप्त पत्रकारो ने मांग की है कि रेलवे में पत्रकारों को पुनः दी सुविधाएं जाय। कोविड काल के पहले जैसी सुविधाएं रेलवे मान्यता प्राप्त पत्रकारों को देता था अब वैसी ही पुनः वह व्यवस्था उपलब्ध करवाने की मांग की है। पत्रकारों ने बताया कि कोविड के पूर्व ट्रेन में मान्यता प्राप्त पत्रकारों को 50 प्रतिशत किराए में छूट मिलती थी। इसके साथ ही पत्नी को वर्ष में दो बार रेलवे से यात्रा कराने पर 50 प्रतिशत की छूट दी जाती थी अब वह भी पूरी तरह से बंद कर दी गई है। पत्रकारों के इस गंभीर मुद्दे को सांसद राहुल गांधी ने सदन में उठाने की बात कही है। साथ ही पीएम नरेंद्र मोदी व रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से पत्राचार करने का आश्वासन भी दिया। वहीं, इसी मुद्दे को लेकर गुरुवार को मान्यता प्राप्त पत्रकारों का समूह स्वतंत्र राज्यमंत्री से भी मिला। पत्रकारों ने उनसे भी सदन से लेकर रेलवे मंत्रालय तक को इस सूचना से अवगत कराने की मांग की है।

## मोटराइज्ड दोना मेकिंग मशीन का लाभ लेने को 20 मई तक करें आवेदन

**प्रतापगढ़, 01 मई (तरुणमित्र)।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी नन्द लाल पटेल ने बताया है कि उप्र खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा खादी नीति के अन्तर्गत मोटराइज्ड दोना मेकिंग मशीन के निःशुल्क वितरण हेतु 10 लाभार्थियों को वित्तीय वर्ष 2025-26 अन्तर्गत लक्ष्य निर्धारित किया गया है। फार्म भरने के पंजीकरण प्रक्रिया आनलाइन है जो बोर्ड की वेबसाइट की आनलाइन सेवाओं के अन्तर्गत आनलाइन टूलकिट्स पंजीकरण एवं आवंटन के नाम से अपलोड किया जायेगा। इस योजना का लाभ परम्परागत कारीगर एवं स्वरोजगार में रूचि रखने वाले अन्य व्यक्ति भी आवेदन कर सकते है। लाभार्थियों का चयन, चयन कमेटी के माध्यम से किया जायेगा।

## वैक्सीन प्रिवेंटेबिल डिजीजेस की रीयल टाइम डिजिटल सर्विलांस किया गया प्रारंभ

**अमेठी, 01 मई (तरुणमित्र)।** जनपद में वैक्सीन प्रिवेंटेबिल डिजीजेस की रीयल टाइम डिजिटल सर्विलांस प्रारंभ किया गया। 01 मई से जनपद में यूनीफाइड डिजीज सर्विलान्स पोर्टल (यूडीएसपी) पर वैक्सीन प्रिवेन्टेबिल डिजीजेस (वीपीडी) का डिजिटल सर्विलान्स शुरू किया जायेगा। यह पहल, रीयल टाइम केस रिपोर्टिंग, सटीक और विश्वसनीय डेटा संग्रह को सक्षम करेगी। इससे रोगों के प्रकोपों का शीघ्र पत्ता लगाया जा सकेगा, ताकि त्वरित गति से प्रभावी रणनीतियां तैयार कर उनका क्रियान्वयन किया जा सके। वैक्सीन से रोकी जा सकने वाली 6 बीमारियों पोलियो माइलाइटिस (एक्यूट प्लेसीड पैरालिसिस), खसरा, रूबेला, डिप्थीरिया, पर्टुसिस और टिटनेस के लिए केस बेस्ड सर्विलांस, विश्व स्वास्थ्य संगठन के राष्ट्रीय सार्वजनिक स्वास्थ्य सहयोग नेटवर्क (एनपीएसएन) के सहयोग से यूनिवर्सल टीकाकरण कार्यक्रम के तहत चल रही है।

अब पहली बार इस निगरानी को यूडीएसपी में इंटीग्रेट किया जाएगा। यह उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कोविड-19 के बाद विकसित एक राज्य के स्वामित्व वाला डिजिटल प्लेटफॉर्म है। इसका उद्देश्य राज्य के लिए एकीकृत निगरानी प्रणाली के रूप में कार्य करना है। ऐसा प्लेटफॉर्म विकसित करने वाला यूपी देश का पहला राज्य है। इसे शुरू में मई 2023 में 12 अधिसूचित रोगों के लिए लॉन्च किया गया था और तब से यह बड़े पैमाने पर क्रियाशील है।

## राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय की सुविधाओं पर दें विशेष ध्यान : डीएम

**कौशाम्बी, 01 मई (तरुणमित्र)।** जिले में जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की अध्यक्षता में एन0आई0सी0 कार्यालय कक्ष में सोशल सेक्ट्रर की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों में सभी अधिकारियों को निरीक्षण करने के निर्देश दिए और कहा कि वहॉ पर हॉस्टल की सुविधाओं एवं पढाई की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाय। उन्होंने कहा कि राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों के अन्तर्गत कार्यरत सभी प्रकार की शिक्षकों को मेंटर द्वारा प्रशिक्षित किया जाय, जिससें शिक्षकों के शैक्षणिक दक्षता में वृद्धि एवं आधुनिक तकनीक शिक्षा पद्धतियों के ज्ञान में अभि वृद्धि हो सकें। उन्होंने कहा कि इन विद्यालयों में इन्फ्रास्ट्रक्चर में जो भी कमियॉ हो गर्मी की छुट्टी में ही सही करा लें एवं विशेष रूप से शौचालयों पर विशेष घ्यान दें। विद्यालयों में कितने नये बच्चों का एडमिशन हुआ है, उसकी जानकारी अवश्य उपलब्ध करायें।

इन विद्यालयों में बच्चे कम्प्यूटर का प्रयोग अवश्य करें, इसका ध्यान रखा जाय। बच्चों को नीट एवं जेई की तैयारी करायें। विद्यालयों में जो भी अधिकारी निरीक्षण करें, तो वे बच्चों को दिये जा रहें खाने की गुणवत्ता को अवश्य चेक करें। उन्होंने कहा कि आश्रम पद्धति विद्यालयों में पैरेंट्स टीचर मीटिंग जरूर हो, साथ ही इसका व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाय। अभिवावकों को अच्छे से जानकारी दें, कि विद्यालयों में पढाई का स्तर क्या है, आपका बच्चा पढाई में कैसा है, इसकी जानकारी दें।

## भारतीय रेल के लिए होगी डिजिटल क्लॉक डिजाइन प्रतियोगिता, विजेता को मिलेगा पांच लाख रुपये इनाम

**प्रयागराज, 01 मई (तरुणमित्र)।** भारतीय रेल ने देश के सभी स्टेशनों पर नए डिजाइन के डिजिटल क्लॉक लगाने की योजना बनाई है। जिसके लिए डिजाइन बनाने हेतु एक राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। चयनित डिजाइन बनाने वाले किसी एक विजेता को पांच लाख रुपए का प्रथम पुरस्कार दिया जाएगा। यह जानकारी वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी अमित मालवीय ने गुरूवार को दी। उन्होंने बताया कि रेलवे बोर्ड से प्राप्त सूचना के अनुसार सभी स्टेशनों की डिजिटल घड़ियों को मानकीकृत करने के लिए यह प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है, जिसके तहत पेशेवर, कॉलेज एवं यूनिवर्सिटी स्टूडेंट तथा स्कूली छात्रों के लिए तीन अलग-अलग श्रेणियां बनाई गई हैं।

# अल्ट्रासाउंड सेवा बंद होने पर जनकल्याण समिति का विरोध प्रदर्शन

**अमेठी, 01 मई (तरुणमित्र)।** जिला अस्पताल में पिछले एक महीने से बंद पड़ी अल्ट्रासाउंड मशीन को लेकर आज जनकल्याण समिति ने जजोरदार विरोध प्रदर्शन किया। जन कल्याण सेवा समिति की अध्यक्ष रीता सिंह के नेतृत्व में दर्जनों महिलाएं हाथों में डंडा लेकर जिला अस्पताल पहुंचीं और स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की।

इस दौरान मौके पर मौजूद एसएमएस ने जल्द से जल्द अल्ट्रासाउंड मशीन को चालू करवाने की बात कही। दरअसल अमेठी के जिला अस्पताल में अल्ट्रासाउंड मशीन पिछले एक महीने से खराब है जिस कारण मरीजों को महंगे दामों में बाहर से अल्ट्रासाउंड करना पड़ रहा है। इसके अलावा जिला अस्पताल में ट्रेनिंग करने के पूरी होने के बाद भी मेडिकल के छात्र अनधिकृत रूप से अस्पताल में मौजूद रहते हैं।

इसी को लेकर आज महिला जनकल्याण सेवा संस्थान की अध्यक्ष रीता सिंह के नेतृत्व में लाठी डंडों से लैस बड़ी संख्या में महिलाओं ने जोरदार प्रदर्शन किया।रीता सिंह ने बताया कि अस्पताल में अल्ट्रासाउंड सेवा बंद होने से गर्भवती महिलाओं व जरूरतमंद मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मरीजों को प्राइवेट जांच केंद्रों का सहारा लेना पड़ रहा है, जिससे गरीब तबके पर आर्थिक बोझ पड़ रहा है। उन्होंने कहा अमेठी के अन्य अस्पतालों में भीड़ इतनी होती है कि 11 बजे तक मरीजों को लौटा दिया जाता है। जिला अस्पताल में स्टाफ की गैरमौजूदगी का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है।

अगर स्टाफ छुट्टी पर है तो वैकल्पिक व्यवस्था की जानी चाहिए। वहीं महिलाओं के प्रदर्शन को देखते हुए मौके पर पहुंचे सीएमएस बद्री प्रसाद अग्रवाल ने जल्द से जल्द अल्ट्रासाउंड मशीन चालू करवाने का आश्वासन देते हुए महिलाओं को शांत कराया।

# जिलाधिकारी ने की राष्ट्रीय पोषण मिशन की समीक्षा बैठक



**कौशाम्बी, 01 मई (तरुणमित्र)।** जिले में जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा उदयन सभागार में राष्ट्रीय पोषण मिशन, ईकेवाईसी बेरीफिकेशन, आधार बेरीफिकेशन, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, होम विजिट, आईजीआरएस, बीएचएसएनडी, उपस्थिति एवं ऑगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने नगर पंचायत चरवा में ऑगनबाड़ी केन्द्र निर्माण के लिए 8 केन्द्रों का चिन्हांकन न किये जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि शनिवार तक किसी भी हाल में चिन्हांकन का कार्य पूर्ण कराकर कार्य चालू करायें। उन्होंने नगर पंचायत पूरब पश्चिम शरीरा में 3 ऑगनबाड़ी केन्द्रों का चिन्हांकन होने के बावजूद भी कार्य न चालू होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए ऑगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य तत्काल चालू कराने का निर्देश कार्यदायी संस्था को दियें।

उन्होंने ऑगनबाड़ी केन्द्रों में पोषण ट्रैकर पर बच्चों की उपस्थिति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने सीडीपीओ एवं सुपरवाइजरों को ऑगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों की उपस्थिति 80 प्रतिशत तक बढ़ाये जाने के निर्देश दियें। उन्होंने मुख्य सेविकाओं से कहा कि आप सभी ध्यान दें कि सभी ऑगनबाड़ी केन्द्र समय से खुलें।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आप लोगां द्वारा निरीक्षण के दौरान जो भी केन्द्र बंद पाये गये हैं एवं ऐसे केन्द्रों का चिन्हांकन करें जो अक्सर बंद रहते है। अब जब भी निरीक्षण करें तो सबसे बहले बंद रहने वाले केन्द्रों पर जायें एवं वहॉ पर स्वयं गर्भवती महिलाओं एवं बच्चां का वजन कराकर एनसीपी कार्ड मे दर्ज करायें तथा ऑगनबाड़ी कार्यकत्रियों को मोटीवेट भी करें।

जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आप सभी की मेहनत जनपद में दिखाई देने लगी है। अब हमें विद्यालयां में बच्चां की उपस्थिति एवं शिक्षा की गुणवत्ता पर ध्यान देते हुए कार्य करना होगा। उन्होंने सभी सुपरवाइजरों से कहा कि सर्घषशील ऑगनबाड़ी कार्यकत्रियों को लगातार प्रशिक्षित करते हुए उन्हें प्रेरित कर उनके व्यवहार परिवर्तन का प्रयास करना चाहिए जब भी आप होम विजिट करें यह सुनिश्चित करें तो उस घर का बच्चा ऑगनबाडी जरूर आयें। सभी सुपरवाईजर पोषण ट्रैकर पर बच्चों की उपस्थित जरूर दर्ज हो जिन ऑगनबाडी कार्यकत्री को पोषण ट्रैकर न चलाना आता हो तो उसे ऐसी ऑगनबाडी कार्यकत्रियों को चिन्हित कर ब्लाक स्तर पर प्रशिक्षण दिया जाय। सभी सीडीपीओं एवं सुपरवाईजर यह सुनिश्चित करें कि सभी ऑगनबाडी केन्द्रों में निर्धारित स्लेबस के हिसाब से ही पढाई हो।

उन्हांने सभी सीडीपीओ एवं सुपरवाइजरों से कहा कि आप सभी जानते है ऑगनबाडी केन्द्र बच्चों की शिक्षा की नीव है। सरकार ने नीव बनाने का काम आपको सौपा है, इसको पूरे इमानदारी के साथ निभायें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव एवं मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 संजय कुमार सहित अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहें।

### जातिगत जनगणना से देश की सूरत बदलेगी : पीयूष रंजन

**प्रयागराज, 01 मई (तरुणमित्र)।** करछना से भाजपा विधायक पीयूष रंजन निषाद ने मोदी सरकार के जातिगत जनगणना कराने के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा है कि जातिगत जनगणना एक महत्वपूर्ण उपकरण है, जो देश की सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक स्थिति को समझने में मदद करेगा। इससे सरकार को बेहतर नीतियां बनाने और योजनाओं को लागू करने में मदद मिलेगी। जिससे देश की सूरत बदलेगी। उन्होंने आगे कहा कि केंद्र सरकार हर निर्णय गरीब कल्याण के उद्देश्य से लेती है।

# आमजन को मिले सरकारी योजनाओं का लाभ: अरविन्द

**शाहजहांपुर, 01 मई (तरूणमित्र)।** ददरौल विकास खण्ड में कल्याण सेक्टर शिविर के माध्यम से समाज कल्याण, महिला कल्याण, दिव्यांगजन कल्याण, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा कैम्प लगाकर पात्र व्यक्तियों का रजिस्ट्रेशन कराकर योजनाओं की जानकारी दी गयी।

इस मौके पर ददरौल विधायक अरविन्द सिंह ने चारो विभागों के बारे में विस्तार पूर्वक योजनाओं को बताया, उन्होंने लोगों को सम्बोधित करते हुये कहा कि जब से हमारी सरकार बनी है तब से गरीब व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है। पूर्ववर्ती सरकारों ने गरीबो को योजनाओं का जो पैसा आता था उसका बन्दरबांट हो जाता है। हमारी सरकार में समाज कल्याण विभाग द्वारा राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, पारिवारिक लाभ योजना चाहे, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की धनराशि 50 हजार से बढ़ाकर 1 लाख रू0 तक करने का हो, चाहे छात्रवृत्ति

कैम्प लगाकर पात्र व्यक्तियों का किया गया रजिस्ट्रेशन



एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना, अनुसूचित जाति छात्रावास का संचालन हो, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना या फिर वृद्धाश्रमों का संचालन निष्पक्षता पूर्वक किया जा रहा है। दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा लगातार लोगो को दिव्यांग पेंशन का लाभ मिल रहा है। इस मौके पर पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की संचालित योजनाओं के बारे में भी प्रकाश डाला, शादी अनुदान, कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना की संचालित योजनाओं से लोगो को लाभ मिल रहा है। महिला कल्याण की योजनाये जो चल रही उससे महिलाओं के कल्याण में सुधार हुआ है। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण अजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण मिशन या फिर रानी लक्ष्मीबाई बाल एवं महिला सम्मान कोश या फिर प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना हो, इन सबसे महिलाओं के कल्याण के लगातार भाजपा सरकार में कार्य हो रहे है। इस मौके पर समाज कल्याण अधिकारी, पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी ददरौल, ब्लॉक प्रमुख मुनेश्वर दयाल वर्मा, ग्राम पंचायत अधिकारी, हरजीत सिंह चैहान, पूर्व मण्डल अध्यक्ष भगवानदीन कनौजिया आदि लोग मौजूद थे।

## महापौर ने दिलाजाक में सुनी समस्याएं

**शाहजहांपुर, 01 मई (तरूणमित्र)।** महापौर श्रीमती अर्चना वर्मा द्वारा वार्ड नं0-20 दिलाजाक में 'महापौर जनता के द्वार' कार्यक्रम में वार्डवासियों की समस्याओं को घर-घर जाकर सुना गया व वार्ड का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था को देखा गया। महापौर श्रीमती अर्चना वर्मा द्वारा वार्ड का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय वार्ड की सफाई व्यवस्था ठीक पायी गयी। निरीक्षण के दौरान वार्ड में स्वच्छता कर्मियों की उपस्थित दर्ज की गयी व सख्त निर्देश दिए गए कि सफाई से सम्बंधित कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। वार्डवासियों द्वारा बताई गयी समस्याओं में सर्वप्रथम नाली, नाले का पुनर्निर्माण था। वार्ड में जगह-जगह पर लगे हैंड पंप बंद पाए जाने पर मौके पर उपस्थित नगर आयुक्त से वार्ता कर तत्काल ठीक कराये जाने हेतु दिशा निर्देश दिए।

# एक राष्ट्र एक चुनाव भारतवर्ष के लिए लाभप्रद: द्विवेदी

**पुवायां/शाहजहांपुर, 01 मई (तरूणमित्र)।** एक राष्ट्र एक चुनाव के अंतर्गत युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रांशु दत्त द्विवेदी ने एक राष्ट्र एक चुनाव के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए एक चुनाव से देश को होने वाले लाभों को बताया।

क्षेत्र के गांव सुनारा बुजुर्ग के प्रधान पति विमलेश पांडे के आयोजन में युवा सम्मेलन का आयोजन गांव के बाजार परिसर में किया गया। सर्वप्रथम युवा सम्राट प्रदेश अध्यक्ष प्रांशु दत्त द्विवेदी का कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। जिसके बाद कार्यक्रम संचालक आदित्य सिंह चैहान ने सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। जिसके बाद प्रदेश अध्यक्ष प्रांशु दत्त द्विवेदी ने एक राष्ट्र एक चुनाव के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव पूरे भारतवर्ष के लिए लाभप्रद है। देश में जब एक चुनाव होगा तो बार बार होने वाले चुनावों पर होने वाला खर्चा बचेगा साथ सभी का कीमती समय बचेगा। जिसके बाद उन्होंने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस के राजीव गांधी कहते थे कि जनता के लिए जो लाभ भेजा जाता है उसमें मात्र 20 फीसदी जनता को उसका लाभ जनता तक पहुंच पाता है। जिसको मोदी सरकार ने बदल दिया। अब जनता को मिलने वाले लाभ अब सीधे जनता को प्राप्त होता है।

इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष प्रांशु दत्त द्विवेदी, जिलाध्यक्ष के सी मिश्रा, प्रदेश उपाध्यक्ष सोनू बाल्मीकि, युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष रोहित सिंह,महानगर उपाध्यक्ष मोहित श्रीवास्तव, सुनारा बुजुर्ग प्रधान मीरा देवी के पति विमलेश पांडे, चेना रूरियां के मंडल अध्यक्ष विकास पांडे, कैब्रिज कान्वेंट स्कूल के सह डायरेक्टर विनायक अग्रवाल, आदित्य सिंह चैहान, दिनेश अवस्थी अभिषेक मिश्रा , रज्जन मिश्रा, कार्यक्रम संयोजक अंकित भदौरिया आदि मौजूद रहे।

# तनाव, चिंता और अवसाद को कम करने में मदद करता है योग: राजीव

**रामपुर, 01 मई (तरूणमित्र)।** आयुष विभाग रामपुर द्वारा क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. हरिओम के निर्देशन में योग महाकुंभ 2025 की तैयारी को लेकर सिविल लाइंस स्थित श्री गुरु गोविंद सिंह पार्क में योग शिविर का आयोजन किया गया।आयुष्मान आरोग्य मंदिर राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय नगर के योग प्रशिक्षक राजीव कुमार ने योग करने के लाभ के बारे में बताया।



उन्होंने कहा योग करने से मांसपेशियां मजबूत होती हैं, लचीलापन बढ़ता है और शरीर में संतुलन बना रहता है। योग तनाव, चिंता और अवसाद को कम करने में मदद करता है। योग से अच्छी नींद आती है,वजन कम होता है और रक्तचाप नियंत्रित रहता है।अपनी दिनचर्या में योग को शामिल करें। उत्तम स्वास्थ्य के लिए योग और प्राणायाम करें। भस्त्रिका कपाल भांति अनुलोम विलोम भ्रामरी ताड़ासन, वृक्षासन पादहस्तासन, कटि चक्रासन, शशक आसन, मंडूकासन, वक्रासन, सेतुबंधासन, पवनमुक्तासन, उत्तानपादासन, हलासन आदि योगासन कराए।

# निपुण सम्मान समारोह में तीन खंड शिक्षा अधिकारी सम्मानित

**हरदोई, 01 मई (तरूणमित्र)।** विकास भवन सभागार में निपुण सम्मान समारोह का आयोजन मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से किया गया।

कार्यक्रम में जनपद के निपुण घोषित किए गए पांच विकास खंड के खंड शिक्षधिकारियों एवं 1311 विद्यालयों में से प्रति विकास खंड 5 विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को प्रशस्ति पत्र,अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सम्मानित किए गए शिक्षकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई तथा जनपद को निपुण जनपद के रूप में



विकसित किए जाने हेतु सतत प्रयास किए जाने के निर्देश प्रदान किए गए।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विजय प्रताप सिंह द्वारा जनपद की शैक्षिक गुणवत्ता के सम्बन्ध में जानकारी दी गई। प्राचार्य डायट योगेंद्र सिंह भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में 80% निपुण विद्यालयों के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विकास खंड भरावन व संडीला के खण्ड शिक्षा अधिकारी डॉ बृजेश कुमार त्रिपाठी, कोथावां की खण्ड शिक्षा अधिकारी श्रीमती प्रभावती तथा बावन के खण्ड शिक्षा अधिकारी रामकुमार द्विवेदी को प्रशस्ति पत्र एवं अंग वस्त्र देकर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन एस.आर.जी. आशीष कुमार मिश्र द्वारा किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में जिला समन्वयक (प्रशिक्षण) दिलीप शुक्ला, अभय सिंह, सचिन मिश्रा, रजनीश देवल, विवेक मिश्रा, अनिल कुमार सिंह, मयंक सिंह व शैलेन्द्र कुमार ने अपना योगदान दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**हरपालपुर/हरदोई, 01 मई (तरूणमित्र)।** सांडी थाना क्षेत्र के बम्हटापुर-चिल्लौर गांव निवासी एक युवक की बुधवार की रात संदिग्ध परिस्थितियों में हालत बिगड़ गयी। परिजन उसे सीएचसी हरपालपुर ले गये।वहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

सांडी थाने के बम्हटापुर-चिल्लौर गांव निवासी श्यामू 38 वर्ष पुत्र जगदीश जयपुर में प्राइवेट फैक्ट्री में काम करता था। करीब 10 दिन पूर्व जयपुर से गांव आया था। बुधवार की रात संदिग्ध परिस्थितियों में हालत विगड गई। परिजनो ने उसे फानन-आनन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।वहां चिकित्सक ने युवक को मृत घोपित कर दिया। दम तोड़ दिया।चिकित्सक की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के परिवार में पत्नी पूना के अलावा दो बच्चे हैं। जयपुर में पत्नी को पति की मौत की खबर मिलते ही वह फूट-फूट कर रोने लगी। प्रभारी निरीक्षक बालकृष्ण मिश्र ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद कार्रवाई की जायेगी

### काम की जगह खिलवाड़ कर रहे आधिकारी

**खुटार/शाहजहांपुर, 01 मई (तरूणमित्र)।** नगर पंचायत खुटार में बाबू समेत कई कर्मचारी कई वर्षों से कुर्सियो में जमे हुए हैं कई सालों से उनका स्थानांतरण भी नहीं हुआ है सायद नगर पंचायत में सरकार की स्थानांतरण की नियमावली प्रभावी नहीं होगी लेकिन यह लोग नगर खुटार के निवासी हैं तो नगर के कार्यों में प्रभाव भी अवस्य डाल रहे होंगे लेकिन जिम्मेदार आधिकारी इस ओर या तो ध्यान नहीं दे रहे हैं या जानबूझकर अंजान बने हुए हैं। अभी कुछ वर्ष पूर्व चर्चा में आया था कि नगर पंचायत में कार्यरत एक बाबू ने अपनी जगह के साथ साथ सरकारी जमीन भी बेंच दी शिकायते भी हुईं लेकिन मामला सुलटा लिया गया।

### करंट से युवक झुलसा

**हरपालपुर /हरदोई, 01 मई (तरूणमित्र)।** कोतवाली क्षेत्र के सूरजूपुर गांव मे एक युवक हाईटेंशन लाइन के खंभे पर चढ़कर विजली लाइन को सही कर रहा था। तभी उसके करंट लग गया। जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया है।एंबुलेंस से उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। कोतवाली क्षेत्र के सूरजूपुर गांव निवासी अनिल 35 पुत्र सुरेंद्र वृहस्पतिवार को अपने गांव मे हाई टेंशन लाइन के विजली पोल पर चढ़कर फाल्ट ठीक कर रहा था। तभी अचानक विजली आ जाने से उसके करंट लग जाने से वह पोल से नीचे गिर गया। जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया है। परिजनों नेउसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। वहां से उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। पलिया विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता गंगाराम ने बताया कि झुलसा युवक विभाग का लाइनमैन नहीं है।

# मारपीट की अलग-अलग घटनाओं में आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद/हरदोई, 01 मई (तरूणमित्र)।** कोतवाली क्षेत्र के अलग अलग गांव में हुई मारपीट की घटनाओं में पीड़ितों की लिखित तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

कस्बे के मोहल्ला खेड़ा बलायकोट निवासी विवाहिता सहनाज पत्नी इमरान के अनुसार उसका पति,सास,ससुर इब्राहिम, देवर रेहान और ननद फुल्लो और खुशीर्दा आए दिन उसके साथ मारपीट करते हैं।30 अप्रैल को सुबह विपक्षियों ने गाली गलौज करते हुए उसे मारपीट कर घर से भगा दिया।उसकी मां उसकी ससुराल गईं तो आरोपियों ने उन्हें भी गाली गलौज कर मारने पीटने पर अमादा हो गए। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम समैचीपुर निवासी प्रीती देवी पत्नी राम दयाल के अनुसार 30 अप्रैल को सुबह गांव के विपक्षी लालाराम पुत्र तिल्ला ने अपनी पत्नी विमला पुत्र राममोहन और रामचेला के साथ मिलकर पुरानी रंजिश में उसे गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया।शोर सुनकर उसकी पुत्री लक्ष्मी उसे बचाने आई तो विपक्षियों ने उसे भी मारपीट कर घायल कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नया गांव निवासी लौगन्ना पत्नी मलिखान के अनुसार उसके पुत्र विमनेश और विजय शराब पीकर उसे मारते पीटते हैं। 29 अप्रैल की रात करीब 8.30 बजे दोनों पुत्रों ने शराब के नशे में गाली गलौज करते हुए थप्पड़ और घूंसों से उसे मारपीट कर घायल कर दिया।मारपीट के उक्त मामलों में पीड़ितों की लिखित तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर घायलों का मेडिकल परीक्षण करवाया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## दो पक्षों में जामकर चले लाठी डंडे, पांच घायल

**हरपालपुर/ हरदोई, 01 मई (तरूणमित्र)।** कोतवाली क्षेत्र के नगरा चौधरपुर गांव निवासी अंकित 24 वर्ष पुत्र मेहरवान ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि गुरुवार को वह अपने ताऊ रामनरेश 60 के साथ पड़ोस में स्थित सड़क पर मौजूद था। तभी उसकी पत्नी कीर्ति 22 वर्ष आ गई।तभी एक युवक गाली गलौज करने लगा। मना करने पर लाठी डंडों से हमला बोल दिया। जिसमें तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरपालपुर में भर्ती कराया गया है। दूसरे पक्ष से रोशनी 39वर्ष पत्नी मानसिंह में थाने में दी गई तहरीर में बताया कि वह अपने पति मानसिंह 32 परशुराम के साथ मक्का के खेत में पानी लग रही थी। तभी गांव के ही पांच लोग आकर गाली गलौज करने लगे। मना करने पर लाठी डंडों से जमकर पीटा।जिससे दोनों लोग घायल हुए हैं। प्रभारी निरीक्षक बालकृष्ण मिश्र ने बताया कि मामले की जांच कार्यवाही की जायेगी।

## सड़क हादसे में चाचा-भतीजा गंभीर रूप से घायल

**हरपालपुर /हरदोई, 01 मई (तरूणमित्र)।** कटरा-बिल्हौर मार्ग पर लमकन गांव के पास ट्रक की टक्कर सेबाइक सवार चाचा-भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गए है।दोनों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। वहां से मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। शाहजहांपुर जनपद के कांठ गांव निवासी यामीन 24 वर्ष पुत्र तहर अपने चाचा अतीक 40 वर्ष पुत्र सद्दीक के साथ अपनी बाइक से कानपुर के बिल्हौर में स्थित दरगाह पर चादर चढ़ाने जा रहा था। तभी कतरा-बिल्हौर मार्ग पर लमकन गांव के पास सामने से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे चाचा भतीजा दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

## अधेड़ का शव मिलने से मचा हड़कंप

**शाहाबाद /हरदोई, 01 मई (तरूणमित्र)।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नवादा में सड़क के किनारे एक अज्ञात अधेड़ व्यक्ति के शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हरदोई भिजवाया है। शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

कोतवाली क्षेत्र के वासित नगर मार्ग पर ग्राम नवादा में ग्रामीणों ने गुरुवार सुबह एक अज्ञात अधेड़ व्यक्ति का शव सड़क के किनारे पड़ा देखा शव पड़े होने की खबर से गांव में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने अधेड़ के शव को कब्जे में लेकर उसकी शिनाख्त का काफी प्रयास किया। जानकारी न मिलने पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए हरदोई भिजवाया है। सीओ अनुज कुमार मिश्रा ने बताया मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। शव को पोस्टमार्टम के भेजा गया गया है।मृतक के शरीर पर किसी चोट के चिन्ह नहीं मिला है। पुलिस घटना की बारीकी से जांच कर रही है।

# आग से बचाव के दृष्टिगत विद्युत विभाग को दिया प्रशिक्षण

**हमीरपुर, 01 मई (तरूणमित्र)।** गर्मियों में आग की घटनाएं अधिक बढ़ जाती है। वहीं आग लगने का प्रमुख कारणों में बिजली की शार्ट सर्किट होता है। पावर हाउसों में ऐसी घटना अधिक होती है।

इसी को लेकर फायर ब्रिगेड बिजली विभाग पावर हाउसों में पहुंचकर आग की घटनाओं से बचाव व आग बुझाने के तरीके व इस्तेमाल होने वाले उपकरणों के बारे में जानकारी दे रहे है। गुरुवार को अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड कार्यालय में फायर ब्रिगेड विभाग द्वारा अधिकारियों व कर्मचारियों को जागरूक किया गया।फायर ब्रिगेड विभाग के लीडिंग फायर मैन केशव प्रसाद ने बताया कि आग लगने के लिए तीन चीजें जरूरी हैं। ज्वलनशील चीजें, ऑक्सीजन और गर्मी। आग की चार कैटेगरी ए, बी, सी और डी होती है। ए कैटेगरी में लकड़ी या उससे निर्मित सामान, बी में इलेक्ट्रिक उपकरण, सी में पेट्रोल-डीजल व अन्य केमिकल और डी में प्लास्टिक के सामान में लगने वाली आग आती है। चारों तरह से लगने वाली आग को बुझाने के तरीके अलग-अलग होते हैं। जैसे बिजली उपकरणों में लगी आग में कभी पानी नहीं डाला जाता। प्लास्टिक के सामान में लगी आग में फोम की भी जरूरत पड़ती है। बताया कि ए श्रेणी की आग पानी से, बी श्रेणी की तारकोल फोम (झाग) से,सी श्रेणी की आग ड्राय केमिकल, डी श्रेणी की आग को विशेष ड्राय केमिकल पावडर व कार्बन डाई ऑक्साइड गैस से बुझाई जाती है।

## विवाहिता जेवर लेकर प्रेमी के साथ फरार

**हरदोई, 01 मई (तरूणमित्र)।** बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र निवासी एक विवाहिता घर से सारा जेवर लेकर प्रेमी के साथ फरार हो गई।पीड़ित पति की लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर विवाहिता की तलाश शुरू की है। पीड़ित पति के अनुसार 29 अप्रैल की शाम को करीब साढ़े आठ बजे गांव निवासी रामखेलावन पुत्र महेश उसकी 23 वर्षीय पत्नी को उसकी गैर मौजूदगी में बहला फुसलाकर कहीं भगा ले गया है।उसकी पत्नी घर से तीन लाख के जेवर और नगद दस हजार रूपए लेकर गई है।उसने अपनी पत्नी को काफी तलाश किया न उसका कोई पता नहीं चल सका।पीड़ित पति की लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर विवाहिता की तलाश शुरू कर दी है।

# गोपाल रायकवार व देवीदास के सेवानिवृत होने पर किया सम्मानित

**शाहजहांपुर, 01 मई (तरूणमित्र)।** नार्थ सेन्ट्रल रेलवे मेन्स यूनियन के तत्वाधान में कारखाना शाखा झाँसी में रेल सेवा निवृत्ति सम्मान समारोह का आयोजन शाखा मंत्री श्रीमती ऊषा सिंह और आज की मीटिंग की अध्यक्षता कर रहे हैं कॉ. हरिशंकर यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

शाखा सचिव श्रीमती ऊषा सिंह नें पूर्व सहा. मुख्यालय मण्ड़ल मंत्री और पूर्व ई.सी.सी.डायरेक्टर के रेल सेवा निवृत्ति पर हार्दिक शुभकामनायों के साथ उनके उज्जवल भविष्य की कामना की, शाखा कार्य अध्यक्ष कॉ. हरिशंकर यादव ने कारखाना झाँसी से सेवानिवृत्त हो रहे सभी कर्मचारियों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया, शाखा संयुक्त सचिव राजा भैया नें सभी साथियों को रेल सेवानिवृत्ति पर हार्दिक बधाई दी, साथ ही शाखा के पूर्व सभी पदाधिकारियों ने गोपाल रायकवार व देवी दास पवार के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा यूनियन में किए गए कार्यों का विवरण युवा कॉमरेड साथियों के बीच रखने का कार्य किया। गोपाल रायकवार जी को लाल सलाम के गगन भेदी नारों के साथ यूनियन कार्यालय में रेल सेवा निवृत्ति पर सम्मानित किया गया। रेल सेवा निवृत्ति सम्मान समारोह मंच का संचालन शाखा सचिव कॉ.श्रीमती ऊषा सिंह जी द्वारा किया गय।

इस अवसर पर ईएमएस-1 शाखा के पूर्व सभी सम्मानित पदाधिकारी के.पी.सिंह, आशीष नायक,शाखा सचिव श्रीमती ऊषा सिंह, शाखा कार्य.अध्यक्ष हरि शंकर यादव, कोषाध्यक्ष सुनील कुमार, ईसीसी सोसायटी के डायरेक्टर जितेन्द्र कुमार वर्मा, शाखा संयुक्त सचिव राजा भैया, शाखा उपाध्यक्ष दयाशंकर यादव, सुनील शर्मा, वीरेन्द्र गुर्जर, यूसुफ खान, चिम्मन सिंह, राम निवास,सुनील शर्मा, संजय बनोरिया,अरविन्द कुमार मीना,अरविंद वर्मा,वीरेंद्र यादव, सत्यप्रकाश, मानसिंह यादव, अर्चना वर्मा,मदन लाल, अभिषेक रायकवार, बृजभूषण शाक्य, आनंद, सुदामा राय, विक्रम यादव, नरेंद्र सिंह मीणा,जय सिंह सचान, ज्ञानेंद्र शर्मा, अतर निहाल सिद्दीकी, जीतेंद्र रैकवार आदि उपस्थित रहे।

# डीएम ने एसआरजी टीम को दिए समर कैंप आयोजित करने के निर्देश

**शाहजहांपुर, 01 मई (तरूणमित्र)।** परिषदीय विद्यालयों में ग्रीष्म अवकाश के दौरान बच्चों को नए अनुभवों की खोज करने, नए दोस्त बनाने तथा कुछ करके सीखने का अवसर प्रदान करने तथा उनके लिए एक सार्थक और सृजनात्मक वातावरण का निर्माण करने के उद्देश्य से 21 मई से 15 जून 2025 के बीच में उच्च प्राथमिक तथा कंपोजिट विद्यालयों के कक्षा 6 से 8 तक के बच्चों के लिए समर कैंप का आयोजन किया जाएगा। राज्य परियोजना कार्यालय के पत्र दिनांक 16 अप्रैल 2025 में निर्देशित किया गया है कि समर कैंप के आयोजन के लिए विद्यालय में कार्यरत अनुदेशक तथा शिक्षा मित्र को नियुक्त किया जाए। आयोजन अवधि के लिए उन्हें ?6000 का मानदेय भी प्रदान किया जाएगा इसके अतिरिक्त समुदाय से स्वैच्छिक स्नातक युवा छात्र-छात्राएं, एनसीसी प्रमाण पत्र धारक तथा स्वैच्छिक संगठन भी समर कैंप के आयोजन में सहयोग कर सकते हैं। समर कैंप के आयोजन हेतु ?2000 प्रति विद्यालय को सामग्री क्रय के लिए दिए जाएंगे। समर कैंप के आयोजन की अवधि में बच्चों को सप्लीमेंट्री न्यूट्रिशन गुड, चिक्की, लड्डू आदि भी दिया जाएगा। समर कैंप में आयोजित की जाने वाली गतिविधियों में योग तथा फिटनेस, सांस्कृतिक विरासत, समाज में मेरा योगदान, डिजिटल कौशल, पर्यावरण तथा बागवानी, विज्ञान और स्टेम, प्रौद्योगिकी में प्रगति, कक्षा में रचनात्मक गतिविधियां, राष्ट्रीय एकता, जल तथा ऊर्जा संरक्षण , संगीत रंगमंच-नाटक तथा कार्यशालाएं शामिल हैं।

# सपा सांसद के हमलावरों की गिरफ्तारी की मांग, जुलूस निकालकर किया प्रदर्शन

**शाहजहांपुर, 01 मई (तरूणमित्र)।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर सपा राष्ट्रीय महासचिव एवं सांसद (राज्यसभा) रामजी लाल सुमन को करणी सेना द्वारा लगातार जान से मारने की धमकी दिए जाने व 27 अप्रैल 2025 को बुलंदशहर जाते समय अलीगढ़ में उनके काफिले पर करणी सेवा द्वारा हमले किए जाने के विरोध में एवं उनके मकान पर तोड़फोड़ किए जाने के विरोध में और हमलावरों की गिरफ्तारी को लेकर आज समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान के नेतृत्व में जीआईसी मैदान खिरनी बाग चौराहे पर हजारों कार्यकर्ता एकत्रित हुए और हमलावरों की गिरफ्तारी को लेकर व सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर खिरनी बाग चौराहे पर धरने पर बैठ गए उसके बाद जुलूस के रूप में हमलावरो व सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर जिला कलेक्ट्रेट मुख्यालय पहुंचे जहां जोरदार प्रदर्शन करने के बाद महामहिम राष्ट्रपति महोदिया को संबोधित ज्ञापन



अतिरिक मजिस्ट्रेट जीत सिंह को सौपा। इस मौके पर मुख्य रूप से धरना प्रदर्शन व ज्ञापन में पूर्व एमएलसी व समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजपाल कश्यप शामिल हुए।

इस मौके पर पूर्व विधायक राजेश यादव, पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा,पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा,सपा के जिला महासचिव रणजय सिंह यादव, सपा प्रदेश सचिव विजय सिंह, सपा प्रदेश सचिव रामसूरत यादव, सपा अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनवर उल्ला खान, पूर्व प्रत्याशी अनवर अली, सपा प्रदेश सचिव सरदार मंजीत सिंह, सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश प्रमुख महासचिव सैयद रिजवान अहमद, सपा शिक्षक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कमलेश यादव,सपा महानगर अध्यक्ष चैधरी रामकुमार भोजवाल, सपा अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव विकास चंद्र एडवोकेट, सपा नेत्री सुचि कश्यप, सपा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य रामवीर सिंह सोमवंशी, सपा जिला उपाध्यक्ष अवधेश कुमार पाल सपा जिला उपाध्यक्ष मिश्रीलाल पटेल, सपा जिला उपाध्यक्ष,जितेंद्र कुमार बाजपेई, नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्लाह सिद्दीकी जलालाबाद विधानसभा अध्यक्ष सूरजपाल यादव, ददरौल विधानसभा अध्यक्ष मुनेंद्र पाल सिंह यादव, तिलहर विधानसभा अध्यक्ष संदीप यादव, परवेज अंसारी, लल्ला सिंह यादव, नसीम खान, शारदा राज पासी, सपा नेता जितेंद्र प्रसाद, डॉक्टर शोएब खान मुन्ना, सपा नेता लाल बाबू, विपिन यादव, प्रसून कुमार कनौजिया, आकाश यादव, उत्पल यादव, हफीज अंसारी, शब्बन अंसारी, पूर्व सभासद अब्दुल कय्यूब, पूर्व सभासद गुलजार अंसारी, कौशल यादव,सौमित्र यादव, मोनू कुरैशी, मानवेंद्र सिंह मोनू, सचिन दीक्षित, ऋषि पाल यादव, साद उल्ला खान, मोहम्मद फैसल,अनिल भास्कर,चैधरी विनोद यादव, महिपाल सिंह यादव, सर्वेश राठौर, रूम सिंह, तौसीफ हुसैन,विनोद वर्मा,मौसम खान, परमेश्वर दयाल,राधेश्याम यादव,आफाक मंसूरी, देवेंद्र मिश्रा एडवोकेट, अनिल दास, सर्वेश कुमार यादव,राजपाल कठेरिया एडवोकेट, विदेशी यादव,राजकुमार शर्मा,पी.एल गौतम,अजीम खान, राजपाल भोजवाल, तालिब पठान,धर्मवीर सिंह गुफरान खान, शिव कुमार दीक्षित, तय्यब खान,अमन गुर्जर, कफील अहमद इदरीसी, आकाश वर्मा, चंद साबरी,राजीव राठौर, मंशाराम यादव, सौरभ कुमार भास्कर एडवोकेट, फिरोज इदरीसी, फिरोज अल्वी, हनीफ खान, तनवीर हुसैन, हशमत अल्वी, शादाब खान,अमन खान इमरान खान, मुजाहिद खान,अरशद खान, अरशद अली, उजैर खान, आसिफ कुरेशी, गुलजार कुरैशी, भारत भूषण पाली, सैयद शकील मियां, रिजवान अहमद शाकिर अली जावेद आमिर खान अभय शंकर, गुलफाम अल्वी, बबल किशोर, यश मौर्य सपा जिला अध्यक्ष के प्रतिनिधि शाहनवाज आदि मौजूद रहे।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के आवंटन हेतु ई-नीलामी (E-Auction) किया जाना है ।

आक्शन कैटलाग नम्बर- BSBCATERING22025

| खानपान स्टाल/ट्राली के आवंटन का विवरण | GMU/SMU | ई-नीलामी का समय |
|---|---|---|
| किडिहरापुर स्टेशन के PF - 01 | GMU | 10.00 से 10.30 बजे तक |
| प्रयागराज रामबाग स्टेशन के PF - 5/6 | GMU | 10.00 से 10.40 बजे तक |
| बलिया स्टेशन के PF-2/3 | SMU | 10.00 से 10.50 बजे तक |
| भटनी स्टेशन के PF - 4/5 | SMU | 10.00 से 11.00 बजे तक |
| बेल्थरारोड स्टेशन के PF - 01 | SMU | 10.00 से 11.10 बजे तक |
| लार रोड स्टेशन के PF - 01 | SMU | 10.00 से 11.20 बजे तक |
| सुरेमनपुर स्टेशन के PF- 2 | SMU | 10.00 से 11.30 बजे तक |
| खड्डा स्टेशन के PF - 01 | SMU | 10.00 से 11.40 बजे तक |

**अवधिः उपरोक्त सभी के लिए 05 वर्ष, ई-नीलामी की तिथिःउपरोक्त सभी के लिए 15.05.2025**

•ई-नीलामी (E-Auction) IREPS पोर्टल पर आनलाइन होगी। •ई-नीलामी (E-Auction) में भाग लेने के लिए इच्छुक व्यक्ति द्वारा IREPS पोर्टल पर रू.10,000/- (Non Refundable) आनलाइन जमा कर एक बार पंजीकरण (One Time Registration) कराना आवश्यक है। साथ ही उसके पास SBI (स्टेट बैंक आफ इण्डिया) में करेंट खाता हो जिसे IREPS पोर्टल से लिंक करना आवश्यक होगा। EMD कांट्रेक्ट की वार्षिक कीमत का 5% (अर्नेस्ट मनी पांच प्रतिशत) होगी जिसका भुगतान/कटौती आनलाइन उसी खाते से होगी। •ई-नीलामी (E-Auction) से सम्बंधित नियम एवं शर्तों की सम्पूर्ण जानकारी IREPS पोर्टल (www.ireps.gov.in) के E-Auction Leasing Section में उपलब्ध है ।

मुजाधि/वा0-25 सहायक वाणिज्य प्रबंधक, वाराणसी

"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# तरुणमित्र
श्रम ही आधार, सिर्फ खबरों से सरोकार
शुक्रवार, 2 मई 2025
विक्रम संवत्- 2082, बैसाख शुक्ल पक्ष- पंचमी

## सेना के पाले में गेंद

पहलगाम हमले के खिलाफ याचिका लेकर पहुंचे लोगों को सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को फटकार लगाकर उचित ही किया है। सर्वोच्च अदालत ने न केवल याचिका कताओं को फटकार ही लगाई बल्कि उनकी याचिका भी बिना सुने लौटा दी। विद्वान न्यायाधीशों का कहना था कि ऐसी याचिकाओं को प्रोत्साहित करने से सैन्य बलों का मनोबल गिरेगा। वास्तव में इस समय भारत -पाकिस्तान के मध्य जो तनावपूर्ण वातावरण चल रहा है उसमें सैन्य बलों की अहम भूमिका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई चीफ ऑफ डिफेन्स स्टाफ की बैठक में पहलगाम हमले के विरुद्ध बदले की कार्यवाही के लिए भी सेना को अधिकृत कर दिया गया है। यह सैन्यबलों पर बड़ी जिम्मेदारी है। पूरा देश और पहलगाम में मारे गए पर्यटकों की आत्माएं और उनके मृतकों के परिजन अब न्याय के लिए सेना की ओर नजरें गडाए हैं। सीओडी की बैठक में निश्चित ही सेना ने प्रधानमंत्री के सामने पाकिस्तान के खिलाफ कार्यवाही के संभावित प्रारूप और रोडमैप रखे गए होंगे, इसीलिए अंततः सेना को स्वतंत्र छूट दी गई। सर्वोच्च स्तर पर यह स्पष्ट हो चुका है कि भारत पहलगाम नरसंहार का बदला अवश्य लेगा। अब हमारी सेनाओं का आक्रामक प्रहार क्या होगा, यह उसी पल ही सामने आएगा, जब हमला किया जाएगा। भारत अपनी तरफ से युद्ध का आगाज करने नहीं जा रहा है। जो आतंकवाद के चेहरे हैं, निशाने पर सिर्फ वही होने चाहिए। यह पहलागाम हमले में मारे गए लेफ्टिनेंट नरवाल की पत्नी ने भी कहा है कि वे कश्मीरियों और मुसलमानों के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन उन्हें न्याय चाहिए। रक्षा विशेषज्ञ अपने लंबे, सैन्य अनुभवों के आधार पर आकलन कर रहे हैं, जल्द आतंकियों के साथ-साथ पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई, वहां की फौज और सेना प्रमुख जनरल मुनीर भारतीय सेनाओं के निशाने पर हो सकते हैं। ये आतंकवाद का के खिलाफ क्रमबद्ध सिलसिला हैं। भविष्य में सेना के ऑपरेशन जमीन और हवा के अलावा समंदर से भी किए जा सकते हैं। भारतीय सेनाओं के पास दुश्मन देश की धरती का अच्छी तरह अध्ययन है, यह पिछली बार हुई सर्जिकल और एयर स्ट्राइक में भी सामने आया है। यह तय है कि देर सबेर सही, पर इस बार सैन्य ऑपरेशन व्यापक और बहुध्रुवीय हो सकता है। पर, यह देश के एकजुट रहने का वक्त है। देश का सबसे बड़ा विपक्षी दल कांग्रेस भी इस मुद्दे पर बिना शर्त सरकार के साथ है। स्वयं राहुल गाँधी ने जरुरत पड़ने पर संसद का विशेष सत्र बुलाने की बात की है। कांग्रेस ने इस संबंध में अनर्गल बयानबाजी करने वाले कांग्रेस नेताओं को भी परिपत्र जारी कर उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही की चेतावनी दी है। कांग्रेस के ऐसे कदम काबिले तारीफ हैं। अन्य विपक्षी दलों को भी इसका अनुसरण करना चाहिए। विपक्ष इन मामलों में फिजूल का दबाव सरकार पर न डालें। एक राष्ट्र के तौर पर, संसद के जरिए, आतंकवाद और पाकिस्तान की भूमिका को पुरजोर बेनकाब करने का यह वक़्त है। भारत के सैन्य बलों को पलटवार कर प्रतिशोध लेने दें, पीडित परिवारों को कुछ तसल्ली मिलने दें। देश सामान्य हो जाएगा, तो सरकार का विरोध जायज होगा।

## टिप्पणी का काल !

चल रहा है आजकल ।
टिप्पणी का काल ।।
बोलना है कुछ भी ।
अब हमको हर हाल ।।
ना भाती खामोशी ।
करे भावना शोर ।।
हैं बैठे हम पद पर ।
करे कोई गौर ।।
शब्दों और विचारों की ।
है आई बहार ।।
करें प्राप्त कहीं भी ।
यही समाचार ।।
होकर शामिल मुहिम में ।
करें जरा उपकार ।।
टिप्णी हमारी ये ।
क्यों जानी बेकार ?



कृष्णेन्द्र राय

## सूडोकु नवताल- 7418

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 6 | | | |
| 4 | 7 | | | | 8 | 3 | | 9 |
| | | 8 | 7 | 3 | | 1 | 2 | |
| | 8 | 9 | | 5 | 1 | | 7 | 6 |
| | | | | | | | | |
| 5 | 1 | | 8 | 7 | | 4 | 9 | |
| | 2 | 4 | | 6 | 5 | 7 | | |
| 7 | | 1 | 3 | | | | 5 | 8 |
| | | | 1 | | | | 4 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7417 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 3 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 |
| 8 | 4 | 2 | 1 | 6 | 3 | 9 | 7 | 5 |
| 5 | 7 | 6 | 8 | 2 | 9 | 3 | 1 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 6 | 3 | 2 | 8 | 9 | 7 |
| 7 | 2 | 9 | 4 | 8 | 1 | 6 | 5 | 3 |
| 3 | 6 | 8 | 5 | 9 | 7 | 1 | 4 | 2 |
| 2 | 5 | 1 | 9 | 4 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 9 | 8 | 4 | 3 | 7 | 6 | 5 | 2 | 1 |
| 6 | 3 | 7 | 2 | 1 | 5 | 4 | 8 | 9 |


# भक्ति के अलौकिक प्रतीक हैं सूरदास



ललित गर्ग

**इस संसार में यदि सबसे बड़ा कोई संगीतकार है तो वो हैं श्रीकृष्ण। जिस प्रकार से तत्व, रज और तम-इन तीनों गुणों के समन्वय को प्रकृति कहा गया है, उसी प्रकार से गायन, वादन और भक्ति इन तीनों में जो रमा हो, जो पारंगत हो उसे श्रीकृष्ण-भक्त कहा गया है।**

सूरदास जयन्ती



ऐसे ही दिव्य एवं अलौकिक श्रीकृष्ण भक्ति के एक महा- चितेरे एवं श्रीकृष्ण भक्ति को समर्पित शीर्षस्थ भक्त-कवि व्यक्तित्व हैं सूरदासजी। वे एक दृष्टिहीन संत थे, जिन्होंने पूरी दुनिया को श्रीकृष्ण भक्ति का मार्ग दिखाया। वे बचपन से ही भगवान श्रीकृष्ण के प्रति समर्पित थे और उनकी भक्ति में पूरी तरह से डूब गए। वे एक महान भक्ति कवि एवं हिन्दी साहित्य के सूर्य माने जाते हैं। उनका आदर्श चरित्र और जीवन दर्शन अंधेरे को भी उजाला प्रदान करता है।

वे जहां भक्त, वैरागी, त्यागी और संत थे, वहीं वह उत्कृष्टतम काव्य प्रतिभा के धनी एवं गायन में कुशल भी थे। इसलिए उनके अन्तर्मन की पावन भक्तिधारा मन्दाकिनी की भांति कल-कल करके प्रस्फुटित हुई।

सूरदास ने जीवनपर्यंत भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति की और ब्रज भाषा में उनकी लीलाओं का वर्णन किया। कान्हा की भक्ति में उन्होंने कई गीत, दोहे और कविताएं लिखी हैं। प्रभु श्रीकृष्ण का गुणगान करते हुए उन्होंने सूरसागर, सूर-सारवली और साहित्य लहरी जैसी महत्वपूर्ण रचनाएं कीं, जो भक्ति-साहित्य की अनमोल धरोहर है। उनका जन्म एक निर्धन ब्राह्मण परिवार में संभवतः सन् 1535 की वैशाख शुक्ल पंचमी को हुआ जो इस वर्ष की 2 मई, 2025 है। चार भाइयों में सूरदास सबसे छोटे एवं नेत्रहीन थे। माता-पिता इनकी ओर से उदासीन रहते थे।

निर्धनता एवं माता-पिता की उनके प्रति उदासीनता ने उन्हें विरक्त बना दिया। वह घर से निकल कर चार कोस की दूरी पर तालाब के किनारे रहने लगे। सूरदास, श्रीकृष्ण भक्ति के महान कवियों में से एक हैं, जिनकी भक्ति में प्रेम, माधुर्य और विरह का अनूठा संगम है। सूरदास की भक्ति सगुण भक्ति धारा के पुष्टिमार्ग से जुड़ी है, जहाँ वे श्रीकृष्ण को अपने जीवन का सर्वस्व मानते हैं। उनकी भक्ति में सख्य भाव की प्रधानता है, जहाँ वे श्रीकृष्ण को अपना सखा मानते हैं और उनके साथ प्रेममय संबंध स्थापित करते हैं। सूरदास का व्यक्तित्व भी बहुत विरल है, वे एक अनूठे भक्त थे जो श्रीकृष्ण के प्रति सर्वात्मना समर्पित थे और उनकी भक्ति में पूरी तरह से लीन थे। उन्होंने ऐसे समय में श्रीकृष्ण भक्ति की धारा प्रवाहित की जब समाज में धर्म की हानि हो रही थी, अधर्म पुष्ट हो रहा था, सज्जन कष्ट झेल रहे थे और दुर्जन आनन्द भोग रहे थे। ऐसे समय में सूरदास भला तटस्थ कैसे रहते? इस तरह सूरदास की भक्ति केवल श्रीकृष्ण तक ही सीमित नहीं थी, बल्कि उन्होंने अपने काव्य में मानव जीवन के विभिन्न पहलुओं को भी चित्रित किया है।

मान्यता के अनुसार एक बार सूरदास श्रीकृष्ण की भक्ति में इतने डूब गए थे कि वे एक कुंए में जा गिरे, जिसके बाद भगवान श्रीकृष्ण ने खुद उनकी जान बचाई और आंखों की रोशनी वापस कर दी। जब श्रीकृष्ण भगवान ने उनकी भक्ति से प्रसन्न होकर वरदान में कुछ मांगने के लिए कहा तो उन्होंने कहा कि 'आप फिर से मुझे अंधा कर दें। मैं श्रीकृष्ण के अलावा अन्य किसी को देखना नहीं चाहता।' वे भले ही अंधे थे, लेकिन उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं को अपने हृदय से देखा और सुना और उनके बारे में सुंदर पद लिखे।

संत सूरदास द्वारा रचित काव्य साहित्य का महत्वपूर्ण योगदान भारतीय लोक संस्कृति और परम्परा को उच्च शिखर पर आसीन कराने में हुआ। उन्होंने द्वापर के नायक श्रीकृष्ण की बाल-लीलाओं का समसामयिक लोक-आस्था के अनुरूप चित्रण किया और भगवान को एक लोकनायक के रूप में प्रस्तुत किया। भगवान को लौकिक रूप में प्रस्तुत कर सूरदासजी ने हमारे समाज को एक नई आस्था एवं नई भक्ति की अवधारणा दी है। वास्तव में सूरदासजी का काव्य लालित्य, सौन्दर्य, वात्सल्य, श्रृंगार, शांत रस और प्रेम का काव्य है। कुछ लोगों के अनुसार सम्राट अकबर सूरदास से मिलने आए थे। कहते हैं कि तानसेन ने अकबर के समक्ष सूरदास का एक पद गाया। पद के भाव से मुग्ध होकर सम्राट अकबर मथुरा जाकर सूरदास से मिले।

सूरदास ने बादशाह को 'मना रे माधव सौं करु प्रीती गाकर सुनाया।' बादशाह ने प्रसन्न होकर सूरदास को अपना यश वर्णन करने का आग्रह किया। तब निर्लिप्त सूरदास ने 'नाहिन रहनो मन में ठौर' पद गाया। पद के अंतिम चरण 'सूर ऐसे दरस को ए मरत लोचन व्यास' को लेकर बादशाह ने पूछा "सूरदासजी आप नेत्र ज्योति से वंचित हैं, फिर आपके नेत्र दरस को कैसे प्यासे मरते हैं?" सूरदासजी ने कहा, "ये नेत्र भगवान को देखते हैं और उस स्वरूप का रसपान प्रतिक्षण करने पर भी अतृप्त बने रहते हैं।" अकबर ने सूरदास से द्रव्य-भेंट स्वीकार करने का अनुरोध किया पर निडरतापूर्वक भेंट अस्वीकार करते हुए सूरदासजी ने कहा आज पीछे हमको कबहूं फेरि मत बुलाइयो और मोको कबहूं लिलियो मती। सूरदासजी संगीत-शास्त्र के परम ज्ञाता, काव्य नेपुण्य एवं गान-विद्या विशारद विषय में प्रतिभा सम्पन्न थे। सूरदास आशु कवि थे। उन्होंने काव्य लिखा नहीं बल्कि उनके मुखारविन्द से स्वतः श्रीकृष्ण की लीला गान करते हुए पद झड़ने लगे थे और वे पद रूप सामृत-बिन्दू की तरह एकत्र होकर सागर ही नहीं काव्य रस का महासागर बन गए, जिसे 'सूरसागर' के नाम से जाना जाता है। महाकवि सूरदासजी का जीवन वृत स्वल्प अंश में ही ज्ञात है। उनके लिए महत्व अपनी अस्मिता का नहीं, आराध्य का था। इसलिए उनके जीवन संबंधी साक्ष्य नहीं के बराबर मिलते हैं। कुल मिलाकर 'संसार से विराग और ईश्वर से राग' यही सूरदास की आरंभिक दौर की भक्ति का मूल आधार रहा है, जिसे उन्होंने बड़ी तल्लीनता के साथ व्यक्त किया है। सूरदास ने स्वयं को अपने ईश्वर का तुच्छ सेवक मानते हुए उनके समक्ष दैन्य प्रकट किया है। इस कारण सूरदास की भक्ति 'दास्य भाव' की भक्ति कहलाती है, जिसमें भक्त स्वयं को अपने ईश्वर का दास मानकर उनकी सेवा और भक्ति करता है। एक प्रसंग प्रचलित है कि सूरदास जब गाऊघाट पर रहते थे तो उन्हें वहां एक दिन वल्लभाचार्य के आने का पता चला। सूरदास उचित समय पर वल्लभाचार्य से मिलने गए और उनके आदेश पर अपने रचित दो पद उन्हें गाकर भी सुनाए- 'हौं हरि सब पतितन कौ नायक' एवं 'प्रभु! हौं सब पतितन कौ टीकौ।' वल्लभाचार्य ने सूरदास के इन दीनतापूर्ण पदों को सुना और उन्होंने सूरदास से कहा कि-'जो सूर ह्वै कै ऐसो घिघियात काहे को है? कुछ भगवत लीला वर्णन करौ।' इस पर सूरदास ने वल्लभाचार्य से कहा कि- 'प्रभु! मुझे तो भगवान की लीलाओं का किंचित भी ज्ञान नहीं।' ऐसा सुनकर वल्लभाचार्य ने सूरदास को अपने संप्रदाय में स्वीकारते हुए पुष्टिमार्ग में दीक्षित करने का निश्चय किया।

(ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।)

# रेटपेयर्स की सक्रिय भागीदारी से ही अर्थव्यवस्था को मिलेगी गति



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

भले ही आज हमारी अर्थव्यवस्था विश्व की दस प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक हो व जीडीपी रेंकिंग में इस साल हम विश्व की तीसरी प्रमुख अर्थव्यवस्था बनने की तैयारी में हैं पर अर्थ व्यवस्था के तेजी से विकास के लिए रेटपेयर्स की भागीदारी बढ़ाने की आज सबसे अधिक आवश्यकता है। फ्रीबीज के जमाने में केन्द्रीय वित सचिव अजय सेठ द्वारा एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए देश की आर्थिक वृद्धि के लिए रेटपेयर्स को प्रोत्साहित करना जरुरी बताया है।

दरअसल एक और राजनीतिक दलों द्वारा ऐन केन प्रकारेण सत्ता के स्वाद चखने की चाह पूरी करने के लिए लोकलुभावन फ्रीबीज सुविधाओं की घोषणाएं दर घोषणाएं की जा रही है तो दूसरी और देश को 2025 में जीडीपी रेंकिंग के अनुसार दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने की चुनौती सामने हैं। अर्थव्यवस्था का सीधा सीधा गणित यह है कि एक तो करदाताओं द्वारा प्रत्यक्ष -अप्रत्यक्ष रुप से कर के रुप में सीधे सीधे आय सरकार को प्राप्त होती है तो दूसरी और सरकार अपनी विकास योजनाओं को अमलीजामा पहुंचाने के लिए उधारी से काम चलाने वाली स्थिति होती है जिसे हम बजट प्रस्तावों में उधारी के रुप में देखते हैं तो तीसरा प्रमुख स्त्रोत रेटपेयर्स होते हैं।

देश का सेविंग पूल इन्हीं से बनता है। अब जहां तक आयकर का प्रश्न है तो आधार और पेनकार्ड के चलते अब आयकर के दायरें से तो कोई बच भी नहीं सकता। खासतौर से नौकरीपेशा या निश्चित पगार पाने वालों का तो आयकर सीधे सीधे और बिना किसी छीजत के सरकार को प्राप्त हो ही जाता है। इसमें किसी तरह की चोरी की संभावना भी लगभग ना ही है। लगभग यही स्थिति जीएसटी के बाद देखने को मिल रही है और साल दर साल जीएसटी संग्रहण में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है।

दरअसल जब स्थानीय स्वशासन की परिकल्पना की गई थी तो उसके साथ यह भी था एक समय आते आते यह संस्थाएं अपनी गतिविधियों के संचालन के लिए सरकार पर निर्भर ना रहकर आत्मनिर्भर हो जाएगी और इन संस्थाओं को सरकार के सामने हाथ नहीं फैलाना पड़ेगा। पर एक और यह तो सपना ही बनकर रह गया दूसरी और राजनीतिक दलों ने फ्रीबीज का ऐसा चलन चलाया कि रेटपेयर्स की भूमिका कम से कम होती जा रही है। दरअसल रेटपेयर्स का प्रयोग सबसे पहले 1845 में माना जाता है। रेटपेयर्स की भूमिका को हम इसीसे अच्छी तरह से समझ सकते हैं कि न्यूजीलैण्ड सहित अनेक देशों में तो रेटपेयर्स अपने हितों की रक्षा के लिए एसोसिएशन बनाकर आगे आ रहे हैं। हमारे देश में हालात इससे विपरीत है। हमारे यहां तो पिछले कुछ सालों में रेटपेयर्स की सहभागिता दिन प्रतिदिन कम होती जा रही है। संभवतः यही चिंता का कारण बन रहा है केन्द्रीय वित सचिव अजय सेठ के अनुसार। रेटपेयर्स से सीधा सीधा अर्थ सरकार द्वारा सार्वजनिक क्षेत्र में जो बुनियादी सेवाएं उपलब्ध कराई जाती है उससे विकास या बेहतर सेवाओं के लिए राशि प्राप्त की जा सके। बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा, सार्वजनिक परिवहन या इसी तरह की सेवाएं इसके दायरें में आती है। चुनावी वादों के चलते सरकार द्वारा बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा आदि को कम-ज्यादा पर फ्रीबीज के दायरें में प्रमुखता से ला रही है। पेंशन योजनाएं और फ्री राशन, सार्वजनिक परिवहन में महिलाओं, सीनियर सिटीजन व अन्य को राहत या अन्य दूसरी इसी तरह क निर्णय रेटपेयर्स की अर्थ व्यवस्था में भागीदारी को सीमित करते हैं। लोकतंत्र में समान अवसर और आर्थिक रुप से पिछड़े लोगों को विकास की धारा से जोड़ने के लिए अनुदानित योजनाओं का संचालन सरकार के लिए आवश्यक हो जाता है। संवेदनशील और लोकहितकारी सरकार के लिए यह आवश्यक भी हो जाता हैं। पर इसका मायना यह नहीं होना चाहिए कि सार्वजनिक सुविधाओं के लिए सरकार द्वारा जो राशि कर या अन्य रुप में प्राप्त की जाती है वह नहीं मिले और उसका भार भी ईमानदार कर दाताओं पर पड़े तो यह किसी भी हालत में सही नहीं कहा जा सकता है। फिर सरकार को सक्षम और कम सक्षम में कहीं ना कहीं अंतर करके ही चलना ही होगा।

केन्द्रीय वित सचिव की मंशा कहीं ना कहीं यही होगी कि फ्रीबीज के कारण जो रेटपेयर्स की अर्थव्यवस्था में भागीदारी दिन प्रतिदिन कम हो रही है उसपर ध्यान देना आवश्यक है। इसमें कोई दो राय नहीं कि समाज की मुख्यधारा से वंचित लोगों को सहायता दी जाए पर इसका मतलब यह भी नहीं होना चाहिए कि मुख्यधारा से वंचित के नाम पर आर्थिक दृष्टि से सक्षम लोगों या परिवारों को भी यह सुविधाएं दी जाएं। इससे होता यह है कि जो आम करदाता है वह तो अपने आपकों ठगा महसूस करता ही है वहीं कहीं ना कहीं समाज में गेप भी बढ़ता है। इसके अलावा आर्थिक विकास में जो जनभागीदारी होनी चाहिए वह भी बाधित होती है। ऐसे में फ्रीबीज की राजनीति के बीच रेटपेयर्स की भागदारी को भी बढ़ाना ही होगा जिससे अर्थव्यवस्था का मल्टिपल विकास संभव हो सके।

(ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।)

# पहलगाम हमला.. आज हम वैश्विक मंच पर अकेले हैं..!!



पवन सिंह

'पहलगाम हमला' केवल आतंकवादी हमला भर नहीं है..!! उसने देश की साख, देश की पहचान, देश की ताकत और देश के नेतृत्व पर चौतरफा हमला किया है। इस हमले ने हमारी अंतरराष्ट्रीय कूटनीति की धज्जियां उड़ा दी हैं और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हम आज पूरी तरह से अकेले खड़े है। विडंबना यह है कि हमारे साथ आज हमारे पड़ोसी देश तक खड़े नहीं हैं। वह अलग बात है कि हर विफलता को हम लफ्फाज मीडिया की चादर और आईटी सेल की भदभदही पोस्टों से ढक देते हैं लेकिन हर बार हकीकत बाहर दिख जाती है। अब हमें यह ईमानदारी से स्वीकार कर लेना चाहिए कि हां!

हमने ब्लंडर किए हैं और हमने एक सम्प्रभु राष्ट्र को आंतरिक और बाह्य रूप से बहुत कमजोर कर दिया है। किसी भी देश की ताकत उसके भीतर के मजबूत सामाजिक व राजनैतिक ढांचे से मिलती है, जिसे विगत 15-16 सालों में योजनाबद्ध तरीके से विखंडित किया गया है। इस आर्थिक युग में जब ताकत का आंकलन आर्थिक सम्पन्नता हो ऐसे में जब हम हिटलर की 1933-1945 की सोच व दर्शन को लेकर आगे चल रहे हों, तो देश की दुर्दशा तो होनी ही थी। बकौल हिटलर दर्शन- (01)देश की जनता की हालत ऐसी कर दो कि वह दो रोटी कमाने को ही विकास समझे (02) कुछ ही धनाढ्य व्यापारियों को साथ रखो जो उतना ही सोचें और करें जो आप चाहो..!!! बस यहीं चूक हो गई और आज हम न घर के रहे न घाट के। देश की आर्थिक स्थिति चरमरा चुकी है...50% संसाधन दो खास उद्योगपतियों के हिस्से में जा चुके हैं, आम आदमी के पास पैसा बचा नहीं है, रोजगार तबाह हैं और नौकरियां हैं नहीं..!! उस पर पड़ोस में चीन जैसा दैत्याकार दोस्त और दूसरी ओर परंपरागत दुश्मन पाकिस्तान..।

कोई स्वीकार करें या न करे, भारत की अंतरराष्ट्रीय साख बहुत ही तेजी से गिरी है और 'कूटनीतिक स्तर' का सच यह है कि बांग्लादेश, नेपाल, श्रीलंका, मालदीव तक से संबंधों में ठंडापन है और इन देशों में आर्थिक रूप से सशक्त और समृद्ध देश चीन का जबरदस्त हस्तक्षेप है। भूटान भी चीन के करीब है और म्यांमार भी..! अब हम पूरी तरह से अकेले हैं..! अमेरिका एक बहुत ही अविश्वसनीय देश है और रूस हमसे सशंकित है कि हमारा ऊंट आखिर बैठेगा तो किस करवट बैठेगा।

फिलहाल पहलगाम हमले ने बहुत कुछ एक्सपोज कर दिया है। हमले के बाद भारत के तेवर देखते ही चीन और तुर्की सीधे पाक के साथ आकर खड़े हो गये। पहलगाम पर आतंकी हमले के दो ही दिन बाद धड़ाधड़ C-130 हरक्यूलिस एयरक्रॉफ्ट इस्लामाबाद में लैंड हुए! सवाल उठा कि क्या ड्रैंल्लं खुल कर पाक की सैन्य मदद के लिए सामने आ गया है। पहलगाम आतंकी हमले के दो दिन बाद ही तुर्की ने भी यह संकेत दिए कि वह हर हाल में पाकिस्तान के साथ है और इसी क्रम में इस्लामाबाद में युद्ध सामग्री से भरे छह उ-130 हरक्यूलिस एयरक्रॉफ्ट लैंड होना बहुत कुछ कह रहा है। ये हरक्यूलिस एयरक्रॉफ्ट, चीन के अलावा तुर्की के बताए जा रहे हैं।

युद्ध सामग्री से भरे इन कैरियर विमानों से पाकिस्तान को यह मदद तब आई जब हाल ही में चीन ने पाकिस्तान को घातक जेएफ-17 मिसाइलें पहुंचाई हैं। चर्चा है कि पाक की रक्षात्मक क्षमताओं को बढ़ाने के लिए तुर्की व चीन ने सैन्य ड्रोन प्रदान किए हैं। निडरता देखिए कि तुर्की व पाकिस्तानी दोनों ने सैन्य सामग्री के हस्तांतरण की पुष्टि की है। सैन्य गतिविधियों पर नजर रखने वाले जानकारों का मानना है कि दक्षिण एशिया में एक नया सैन्य शक्ति गठबंधन बन रहा है?। पाकिस्तानी वायु सेना तेजी से सक्रिय हुई है और उसने पेन्सी, स्कार्दू व स्वात सहित अपने सभी हवाई ठिकानों को सक्रिय कर दिया है। वर्तमान में इन ठिकानों पर एफ-16, जे-10 और जेएफ-17 लड़ाकू जेट तैनात कर दिए गये हैं। यही नहीं, पाकिस्तान एयर फोर्स को चीन से अत्याधुनिक PL-15 लंबी दूरी कि एयर-टू-एयर मिसाइल की पहली खेप मिल चुकी है। पाक वायुसेना ने अपनी नई JF-17 Block III फाइटर जेट की तस्वीरें तक जारी कर अपने इरादे जाहिर कर दिए हैं। जबकि 'माई डियर फ्रेंड' अमेरिका एक 'कुशल लोमड़ी' की भूमिका में है। 'माई डियर फ्रेंड' का बयान है हम तो दोनों तरफ हैं और उधर भारत का विश्वनीय दोस्त रूस भी, पैंडुलम की तरह हिलते-डुलते नेतृत्व से बेहद कन्फ्यूजन की स्थिति में हैं। इधर भारतीय नेतृत्व को जब भी एक सम्प्रभु राष्ट्र के रूप में अपने को सामने रखना चाहिए था, उसमें वह पूरी तरह से विफल रहा। माई डियर फ्रेंड के ट्रीटमेंट ने भारत को वैश्विक स्तर पर अपमानित किया है। हथकड़ी लगाकर सैन्य विमान से भारतियों को डिपोर्ट करना और भारत की ओर से कोई प्रतिक्रिया तक न जाना, चुपचाप बढ़े हुए टेरिफ को स्वीकार कर लेना और कुछ न कहना, चीन द्वारा सीमाओं के अतिक्रमण पर एक बार भी नेतृत्व का मुंह तक न खुलना..!! एक सम्प्रभु राष्ट्र की पहचान नहीं हो सकती ...!! उस पर देश के भीतर आन्तरिक स्तर पर धार्मिक व जातीय उन्माद, अत्याचार व हिंसा ने भारत को बहुत कमजोर किया है। अर्थव्यवस्था को मीडिया ने साइकिल वाले पंप से फुला रखा है जबकि रूपए की हालत सामने है। टैक्सों का पंपिंग सेट लगाकर जनता को चूसना और चंद पूंजीपतियों को स्थापित करने के पागलपन ने इस देश को बहुत गहरे नुकसान पहुंचाया है।? नतीजा आप के सामने है... अगर आप देखना -समझना चाहते हैं तो समझें... वरना यह भी खालिस एक लेख है इससे ज्यादा यह कुछ नहीं है..

(ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।)

## 'घाटी के आँसू'

घाटी जहाँ फूल खिलते थे,
अब वहाँ सिसकती शाम,
वेदना की राख पर टिकी,
इंसानियत की थाम।
कहाँ गया वह शांति-सूर्य,
जो पूरब से उठता था?
आज वहाँ बस मौन है,
जहाँ कल गीत बहता था।

पहलगाम की घाटियाँ,
रोईं बहाये नीर।
धर्म पे वार जो हुआ,
मानवता अधीर।
संगिनी का चीखना,
गूँजा व्याकुल शोर।
छिन गया पल एक में,
उसका जीवन भोर।

हिंदुस्तानी रक्त में,
साहस भरा अपार।
आतंकी के हर कदम,
होंगे अब लाचार।
श्रद्धा पे जो वार है,
वह कायरता जान।
ऐसे नरपिशाच की,
कब होगी पहचान?

प्रियंका सौरभ

## आज का राशिफल

**मेष :** कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी।

**वृष :** अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे।

**मिथुन :** कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी।

**कर्क :** कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुखदायी समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी।

**सिंह :** रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा।

**कन्या :** धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

**तुला :** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे।

**वृश्चिक :** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा।

**धनु :** हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। परिवारजन का सहयोग काम को बनाना आसान करेगा।

**मकर :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। बौद्धिक उलझनें बनी रहेंगी।

**कुंभ :** विद्यार्थियों को लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मीन :** शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

पं0 सुभाष पाण्डेय: हस्तरेखा विशेषज्ञ, मो. 8808052918

# डीएम ने 300 बेड हॉस्पिटल और मानसिक चिकित्सालय का किया निरीक्षण

## मरीजों से अस्पताल में मिलने वाली चिकित्सा सुविधा के बारे में ली जानकारी





**बरेली, 01 मई (तरूणमित्र)।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने गुरुवार को स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी लेने के उद्देश्य से 300 बेड हॉस्पिटल का निरीक्षण किया। निरीक्षण में ओपीडी सेक्शन का निरीक्षण करते हुए पाया कि हॉस्पिटल में मरीजों का पर्चा बनाने व दवा वितरण हेतु महिला व पुरुष दोनों के अलग-अलग काउंटर बनाए गए हैं, जिससे मरीजों को असुविधा ना हो।

जिलाधिकारी ने समस्त चिकित्सकों के कक्ष का निरीक्षण किया और चिकित्सकों व मरीजों से पूछताछ की। इस दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिये कि समस्त चिकित्सकों के कक्ष के बाहर उनके नाम व किस रोग के चिकित्सक हैं यह अवश्य अंकित करवाया जाए, जिससे मरीजों को संबंधित डॉक्टर के पास जाने में कोई दिक्कत ना हो। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने नेत्र चिकित्सक कक्ष, सिटी स्कैन कक्ष, एक्स रे कक्ष, वैक्सीनेशन कक्ष, आई.सी.यू. वार्ड आदि का भी निरीक्षण किया। जहां पर सभी व्यवस्थाए उचित पायी गयी। मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिये गये कि हॉस्पिटल में होर्डिग या फ्लैक्सी लगाई जाए तथा जिसमें यह लिखा हो कि यहां पर एक्स रे निशुल्क किया जाता है, जिससे मरीजों से एक्स रे के नाम पर ठगी ना हो सके। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मरीजों से वार्ता की, उनका हाल-चाल लिया और अस्पताल में मिलने वाली चिकित्सा सुविधा के बारे में जानकारी ली, जिस पर मरीजों द्वारा अवगत कराया गया कि डॉक्टर समय से आते है और दवा भी निशुल्क मिलती हैं।उक्त के पश्चात जिलाधिकारी ने मानसिक चिकित्सालय का भी निरीक्षण किया तथा मरीजों से वार्ता कर चिकित्सकीय सुविधाओं के बारे में जानकारी ली, जिस पर मरीजों द्वारा सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त बतायी गयी। जिलाधिकारी ने ओपीडी, पर्चा कक्ष व चिकित्सकों के कक्षों का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ विश्राम सिंह सहित अस्पताल के डॉक्टर व स्टाफ उपस्थित रहे।

# स्कूल में टेटनस व गला घोंटू खांसी का टीकाकरण कार्यक्रम आयोजित



**बरेली, 01 मई (तरूणमित्र)।** वैक्सीनेशन कैंपेन के अंतर्गत सीबीगंज के दिल्ली पब्लिक स्कूल में टेटनस तथा गला घोंटू खांसी का टीकाकरण कार्यक्रम का आयोजन डॉक्टर मधु गुप्ता की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर मधु गुप्ता द्वारा बताया गया कि यह एक अभियान है जिसमे कक्षा 5 यानी 10 साल के बच्चों तथा कक्षा 10 यानी 16 साल के बच्चों को टीडी वैक्सीन से वैक्सीनेट किया जाएगा ताकि इन बच्चों में टेटनस तथा गला घोंटू खांसी जैसी भयानक बीमारी न हो सके। यह भी बताया कि डिप्थीरिया जिसे गला घोंटू भी कहते है यह एक संक्रामक बीमारी होती है जो की बैक्टीरिया से फैलती है इसलिए इसकी रोकथाम के लिए सभी सरकारी स्कूल सहायता प्राप्त स्कूल तथा गैर सरकारी स्कूलों में अभियान चलाकर टीकाकरण किया जाएगा। इस अवसर पर दिल्ली पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य वीके मिश्रा एवं उनके समस्त स्टाफ का विशेष सहयोग रहा। अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सीबीगंज की तरफ से हिरदेश कुमार, मनमोहन सिंह, सरिता कुमारी एवं सरस्वती आदि का विशेष सहयोग रहा।

# सड़क हादसे में दो की मौत, आधी रात तक शव कुचलते रहे वाहन

## पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा

**पीलीभीत, 01 मई (तरूणमित्र)।** बहनोई के घर शादी समारोह में शामिल होने आए पड़ोसी जनपद के युवक की सड़क हादसे में जान चली गई। बस की खिड़की खुलने से हादसा हुआ। जानकारी पर परिवार के लोग भी पहुंच गए। दूसरे हादसे में हाइवे पर एक व्यक्ति की मौत हो गई। आधी रात तक शव को वाहन रौंदते रहे। सूचना मिलने के बाद पुलिस क्षत विक्षत अवस्था में शव लेकर सीएचसी पहुंची। मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। शवों को पोस्टमार्टम भेजा गया गया है। शाहजहांपुर जनपद के थाना पुवाया के गांव सुनहरा बुजुर्ग निवासी बजेश 30 वर्ष पुत्र मलखान की सेहरामऊ थाना क्षेत्र के गांव सुल्तानपुर में बहन रहती है। बुधवार को बहनोई वीरपाल की चचेरी बहन की शादी समारोह की दावत में वह आया था।

आधी रात वह बाइक से घर वापस लौट रहा था। जैसे ही युवक महादेव माती के पास पहुंचा। तभी आगे जा रही बस की खिड़?की खुलने से वह घायल होकर सड़क पर गिर गया। लहुलुहान अवस्था में उसे सीएचसी लाया गया। इलाज के दौरान डॉक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया। मौके से भाग रही बस को पुलिस ने कब्जे में लिया है। जानकारी लगने के बाद परिजन और रिश्तेदार भी अस्पताल पहुंच गए। अचानक हुए हादसे से शादी की खुशियों फीकी हो गई। दूसरे हादसे में पुरनपुर पीलीभीत हाईवे चाट फिरोजपुर के पास एक युवक की मौत हो गई। इसके बाद हाईवे पर गुजरने वाले वाहन शव को आधी रात तक रौंदते रहे। इधर से गुजर रहे लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। क्षत विक्षत अवस्था में शव को सीएची लाया गया। घंटो प्रयास के बावजूद मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# पसीना सूखने से पहले मजदूरों को मिल जाए उनका मेहनताना : डीएम

## अटल आवासीय विद्यालय के मेधावी छात्र, छात्राओं किया पुरस्कृत

**बरेली, 01 मई (तरूणमित्र)।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर निर्माण श्रमिकों को हितलाभ स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरण, निर्माण श्रमिक पंजीकरण कैम्प, ई-श्रम पंजीकरण कैम्प तथा संगोष्ठी का आयोजन आईएमए हाल में किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर निर्माण श्रमिकों के हितलाभ स्वीकृति प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाले व अटल आवासीय विद्यालय के पुरस्कृत होने वाले मेधावी छात्र/छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि एक मजदूर देश के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और देश के विकास में भी महत्ती भूमिका निभाता है। हमें अपने श्रमिक साथियों का सम्मान करना नितांत आवश्यक है।

आज इस दुनिया में आधुनिकता की चमक पर जो हम गर्व कर रहे हैं यह सब उन्हीं की देन है। हमें मेहनतकश कामगारों को कोटि-कोटि धन्यवाद करना चाहिए। उन्होंने उप श्रमायुक्त से अपेक्षा की कि श्रमिकों हेतु संचालित लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ श्रमिक भाईयों तक पहुंचाएं, यह योजनाएं मात्र कागजों में ही कैद होकर ना रह जाएं। इन योजनाओं से श्रमिकों को बहुत फायदा होगा और उनकी स्थिति मजबूत होगी। हमें प्रयास करना चाहिए कि मजदूरों का पसीना सूखने से पहले उनका पारिश्रमिक उन्हें मिल जाए। इस अवसर पर अटल आवासीय विद्यालय की वार्षिक परीक्षा-2025 में अधिकतम अंक प्राप्त करने वालों में क्लास 06 की टॉपर काव्या वर्मा, क्लास 07 की टॉपर खुशबू यादव व क्लास 09 के टॉपर अंश को प्रतीक चिन्ह देकर पुरस्कृत किया गया। निर्माण श्रमिकों के कल्याण हेतु संचालित विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित किए गए।




इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी जग प्रवेश, उप श्रमायुक्त डॉ0 दिव्य प्रताप सिंह, सहायक श्रमायुक्त बाल गोविन्द, सहायक निदेशक कारखाना कपिल शर्मा, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, श्रमिक संघों के प्रतिनिधि आरपी सिंह सहित सम्बंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन बरेली कॉलेज की प्रोफेसर डॉ0 वन्दना वर्मा द्वारा किया गया।

# समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने धरना देकर ज्ञापन सौंपा




**फिरोजाबाद, 01 मई (तरूणमित्र)।** समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं ने गुरुवार को जिलाध्यक्ष शिवराज सिंह यादव के नेतृत्व में जिला मुख्यालय दबरई पर प्रदेश के बिगड़ती हुई कानून व्यवस्था और सपा सांसद रामजी लाल सुमन पर हुए हमले को लेकर धरना दिया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की एवं प्रदेश के राज्यपाल के नाम सम्बोधित ज्ञापन जिला अधिकारी की अनुपस्थित में एसडीएम मुख्यालय को सौपाप्रदेश के राज्यपाल के नाम सम्बोधित ज्ञापन में कहा है, कि प्रदेश की कानून व्यवस्था चरमरा गयी है।

लूट हत्या और महिलाओं के साथ अत्याचार की घटनाएं हो रही है। सपा सांसद (राज्य सभा सदस्य) रामजी लाल सुमन के आवास पर हमला बोला गया और तोड़फोड़ की गयी। इसके बाद 27 अप्रेल को बुलन्दशहर जाते समय अलीगढ़ में रामजी लाल सुमन के काफिले पर करणी सेना के लोगो ने हमला बोला जिसमे कई लोग घायल भी हुए, लेकिन पुलिस प्रशासन ने कोई कार्यवाही नही की , पुलिस प्रशासन सरकार के इशारे पर कार्य कर रहा है।बजह साफ है, कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव पीडीए के लिये काम कर रहे है। वह उन्हें न्याय दिलाने के लिये संघर्षरत है। ज्ञापन में आरोप लगाया है, कि प्रदेश सरकार बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के संविधान की धज्जियां उड़ा रही है।

ज्ञापन में कानून व्यवस्था में सुधार करने और सांसद के काफिले पर हमला करने वालो के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।ज्ञापन देने वालो में शिवराज सिंह यादव (जिलाध्यक्ष), राम सेवक यादव (पूर्व जिलाध्यक्ष) डॉ मुकेश वर्मा विधायक, डॉ दिलीप यादव, सुरेश यादव, कमलेश यादव , राम प्रकाश यादव, अब्दुल बाहिद, राजकुमार राठौर, पप्पू गुर्जर, रविकांत राठौर, नीरज यादव, योगेश गर्ग,योगेश कुमार राठौर, आकाश राठौर, जगमोहन यादव, मीना राजपूत, बिनय बाल्मीकि सहित बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री आवास सर्वेयर का कार्य 15 दिन तक बढ़ाया -जिलाधिकारी

**फिरोजाबाद, 01 मई (तरूणमित्र)।** प्रधानमंत्री आवास सर्वेयर का कार्य 15 दिन तक के लिये शासन ने बढ़ाया अब यह कार्य 15 मई 2025 तक किया जायेग जिलाधिकारी रमेश रंजन के निदेर्शानुसार ज्यादा प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने हेतु शासन ने प्रधानमंत्री आवास सर्वेयर का कार्य 15 दिनों तक बढ़ा दिया है, अर्थात पहले 30 अप्रैल तक प्रधानमंत्री आवास सर्वेयर का कार्य पूर्ण करना था, परंतु शासन ने इस महत्वपूर्ण काम को 15 दिनों के लिए और बढ़ोतरी करते हुए इसे 15 मई तक पूर्ण करने का निर्देश दिया। अगर हम जनपद फिरोजाबाद की बात करें तो अभी तक जनपद में कुल 32588 सर्वेयर का कार्य पूर्ण हो चुका है, जिसमें 26776 सर्वे का कार्य खंड सर्वेयरों द्वारा किया गया है। जबकि 5812 सर्वे का कार्य स्वयं लाभार्थी द्वारा हुआ है, अगर हम ब्लॉक बार बात करें तो अरांव ब्लॉक में 2491, एका ब्लॉक में 5144, फिरोजाबाद में 4000, जसराना में 2597, खैरागढ़ में 3628, मदनपुर में 3879, नारखी में 4209, शिकोहाबाद में 4266, जबकि टूंडला में 2374 प्रधानमंत्री आवास सर्वे का कार्य हुआ है, इस तरह देखा जाए तो अरांव और टूंडला में सबसे कम आवास सर्वे का कार्य हुआ है, जिलाधिकारी ने इन ब्लॉकों के खंड विकास अधिकारी और सचिवों को सख्त निर्देश दिए हैं। कि इन बड़े हुए दिनों में ज्यादा से ज्यादा पात्र लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास सर्वे में शामिल करें, जिससे ज्यादा से ज्यादा पात्र नागरिकों को इसकी श्रेणी में लाया जा सके, अगर इसमें किसी प्रकार की कोई लापरवाही होगी तो कड़े से कड़ा दंड दिया जाएगा।

# चेयरपर्सन फात्मा रजा ने सेवानिवृत्त कर्मचारी को किया सम्मानित

**बदायूं, 01 मई (तरुणमित्र)।** नगर पालिका परिषद में सेवानिवृत समारोह कार्यक्रम रजा हॉल में चेयरपर्सन फात्मा रजा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सेवानिवृत हुए लिपिक जुनैद कौसर को 12 लाख 3 हजार 708 रुपये का भुगतान किया गया। चेयरपर्सन ने फूलमाला एवं शाल देकर सम्मानित किया। चेयरपर्सन फात्मा रजा ने कहा कि सेवानिवृत्ति जीवन का अंत नहीं, एक नयी शुरूआत है। अपने परिवार व दोस्तों के साथ अपने अनुभवों को साझा करें। शरीर को स्वास्थ्य रखने के लिए तनावमुक्त रहें। योग का सहारा लें, हमेशा खुश रहें। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत कर्मचारियों का पूर्ण भुगतान किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक मोहम्मद तय्यब, कार्यालय अधीक्षक खालिद अली, निर्माण लिपिक सचिन सवसेना, नवैद इकबाल गनी, सूर्य प्रकाश सक्सेना, रजनेश चन्द्र, शरीफ अहमद, लवी, राजेन्द्र सिंह, विनोद सोनकर, सुमित सिंह, महेश बाबू, इमरान, गजेन्द्र आदि मौजूद रहे।

# मदर्स पब्लिक स्कूल में मनाया गया श्रमिक दिवस

**बदायूं, 01 मई (तरुणमित्र)।** गुरुवार को मदर्स पब्लिक स्कूल में श्रमिक दिवस मनाया गया। छात्राओं ने भाषणों, कविताओं तथा सम्मान कार्ड के माध्यम से सभी सहायक कर्मचारियों द्वारा की गई मेहनत का आभार व्यक्त किया।? विद्यालय परिसर में सभी श्रमिक कर्मचारियों के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया तथा जलपान की व्यवस्था की गई। विद्यालय की प्रधानाचार्या शीबा खान ने सहायक कर्मचारियों, ड्राइवरों तथा माली काका को उपहार भेंट किए तथा श्रमिक दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित करके उनकी निस्वार्थ सेवाओं और संस्थान के सुचारू रूप से संचालन के लिए उनके अमूल्य योगदान के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि सभी को श्रमिक वर्ग की मेहनत व समर्पण का सम्मान व सराहना करनी चाहिए। श्रमिक समाज में सम्मान के पात्र हैं और उनके बिना हमारा समाज आगे नहीं बढ़ सकता। यह हमारे समाज के असली निमार्ता हैं। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे।



# डीएम ने किया स्टेडियम निर्माण कार्यों का निरीक्षण



**बदायूं, 01 मई (तरूणमित्र)।** गुरुवार को जिलाधिकारी अवनीश राय ने स्टेडियम में खेल अवस्थापनाओं के जीर्णोद्वार व अन्य कराए जा रहे कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करते हुए कार्यदायी संस्था यूपी सिडको के अधिकारियों से कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि निर्माण कार्यों में अद्योमानक निर्माण सामग्री का प्रयोग न हो। निर्माण कार्यों में किसी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं होगा अन्यथा कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। कार्यों की गुणवत्ता व समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए।

अनुमन्य स्वीकृति के अनुरूप ही निर्माण कार्य कराए जाएं। इस अवसर पर सीडीओ केशव कुमार, कार्यदायी संस्था यूपी सिडको के अभियंता आदि मौजूद रहे।

# ग्राम चौपाल लगा डीएम ने किया समस्याओं का समाधान

**बिजनौर, 01 मई (तरूणमित्र)।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में गांव की समस्या-गांव में समाधान के तहत विकास खंड कोतवाली के ग्राम तेलीपाड़ा में ग्राम चौपाल का आयोजन कर ग्राम वासियों की समस्याओं का मौके पर मौजूद अधिकारियों के माध्यम से समाधान किया गया। मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा, उप जिलाधिकारी नगीना आशुतोष जैसवाल, जिला विकास अधिकारी रचना गुप्ता, जिला पंचायत राज अधिकारी सुश्री दमनप्रीत अरोड़ा, डीसी मनरेगा वीरेन्द्र यादव सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे। जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने अधिशासी अभियंता जल निगम को निर्देशित करते हुए कहा कि गांव में प्राथमिकता के आधार पर स्वच्छ पेयजल मिशन के अंतर्गत हो रहे टंकी निर्माण के कार्य को पूर्ण मानक एवं गुणवत्ता के आधार पर पूरा कराना सुनिश्चित करें तथा सड़कों पर किसी भी अवस्था में कोई पेयजल पाइप खुला हुआ पाया जाता है तो तत्काल उसको बंद कराएं। उन्होंने कहा कि तेलीपाड़ा गांव जिले के सीमावर्ती वाले गांव में शुमार होता है, इस गांव को शासन के निर्देशों के क्रम में सभी शासकीय योजनाओं से शत प्रतिशत संतृप्त कराया जाए। उन्होंने ग्रामवासियों का आह्वान किया कि गांव में बने खेल के मैदान में जाने के लिए बच्चों को प्रोत्साहित करें और उनको शारीरिक गतिविधियों, खेलों एवं व्यायाम के लिए प्रेरित करें।



उन्होंने ग्रामवासियों को सूचित करते हुए कहा कि शासन द्वारा ग्राम तेलीपाड़ा के लिए आंगनबाड़ी केंद्र स्वीकृत हो गया है उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया कि पूर्ण गुणवत्ता एवं मानक के आधार पर आंगनबाड़ी केंद्र का यथाशीघ्र निर्माण करना सुनिश्चित करें।

# नॉर्थ सेंट्रल रेलवे मेंस यूनियन मैकेनिकल शाखा ने मनाया श्रमिक दिवस



**फिरोजाबाद, 01 मई (तरूणमित्र)।** नॉर्थ सेंट्रल रेलवे मेंस यूनियन टूंडला मैकेनिकल शाखा द्वारा बी.एल.सी. प्रांगण में भोजनावकाश के समय मजदूर दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान नॉर्थ सेंट्रल रेलवे मेंस यूनियन , टूंडला के शाखा मंत्री जयकिशन अजवानी ने सभी कर्मचारियों को मजदूर दिवस की शुभकामनाएँ दीं, एवं कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए यूनियन द्वारा किये जा रहे। प्रयासों के बारे में बताया। और सभी कर्मचारी को अवगत कराया कि रेलवे क्षेत्र में मजदूर दिवस का विशेष महत्व है। क्योंकि भारतीय रेलवे देश की जीवन रेखा मानी जाती है। और इसके सुचारू संचालन में हजारों मजदूर एवं कर्मचारी दिन-रात कार्य करते हैं। साथ ही महिला कर्मचारियों के अधिकारों और उनके संरक्षण के विषय में भी जागरूक किया, तथा बताया कि यूनियन हमेशा महिला कर्मचारियों के हितों के लिए कार्य करती रही है।

इसी क्रम में अरविन्द कुमार मीना ने मजदूर दिवस के इतिहास एवं महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि मजदूर दिवस प्रत्येक वर्ष 1 मई को उन श्रमिकों और मजदूरों के सम्मान में मनाया जाता है, जिन्होंने अपने अधिकारों के लिए संघर्ष किया और कार्यस्थल पर बेहतर परिस्थितियाँ सुनिश्चित कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वर्ष 1886 में अमेरिका के शिकागो शहर में मजदूरों ने काम के घंटों को 8 घंटे करने के लिए आंदोलन किया था, जिसकी याद में यह दिवस पूरे विश्व में श्रमिकों को समर्पित किया गया है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जयकिशन अजवानी, अरविन्द कुमार, संदीप सिंह रंजीत कुमार, सुनील कुमार सिंह, अनीता देवी, उमेश कुमार यादव, अतुल, धीरी सिंह, राम बाबू मीना, गणेश कुमार .सूरज पाल .आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

# डीएम के आदेश का असर, अभियान चलाकर पकड़े गए निराश्रित गोवंश

## जनपद की सभी निकायों में चलाया गया अभियान, पहले दिन 50 गोवंश किए संरक्षित





**बरेली, 01 मई (तरूणमित्र)।** एक दिन पहले डीएम अविनाश सिंह के दिए गए निर्देश पर अमल करते हुए जनपद की सभी नगर पालिका और नगर पंचायतो में गुरुवार को अभियान चलाकर निराश्रित गोवंशों को पकड़ा गया। सभी पकड़े गए गोवंशों को गो आश्रय स्थलों में भेजा गया। नगर पालिका परिषद आंवला में तीन, नगर पालिका परिषद बहेड़ी में भी तीन, नगर पंचायत ठिरिया निजावत खा में एक, नगर पंचायत रिठौरा में दो, नगर पंचायत धौराटांडा में दो, नगर पंचायत देवरनिया में दो, नगर पंचायत शेरगढ़ में 14, नगर पंचायत शाही में दो, नगर पंचायत फतेहगंज पश्चिमी में दो, नगर पंचायत मीरगंज में चार, नगर पंचायत बिशारतगंज में दो, नगर पंचायत सिरौली में 6, नगर पंचायत फतेहगंज पूर्वी में पांच, नगर पंचायत सैंथल में दो गोवंशीय पशु पकड़कर गो आश्रय स्थलों में भेजे गए।

एडीएम प्रशासन पूर्णिमा सिंह ने बताया कि पहले दिन अभियान चलाकर कुल 50 गोवंशीय पशुओं को पकड़ा गया तथा सभी को निकट के गो आश्रय स्थलों में संरक्षित कर दिया गया।

उन्होंने बताया कि यह अभियान लगातार ऐसे ही चलता रहेगा।

# एडीएम प्रशासन ने सभी ईओ के साथ की बैठक

**बरेली।** डीएम अविनाश सिंह के निर्देश पर एडीएम प्रशासन पूर्णिमा सिंह ने सभी नगर पालिका परिषद और नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारियों के साथ बैठक कर कस्बों में सड़कों पर घूम रहे निराश्रित गोवंशों को संरक्षित करने के निर्देश दिए। कहा कि सभी गोवंशीय पशुओं को गो आश्रय स्थलों में संरक्षित करें। साथ ही हिदायत देते हुए कहा कि किसी भी कस्बे में यदि निराश्रित गोवंश घूमते दिखाई दिए या गोवंशीय पशुओं से किसी तरह के कोई हादसे की जानकारी मिली तो कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

एडीएम प्रशासन ने कहा कि हर हाल में जनपद के शत-प्रतिशत निराश्रित पशुओं को गो आश्रय स्थलों में संरक्षित कर दिया जाए। इसके साथ ही एडीएम प्रशासन पूर्णिमा सिंह ने पीएम आवास योजना, पीएम स्वनिधि योजना, मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना, वंदन योजना, मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना, पंडित दीनदयाल उपाध्याय आदर्श नगर पंचायत योजना, संचारी रोग नियंत्रण अभियान और एमआरएफ सेंटर को लेकर भी समीक्षा की। बैठक में एडीएम प्रशासन ने गो आश्रय स्थलों में पर्याप्त व्यवस्थाएं रखने के निर्देश दिए। इस दौरान एलबीसी प्रथम नरेंद्र पाल लोधी, अधिशासी अधिकारी आंवला जितेंद्र कुमार, अधिशासी अधिकारी बहेड़ी शशि प्रभा चौधरी, अधिशासी अधिकारी फरीदपुर शैलेंद्र मिश्रा, अधिशासी अधिकारी शीशगढ़ दुर्गेश सिंह, अधिशासी अधिकारी धौराटांडा संदीप चंद्रा, अधिशासी अधिकारी ठिरिया निजावत खां सपना भारद्वाज, नगर पंचायत सिरौली से लिपिक सुरेश आदि उपस्थित रहे।

**कहा अभियान चलाकर पकड़वाएं निराश्रित पशु**



# जनहित की समस्याओं को ले राष्ट्रवादी पार्टी ने किया प्रदर्शन

**फतेहपुर, 01 मई (तरूणमित्र)।** किसानों, युवाओं सहित आम आदमी की विभिन्न समस्याओं को लेकर राष्ट्रवादी पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया तत्पश्चात जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ग्यारह सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर सभी मांगों को पूरा किए जाने की आवाज उठाई।



राष्ट्रवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष व मंडल प्रभारी प्रयागराज रामकिशोर सिंह की अगुवई में पदाधिकारी व कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे और प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारी के माध्यम से सीएम को भेजे गए ज्ञापन में मांग किया कि प्राइवेट स्कूलों की मनमानी फीस पर रोक लगाई जाए, छुट्टा पशुओं की समस्या से किसानों को छुटकारा दिलाया जाए, युवाओं को सरकारी, अर्द्ध सरकारी या प्राइवेट संस्थानों में नौकरी की व्यवस्था की जाए, सभी राज्य कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल की जाए, प्रदेश के सभी संविदा व आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को स्थाई तौर पर नियुक्त किया जाए, ग्राम पंचायतों में गरीब व पात्र व्यक्तियों को सरकारी आवास का लाभ दिलाया जाए, ग्रामीणांचल में घरौली बनाने में पैमाइश व सर्वे को लेकर आ रही समस्याओं को दूर किया जाए, एडवोकेट प्रोटेक्शन की मांग को तत्काल प्रदेश में लागू किया जाए, चैराहों पर जाम की समस्या का निस्तारण कराए जाने के लिए जल्द से जल्द निदान किया जाए, बिजली कटौती की समस्या से निजात तत्काल दिलाई जाए व हसवा ब्लाक के ग्राम हाशिमपुर भेदपुर में जर्जर खड़जे की स्थिति बनी है जिस पर पानी भरा रहता है। इस समस्या से गांव के लोगों को छुटकारा दिलाया जाए। इस मौके पर अमित श्रीवास्तव, सत्येन्द्र सिंह, शिवनारायण सिंह, मंजू देवी, अभय प्रताप सिंह, राबिन कुमार, रामसनेही निषाद, सरोज देवी, कलावती, प्रीती देवी, कुन्ती देवी, शिवभोली, गोविन्द कुमार भी मौजूद रहे।

## एसडीएम खतौली मोनालिसा जौहरी ने ली उचित दर विक्रेताओं की बैठक

**मुजफ्फरनगर, 01 मई (तरूणमित्र)।** आज दिनांक 01. 05.2025 को अपराह्न 03:00 बजे तहसील खतौली के मीटिंग हॉल में उप जिला अधिकारी खतौली मोनालिसा जौहरी की अध्यक्षता में आपूर्ति विभाग की मासिक समीक्षा बैठक आहूत की गई, जिसमें अश्वनी कुमार क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी खतौली एवं अचल राय, पूर्ति निरीक्षक खतौली नगर के साथ तहसील खतौली के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र के 75 उचित दर विक्रेताओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक में राशन कार्ड लाभार्थियों की ई0के0वाई0सी0 की प्रगति की समीक्षा की गई, जिसमें पाया गया की तहसील में 68% से लेकर 97% तक कार्य उचित दर विक्रेताओं द्वारा पूर्ण कर लिया गया है। उप जिलाधिकारी द्वारा उचित दर विक्रेताओं को आगामी एक सप्ताह के अंदर शत प्रतिशत ई0के0वाई0सी0 के कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

# डीएम की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक सम्पन्न, दिये निर्देश

**अमरोहा, 01 मई (तरूणमित्र)।** जिलाधिकारी श्रीमती निधि गुप्ता वत्स ने मंगलवार को बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बच्चों को यूनिफॉर्म, जूते, मोजे व बैग खरीदने के लिए धनराशि उनके खातों में भेजी जा चुकी है। अब यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी बच्चे यूनिफॉर्म खरीद लें और विद्यालय में कोई भी बच्चा बिना यूनिफॉर्म के न मिले।

बैठक में जिलाधिकारी ने 'कायाकल्प' योजना, मिड-डे मील, निपुण भारत अभियान तथा नामांकन की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जिन बच्चों ने कस्तूरबा गांधी विद्यालय से आठवीं कक्षा पास की है, उनका 100% नामांकन अगली कक्षा में होना चाहिए। साथ ही, पहली व छठी कक्षा में हुए नवीनतम नामांकन की भी जानकारी ली। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. मोनिका ने बताया कि आरटीई (निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा अधिकार) अधिनियम के अंतर्गत गैर सहायता प्राप्त मान्यता प्राप्त विद्यालयों में अब तक 1216 बच्चों का नामांकन हो चुका है। इस पर जिलाधिकारी ने खंड शिक्षा अधिकारियों को नामांकन बढ़ाने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने यह भी निर्देशित किया कि सभी बच्चों को पुस्तक वितरण शत-प्रतिशत सुनिश्चित किया जाए। जिन विद्यालयों में पुनर्निर्माण कार्य चल रहा है, वहां गुणवत्तापूर्ण कार्य हो, डिजाइन आकर्षक और रंगीन हों तथा स्कूल सौंदर्यपूर्ण दिखें। यदि कार्य में कोई लापरवाही पाई गई तो खंड शिक्षा अधिकारी और संबंधित कर्मचारी की जवाबदेही तय की जाएगी।

उन्होंने कहा कि जिन विद्यालयों में शौचालय और बाउंड्री वॉल नहीं है, उनकी जानकारी प्रस्तुत की जाए और कायाकल्प के अंतर्गत सभी निर्धारित मानकों की पूर्ति सुनिश्चित की जाए। बैठक में मुख्य कोषाधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# 6 सूत्रीय मांगों को लेकर डीएम अभिषेक पांडेय से मिली भाकियू

**हापुड़,1 मई (तरुण मित्र)।** आज भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक का प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष पवन हूण गुर्जर के नेतृत्व में जिलाधिकारी अभिषेक पांडे जी से किसानों की निम्न समस्याओं को लेकर मिलेः-



हापुड़ जिले में सरसों क्रय केंद्र 8अप्रैल 2025 को खुल गया था यह क्रय केंद्र पीएसफ के अधीन आता है लेकिन आज तक सरसों की खरीद नहीं हुई है, मुंग उड़द दालों के भी क्रय केंद्र खोले जाए।

हापुड़ जिले में गढ़ में धान की खरीद होती है गढ़ में मंडी को जगह दी जाए राजस्व देने में इसका पहला नंबर है।

बिजली विभाग में 2004 में घोटाला हुआ था किसानों के बिलों पर लाखों रुपए बकाया अंकित आ रहे हैं इस वजह से किसानों को फूंके हुए ट्रांसफर से नया लेने के लिए परेशानी होती है इसमें सुधार किया जाए। गन्ना भुगतान न होने के कारण किसान परेशान है घरेलू उपयोग के लिए एक कुंतल चीनी मिलती थी इसे चालू कराया जाए।

**जिलाध्यक्ष पवन हूण के नेतृत्व में जिलाधिकारी से हुई मुलाकात**

हापुड़ जिले में खेती की फसलों में उपयोग होने वाली दवाइयां बनती है जो कि नकली दवाइयां ज्यादा बनती है जो दवाइयां पर लेवल लगा होता है फसलों को रोग से बचने के लिए उसकी सीमा सही होनी चाहिए

रियल खतौनी में किसानों के नाम अंश निर्धारण में परेशानी आ रही है इसे सही कराया जाए साथ में कटार सिंह, लीले प्रधान जी, राधेलाल, नरेश नागर, राजेंद्र डागर जी, अनिल हूण, सुधाकर त्यागी, राजवीर भाटी, ओम प्रकाश त्यागी आदि।

## गांजे के साथ दो शातिर गिरफ्तार

**फतेहपुर, 01 मई (तरूणमित्र)।** सदर कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान गांजे की खेप के साथ दो शातिरों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए दोनों शातिरों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय भेज दिया। सदर कोतवाली प्रभारी तारकेश्वर राय अपने हमराहियों के साथ क्षेत्र में गशत कर रहे थे। चेकिंग के दौरान पुलिस ने वर्मा चैराहे के निकट स्थित अमित ड्राईक्लीनर्स के समीप से नीरज कमार पुत्र स्व0 जगत पाल निवासी माहपुर थाना कोतवाली व शैलेन्द्र कुमार पुत्र स्व0 शिव भूषण प्रसाद निवासी खेसहन थाना गाजीपुर को गिरफ्तार कर लिया। जिनके पास से दो किलो ढाई सौ ग्राम गांजा बरामद किया है। गांजा बरामदी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 163/2025 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर गिरफ्तार अभियुक्तगण को न्यायालय भेज दिया।

# डीएम ने की स्वास्थ्य रक्षा के दृष्टिगत टीकाकरण अभियान की समीक्षा

**सहारनपुर, 01 मई (तरूणमित्र)।** जिलाधिकारी मनीष बंसल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के सभी सरकारी और प्राइवेट स्कूलों एवं मदरसों मे 10 मई तक चलने वाले टीकाकरण अभियान की समीक्षा की गयी।



जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना के अनुसार जिला एक-एक करके उपस्थित सभी स्कूलों एवं मदरसों के नोडल से बात की गयीं और टीडी टीकाकरण अभियान में सहयोग न करने पर नाराजगी व्यक्त की गई। मनीष बंसल द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए की जो स्कूल या मदरसा टीकाकरण अभियान में सहयोग नहीं करेंगे उनकी मान्यता रद्द कर दी जाएगी। उन्होंने उन स्कूलों और मदरसों के प्रति भी नाराजगी व्यक्त की जिन्होंने मीटिंग में प्रतिभाग नहीं किया। जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी को निर्देश दिए कि वे संबधित स्कूल और मदरसों के प्रधानाचार्य से संपर्क कर शत प्रतिशत टीकाकरण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अभियान में 10 वर्ष और 16 वर्ष के उन बच्चों को टीका लगाना सुनिश्चित करें जो किसी कारण से इस टीके को नहीं लगवा पाये थे। इस अवसर पर जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ0 मुकेश कुमार, डीएमसी यूनिसेफ अमित शर्मा, एसएमओ डब्ल्यूएचओ डॉ आनंद गौतम, बीएसए कु.कोमल जिला विद्यालय निरीक्षक की प्रतिनिधि के रूप में श्रीमती प्रतिभा सहित खंड शिक्षा अधिकारी एवं स्कूलों और मदरसा से आए नोडल टीचर एवं प्रिंसिपल उपस्थित रहे।

# मांगो को ले प्राथमिक शिक्षक संघ ने उठाई आवाज

**फतेहपुर, 01 मई (तरूणमित्र)।** अपनी मांगों व समस्याओं को लेकर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले शिक्षकों ने एक दिवसीय धरना देकर अपनी आवाज बुलंद किया तत्पश्चात जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर अपनी मांगों व समस्याओं के निराकरण की मांग किया। गुरुवार को पुरानी पेंशन बहाली समेत अन्य मांगों व समस्याओं को लेकर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ उप्र के बैनर तले जिलाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह की अगुवाई में शिक्षकों ने बीएसए कार्यालय में एक दिनी धरना दिया। जिसमें अपनी मांगों व समस्याओं को लेकर शिक्षक मुखर रहे। इस दौरान शिक्षकों ने जमकर नारेबाजी व प्रदर्शन कर मांगो को पूरी किये जाने की मांग की। धरना के पश्चात शिक्षकों ने 15 सूत्रीय मांगों का



ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजकर निस्तारण किये जाने की मांग किया। मुख्यमंत्री को भेजे ज्ञापन में पुरानी पेंशन बहाल करने, विभाग में 12 वर्ष एक ही पद पर कार्य करने के पश्चात पदोन्नाति का प्रावधान होने के बाद लागू नहीं किया जा रहा जिसे लागू किये जाने, वेतन विसंगतियां दूर करने, अंतर्जनपदीय स्थानांतरण व अकांशी जनपदों के शिक्षकों को भी स्थानांतरण का लाभ दिलाये जाने, बीमा का लाभ व दिव्यांगों को वाहन भत्ता दिलाये जाने समेत अन्य मांगे शामिल रही। इस मौके पर महामंत्री विजय त्रिपाठी, जितेंद्र कुमार वर्मा, शशांक पटेल, अनुराग श्रीवास्तव, रागिनी, किरण देवी, शैलेन्द्र सिंह, अमित त्रिवेदी, दिनेश सिंह, शिवप्रकाश गौतम, धीरेंद्र सेंगर, अनुराग मिश्रा, राम बहादुर लाल, देवेंद्र प्रताप सिंह, हर्षवर्धन सिंह, अखिलेश त्रिपाठी, दिग्विजय सिंह, अरुण कुमार वर्मा, धर्मेंद्र कुमार, शैलेन्द्र उमराव, अनिल कुमार वर्मा आदि थे।

## रेलवे स्टेशन में यात्रियों को पिलाया शीतल जल

**फतेहपुर, 01 मई (तरूणमित्र)।** इंडियन रेडक्रास सोसाइटी के तत्वावधान व डॉ सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के संयोजकत्व में चेयरमैन व वाटर हीरो डॉ अनुराग श्रीवास्तव ने रेलवे स्टेशन में चिलचिलाती गर्मी को देखते हुए यात्री गाड़ियों के जनरल डिब्बे में बैठे यात्रियों की प्यास बुझाने के लिए अपने सहयोगियों के साथ शीतल जल वितरित किया। उनके सेवाभाव को सभी ने सराहा।

डॉ अनुराग ने कहा कि जल सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं है। इस कड़क धूप में एक बार भोजन न मिले चल सकता है पर पानी बहुत आवश्यक है। इसके तहत लंबी दूरी की यात्री गाड़ियों में यात्रियों को पानी तो गिलास में पिलाया ही गया साथ ही उनकी बोतलों में भरकर दिया।

# अपराधियों को संरक्षण दे रही प्रदेश की योगी सरकारः नरेश

**फतेहपुर, 01 मई (तरूणमित्र)।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन पर हुए जानलेवा हमले के विरोध में गुरूवार को पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने नहर कालोनी में धरना दिया। तत्पश्चात कलेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजकर संविधान व लोकतंत्र की मजबूती के लिए मामलों का संज्ञान लेकर ठोस निर्णय लिए जाने की मांग की गई।



धरने में मुख्य अतिथि के रूप में जिले के सांसद नरेश उत्तम पटेल ने शिरकत की। धरने की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप सिंह यादव ने की। धरने में बड़ी संख्या में सपाईयों ने हिस्सा लेकर प्रदेश की योगी सरकार के खिलाफ जमकर जहर उगला। धरने को संबोधित करते हुए सांसद श्री उत्तम ने कहा कि प्रदेश में आए दिन जनता के उत्पीड़न, हत्या, लूट, महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार व अराजकता की घटनाएं आम हो गई हैं। कानून व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। अपराधियों के हौसले बढ़ गए हैं। प्रदेश की योगी सरकार शासन स्थापित करने में पूरी तरह विफल है। उन्होने कहा कि कई सप्ताह से सपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन को करणी सेना द्वारा निरंतर जान से मारने की धमकी दी जा रही है। उनके आवास पर हमला भी किया गया। इतना ही नहीं सत्ताइस अप्रैल को बुलंदशहर जाते समय अलीगढ़ में उनके काफिले पर करणी सेना ने हमला किया। जिससे कुछ वाहन क्षतिग्रस्त हुए और लोगों को गंभीर चोट भी आई। इस घटना के बाद भी अराजकतत्वों पर शासन/प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की। योगी सरकार अपराधियों को संरक्षण दे रही है। जिसे सपाई कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। निकम्मी सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन आगे भी जारी रहेगा। धरने को सपा जिलाध्यक्ष ने भी संबोधित करते हुए कहा कि योगी सरकार सभी मोर्चों पर विफल है। ऐसी सरकार को सबक सिखाने का समय आ गया है। धरने का संचालन महासचिव चैधरी मंजर यार ने किया। इसके बाद सभी सपाई कलेक्ट्रेट पहुंचे और डीएम के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजे गए ज्ञापन में मांग किया कि पीडीए समाज पर हो रहे हमले व बिगड़ती कानून व्यवस्था को संज्ञान में लेकर ठोस निर्णय लिए जाए। जिससे पीडीए समाज सुरक्षित महसूस कर सके। इस मौके पर चेयरमैन राजकुमार मौर्य एडवोकेट, रामेश्वर दयाल दयालू, राम बहादुर यादव, सुरिज पाल रावत, दलजीत निषाद, डा0 अमित पाल आदि थे।

# कार्यालयः नगर पालिका परिषद मंझनपुर-कौशाम्बी

पत्रांकः 345(4)/न०पा०परि०मं० / ई-निविदा /2025-26 दिनांकः 01 मई, 2025

## ई-निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद मंझनपुर कौशाम्बी में राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से स्वायत्त पंजीकृत निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग/राज्य सरकार/नगर पालिका परिषद मंझनपुर कौशाम्बी/अन्य सरकारी विभागों में निविदादाताओं से ई-निविदा के माध्यम से निम्नांकित निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निविदायें उत्तर प्रदेश की ई- प्रिक्योरमेण्ट की वेबसाइट https://etender.up.nic.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती हैं।

1-कार्य से सम्बन्धित विवरण निम्नवत हैंः-

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (जी.एस.टी. रहित) रुपए | जमानत धनराशि 10 प्रतिशत | निविदा मूल्य एवं जी.एस.टी. | | | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | निविदा मूल्य | जी.एस.टी. 18 प्रतिशत | योग | |
| 1 | वार्ड नम्बर 05 सरदार पटेल नगर विकास भवन रोड जिला न्यायालय 48 सम्भा के निकट आर.ओ. सहित वाटर कूलर अधिष्ठापन का कार्य। | 721975.00 | 72198.00 | 722.00 | 130.00 | 852.00 | 30 दिन |
| 2 | वार्ड नम्बर 05 सरदार पटेल नगर सिराथू मंझनपुर मुख्यमार्ग से लिंक रोड कोर्रो मार्ग तिराहा पर महराजा रेस्टोरेंट ट्रांसफार्मर के बगल में आर.ओ. सहित वाटर कूलर अधिष्ठापन का कार्य। | 721975.00 | 72198.00 | 722.00 | 130.00 | 852.00 | 30 दिन |
| 3 | वार्ड नम्बर 05 सरदार पटेल नगर मंझनपुर सिराथू मुख्यमार्ग से लिंक रोड पी.एच.सी. हॉस्पिटल रोड हनुमान मंदिर के पास में आर. ओ सहित वाटर कूलर अधिष्ठापन का कार्य । | 721975.00 | 72198.00 | 722.00 | 130.00 | 852.00 | 30 दिन |
| 4 | वार्ड नम्बर 05 सरदार पटेल नगर मंझनपुर समदा मार्ग पर इण्डियन बैंक के बगल में आर.ओ. सहित वाटर कूलर अधिष्ठापन का कार्य। | 721975.00 | 72198.00 | 722.00 | 130.00 | 852.00 | 30 दिन |
| 5 | वार्ड नम्बर 07 श्यामा प्रसाद मुखर्जी नगर मजरा आजाद नगर में बडा शिवाला मंदिर के पास आर.ओ. सहित वाटर कूलर अधिष्ठापन का कार्य। | 721975.00 | 72198.00 | 722.00 | 130.00 | 852.00 | 30 दिन |
| 6 | वार्ड नम्बर 09 उधोश्याम नगर मंझनपुर तहसील रोड अंशुल केसरवानी के सामने शिव मंदिर के पास आर.ओ. सहित वाटर कूलर अधिष्ठापन का कार्य । | 721975.00 | 72198.00 | 722.00 | 130.00 | 852.00 | 30 दिन |
| 7 | वार्ड नम्बर 10 अशोक नगर में ओसा चौराहा दुर्गा देवी इण्टर कॉलेज के पास आर.ओ. सहित वाटर कूलर अधिष्ठापन का कार्य। | 721975.00 | 72198.00 | 722.00 | 130.00 | 852.00 | 30 दिन |
| 8 | वार्ड नम्बर 10 अशोक नगर में मंझनपुर ओसा मुख्य मार्ग जिला हॉस्पिटल के बाउण्ड्रीवाल के बाहर आर.ओ. सहित वाटर कूलर अधिष्ठापन का कार्य। | 721975.00 | 72198.00 | 722.00 | 130.00 | 852.00 | 30 दिन |
| 9 | वार्ड नम्बर 10 अशोक नगर में मंझनपुर ओसा मुख्य मार्ग पर स्थित नवीन कार्यालय में आर.ओ. सहित वाटर कूलर अधिष्ठापन का कार्य | 721975.00 | 72198.00 | 722.00 | 130.00 | 852.00 | 30 दिन |
| 10 | वार्ड नम्बर 12 शहीद सोहन लाल नगर में समदा चौराहा प्राथमिक विद्यालय के निकट बाउण्ड्रीवाल के बाहर आर.ओ. सहित वाटर कूलर अधिष्ठापन का कार्य। | 721975.00 | 72198.00 | 722.00 | 130.00 | 852.00 | 30 दिन |
| 11 | वार्ड नम्बर 16 चंद्रगुप्त मौर्य नगर में महेवा मुख्य मार्ग से लिंक रोड भेलखा रोड पर स्थित पोस्टमार्डम हाउस के पास आर.ओ. सहित वाटर कूलर अधिष्ठापन का कार्य। | 721975.00 | 72198.00 | 722.00 | 130.00 | 852.00 | 30 दिन |
| 12 | वार्ड नम्बर 18 संत गाडगे नगर में कोर्रो रोड तिवारी चौराहा के पास आर.ओ. सहित वाटर कूलर अधिष्ठापन का कार्य। | 721975.00 | 72198.00 | 722.00 | 130.00 | 852.00 | 30 दिन |
| 13 | वार्ड नम्बर 18 संत गाडगे नगर में हाजीपुर पतौना चौराहा के पास आर.ओ. सहित वाटर कूलर अधिष्ठापन का कार्य। | 721975.00 | 72198.00 | 722.00 | 130.00 | 852.00 | 30 दिन |
| 14 | वार्ड नम्बर 20 चंद्रशेखर आजाद नगर में पुलिस लाइन जिला जेल के पास आर.ओ. सहित वाटर कूलर अधिष्ठापन का कार्य। | 721975.00 | 72198.00 | 722.00 | 130.00 | 852.00 | 30 दिन |
| 15 | वार्ड नम्बर 06 डॉ० हेडगेवार नगर मजरा नया नगर प्रथम में बी. एस. एल. ऑफिस के सामने सामुदायिक भवन का मरम्मत का कार्य। | 904137.00 | 90414.00 | 904.00 | 163.00 | 1067.00 | 30 दिन |
| 16 | वार्ड नम्बर 11 भगत सिंह नगर मजरा बबुरा में प्राथमिक विद्यालय से हरिलाल के घर तक इण्टरलाकिंग व आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 1872583.00 | 187258.00 | 1873.00 | 337.00 | 2210.00 | 30 दिन |
| 17 | वार्ड नम्बर 11 भगत सिंह नगर मजरा बबुरा में रमाकांत ठेकेदार के घर से दिलीप केसरवानी के घर होते हुए काशीराम कॉलोनी संपर्क मार्ग तक इण्टरलाकिंग दोनो तरफ आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 2745647.00 | 274565.00 | 2746.00 | 494.00 | 3240.00 | 60 दिन |
| 18 | वार्ड नम्बर 11 भगत सिंह नगर मजरा बबुरा में लवकुश मौर्य के घर से पंकज के घर होते हुए अभिनेंद्र प्रताप सिंह के घर तक इण्टरलाकिंग व दोनो तरफ आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 3382906.00 | 338291.00 | 3383.00 | 609.00 | 3992.00 | 60 दिन |

| क्र.सं. | वेबसाइट पर ई-निविदा प्रकाशन | तिथि | समय |
|---|---|---|---|
| 01 | ऑनलाइन ई-निविदा प्रकाशन की तिथि/समय | 03.05.2025 | पूर्वान्ह 10:00 बजे तक। |
| 02 | ऑनलाइन ई-निविदा अपलोड करने की प्रारम्भिक तिथि/समय | 03.05.2025 | पूर्वान्ह 11:00 बजे से। |
| 03 | ऑनलाइन ई-निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि | 15.05.2025 | अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 04 | ई-निविदा खोलने की तिथि | 16.05.2025 | पूर्वान्ह 12:00 बजे से । |

**नोट–** विभाग द्वारा निविदा संबंधी कोई भी परिशिष्ट / शुद्धिपत्र जारी किया जा सकता है, जो ई-निविदा पोर्टल पर जारी किया जायेगा। किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा, सभी संभावित निविदादाता नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें। विस्तृत नियम / शर्तें व अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेण्ट को डाउनलोड करें।

**( प्रतिभा सिंह )**
**अधिशासी अधिकारी**
**न०पा०परि० मंझनपुर, कौशाम्बी**

**( बीरेन्द्र कुमार )**
**अध्यक्ष**
**न०पा०परि० मंझनपुर, कौशाम्बी**

# डंपर-बोलेरो में टक्कर, दो की मौत, छः घायल

**रामनगर/बाराबंकी, 01 मई (तरूणमित्र)।** थाना रामनगर क्षेत्र के दलसराय गांव के पास माइनर पुलिया पर गुरुवार सुबह सड़क हादसे में दो लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा इतना भीषण था कि बोलेरो गाड़ी के परखच्चे उड़ गए और डंपर राकेश वर्मा के घर में घिस गया।



सुबह करीब 5:30 बजे बांदा-बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर ग्राम दलसराय के निकट उस समय हुआ जब एक बोलेरो गाड़ी सामने से आ रहे तेज रफ्तार डंपर से टकरा गई। बोलेरो में सवार लोग अपने परिजन को लेने लखनऊ एयरपोर्ट जा रहे थे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद बहराइच के थाना रिसिया क्षेत्र के ग्राम आलिया बुलबुल की रहने वाली सुनैना अंसारी अपने पति तुफैल अहमद को लखनऊ एयरपोर्ट से लाने के लिए परिवार के अन्य सदस्यों के साथ बोलेरो से जा रही थीं। जैसे ही बोलेरो रामनगर क्षेत्र के ग्राम दलसराय के पास पहुंची, सामने से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने गाड़ी को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बोलेरो के परखच्चे उड़ गए और वाहन में सवार चालक जमीन अली (45 वर्ष) पुत्र साबिर अली और सुमैया (26 वर्ष) पत्नी तुफैल की मौके पर ही मौत हो गई।

हादसे में मोहम्मद अली (55 वर्ष), उनकी पत्नी साजिदा (50 वर्ष), रिहान (18 वर्ष) पुत्री शहादत अली, और साहिल अंसारी (6 वर्ष) पुत्र तुफैल गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर के बाद डंपर अनियंत्रित होकर एक घर में घुस गया, जिससे उसमें सवार खलासी कमलेश (25 वर्ष) पुत्र राजेंद्र

● भीषण सड़क हादसे में बोलेरो उड़े परखच्चे, डंपर घर में घुसा

निवासी रामपुर खरगी भी गंभीर रूप से घायल हो गया।

सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर लाया गया, जहां से चार लोगों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं 6 वर्षीय साहिल का उपचार रामनगर सीएचसी पर जारी है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।

हादसे की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। अस्पताल परिसर में चीख-पुकार और रोते-बिलखते परिजनों का दृश्य बेहद मार्मिक था। पुलिस घटना की जांच में जुट गई है और डंपर चालक की तलाश की जा रही है।

## आज से 15 मई तक इन क्षेत्रों में बाधित रहेगी बिजली

**आजमगढ़, 01 मई (तरूणमित्र)।** लालगंज के 132 केवी सबस्टेशन से निर्गत 33 केवी तरवा, पल्हना और मेहनाजपुर फीडर पर आगामी 2 मई से 15 मई तक जर्जर विद्युत तारों को बदलने का कार्य आरडीएसएस योजना के तहत किया जाएगा। यह कार्य प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगा, जिसके कारण इन तीनों उपकेंद्रों से पोषित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उपखंड अधिकारी (मेहनगर) सत्य कुमार ने बताया कि कार्य पूर्ण होने तक इन उपकेंद्रों से जुड़े क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। उन्होंने कहा कि इस कार्य से क्षेत्र में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित होगी और विद्युत दुर्घटनाओं में कमी आएगी। श्री कुमार ने प्रभावित क्षेत्र के उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील करते हुए असुविधा के लिए खेद व्यक्त किया। शटडाउन का कार्य अवर अभियंता महमूद अख्तर की देखरेख में किया जाएगा।

# ईंट भट्ठा मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

## पुआल के ढेर में मिला खून से लतपथ मजदूर का शव, हत्या की आशंका

**रामनगर/बाराबंकी, 01 मई (तरूणमित्र)।** थाना रामनगर क्षेत्र के ददौरा गांव में ईंट भट्टे पर काम करने वाले उड़ीसा प्रांत का निवासी एक मजदूर का शव संदिग्ध परिस्थियों में पुआल के ढेर में खून से लतपत मिला।



सूचना पर पहुंची रामनगर पुलिस शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही करते हुए तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। थाना क्षेत्र के ग्राम ददौरा स्थित चंदेल ब्रिक फील्ड पर उड़ीसा के दर्जनों मजदूर काम करते हैं। भट्टे के निकट स्थित ग्राम कांप फतेउल्लापुर के एक खेत मे सभी मजदूर झोपड़ी बनाकर परिवार सहित रहकर ईट पथाई का कार्य करते हैं। मजदूरों ने बताया कि बीते बुधवार को सभी लोग ग्राम ददौरा मे मेला देखने गए थे। देर शाम सभी निवास स्थान पर वापस आ गए। लेकिन देर रात तक जब छोटू व प्रत्यूष नही आए तो उनकी खोजबीन शुरू की गयी इस दौरान पास के एक बाग में लगे पुआल के ढेर में एक शव देखा गया जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे कोतवाल अनिल कुमार पांडेय ने शव को कब्जे में लेकर पूछताछ की तो मृतक की पहचान 22 वर्षीय प्रत्यूष पुत्र बेलार निवासी ग्राम मांडो सीली वार्ड नंबर एक खटियार रोड थाना व जिला नुआपड़ा उड़ीसा के रूप में हुई है। जो ईट भट्ठा पर कार्य करता था। मजदूरों का कहना है कि प्रत्यूष अकेले रहता था साथ मेला देखने वह भी गया था जिसकी लाश मिली है और शरीर पर चोट के गहरे निशान मिले हैं। मजदूरों ने हत्या कर शव फेके जाने की आशंका जताई है। तहरीर के आधार पर साथ मे कार्य करने वाले तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

रामनगर प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पांडेय ने बताया गाँव के नरेंद्र ने तहरीर दी है मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# सुमन सांसद के समर्थन में सपा का प्रदर्शन

**अंबेडकरनगर, 01 मई (तरूणमित्र)।** सपा के राष्ट्रीय महासचिव व राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन के समर्थन में गुरुवार को सपा कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पर जोरदार प्रदर्शन किया। सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आह्वान पर आयोजित धरने में सपा कार्यकर्ताओं ने बढ़ चढ़कर भागीदारी की।




पूर्व मंत्री व सांसद लालजी वर्मा की अगुवाई में एकजुट कार्यकर्ताओं ने सरकार से राज्यसभा सांसद को पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था मुहैया कराए जाने की मांग की। सांसद लालजी वर्मा ने कहा कि सरकार को किसी की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर किसी तरह की हीलाहवाली नहीं करनी चाहिए। वक्ताओं ने मौजूदा सरकार में अधिकारियों के रवैया पर सवाल खड़ा किया। कहा कि अधिकारियों का रवैया विपक्षी पार्टियों के नेताओं के प्रति ठीक नहीं है। अधिकारियों को अपनी इस मानसिकता को दूर करना होगा। पूर्व मंत्री वी अकबरपुर विधायक रामचल राजभर ने भी कई सवाल खड़े किए। पूर्व मंत्री व टांडा विधायक राममूर्ति वर्मा ने कहा कि राज्यसभा सांसद के ऊपर हमला करना दुर्भाग्यपूर्ण है। कहा कि ऐसे असामाजिक तत्वों पर कठोर कार्यवाही होनी चाहिए। कलेक्ट्रेट के निकट चल रहे धरने में एसडीएम सदर व सीओ ने पहुंचकर ज्ञापन लिया।

इस मौके पर सपा जिला अध्यक्ष जंग बहादुर यादव पूर्व जिला अध्यक्ष हीरालाल यादव पूर्व जिला अध्यक्ष राम सकल यादव सपा नेता कपूर चंद वर्मा सोमनाथ वर्मा सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## श्रमिक दिवस पर 21 ने किया रक्तदान

**बस्ती, 01 मई (तरूणमित्र)।** अन्तर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर गुरूवार को मेडिकल सेल्स रिप्रेजेन्टेटिव एसोसिएशन द्वारा श्रमिकों की याद में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया । एसोसिएशन अध्यक्ष राकेश कुमार उपाध्याय ने बताया कि पचपेडिया रोड स्थित बस्ती चैरिटेबल ब्लड बैंक पर एसोसिएशन से जुड़े 21 लोगों ने रक्तदान दिया |मुख्य अतिथि उप श्रमायुक्त बृजमोहन शर्मा ने कहा कि एसोसिएशन की पहल सराहनीय है। रक्तदान के द्वारा हम दूसरों के जान बचाने का माध्यम बनते है। जिला युवा अधिकारी अनुराग यादव, डा. प्रवीन ने कहा कि श्रमिक दिवस पर रक्तदान करके सकारात्मक संदेश दिया गया है। बस्ती चैरिटेबल ब्लड बैंक पर एसोसिएशन द्वारा रक्तदान करने वालों को प्रमाण-पत्र देकर उत्साहवर्धन किया गया।

# वन स्टाप सेंटर के निरीक्षण में डीएम को बेपटरी मिली व्यवस्थाएं




**बहराइच, 01 मई (तरूणमित्र)।** जिलाधिकारी मोनिका रानी ने सलारगंज सिथत वन स्टाप सेंटर का औचक निरीक्षक किया। निरीक्षण के दौरान सेंटर की साफ-सफाई, उपस्थिति पंजिका, पीड़ित महिला आमद पंजिका, रसोईघर, स्टाक सहित अन्य पंजिकाओं का निरीक्षण किया। सेंटर का साफ-सफाई तथा अभिलेखों का रख-रखाव सही न पाये जाने पर डीएम ने केन्द्र प्रशासक रचना कटियार को हटाये जाने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान दोपहर के भोजन में विलम्ब होने तथा भोजन से सम्बन्धित शासनादेश भी केन्द्र पर उपलब्ध न पाये जाने पर डीएम ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। निरीक्षण के दौरान भोजन सामग्री क्रय इत्यादि की टेण्डर प्रक्रिया में शिथिलता बरतने व अत्यधिक विलम्ब होने एवं पर्यवेक्षण कार्य में लापरवाही बरतने के दृष्टिगत जिला प्रोबेशन अधिकारी के विरूद्ध शासन को पत्र लिखे जाने का भी निर्देश दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के लिए इनपैनल्ड होंगे प्रोफेशनल व्याख्याता

**बहराइच, 01 मई (तरूणमित्र)।** जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रद्धा पाण्डेय ने बताया कि जनपद के विभिन्न केन्द्रों में गरीब परिवार के मेधावी छात्र/छात्राओं के लिये निःशुल्क प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने हेतु यूपीएससी, पीसीएस, जेईई, नीट, एनडीए, सीडीएस, सीटीईटी के प्रशिक्षण की अर्हता रखने वाले योग्य, अनुभवी एवं प्रोफेशनल व्याख्याता अपना बायोडाटा समस्त शैक्षिक अभिलेखों के साथ गेंदघर स्थित जिला समाज कल्याण अधिकारी, बहराइच के कार्यालय में 15 मई 2025 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि पूर्व में योजनान्तर्गत जनपद में प्रोफेशनल व्याख्याताओं के रुप में चयनित अभ्यर्थियों को भी वर्ष 2025-26 हेतु नवीन अतिथि प्रवक्ता के रुप में इन्पैनलमेन्ट किये जाने हेतु पुनः से आवेदन करना अनिवार्य होगा। अधिक जानकारी के लिये मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के कोर्स कोआर्डिनेटर अवनीश सिंह के मो.न. 6394085751 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

### डीएम ने वीवी पैट वेयर हाउस का किया निरीक्षण



**अम्बेडकरनगर, 01 मई (तरूणमित्र)।** निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अनुपम शुक्ला ने कलेक्ट्रट परिसर में स्थित ई.वी.एम. एवं वी.वी. पैट वेयर हाउस का मासिक बाह्य निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा ई.वी.एम. एवं वेयरहाउस कक्ष के लॉक, सी.सी.टी.वी. कैमरा, सुरक्षा व्यवस्था का अवलोकन किया गया। निरीक्षण में ई.वी.एम./वी.वी. पैट मशीन के कक्ष के लॉक यथावत पाए गए, तथा माननीय आयोग के नियमानुसार सीसीटीवी संचालित एवं बैकअप सुरक्षित पाया गया। जिलाधिकारी द्वारा ई.वी.एम. व वी.वी. पैट वेयर हाउस/स्ट्रांग रूम निरीक्षण के दौरान निर्देशित किया कि माननीय आयोग के अपेक्षानुसार सुरक्षा के दृष्टिगत स्ट्रांग रूम की सभी व्यवस्थाएं नियमित सुनिश्चित रखी जाय। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता, अपर जिलाधिकारी न्यायिक रंजीत सिंह सहित अन्य संबंधित कार्मिक उपस्थित रहे।

### पत्नी के उत्पीड़न से परेशान पति ने पुलिस अधीक्षक से लगाई गुहार



**बाराबंकी, 01 मई (तरूणमित्र)।** अभी तक पुरुष के द्वारा महिला उत्पीड़न किए जाने के मामले सुनने में आते थे परंतु इसके पलटवार महिला उत्पीड़न से परेशान एक पति ने पुलिस अधीक्षक को एक शिकायती प्रार्थना पत्र देखकर न्याय की गुहार लगाई है। मामला थाना मसौली क्षेत्र के पिपरी गांव का है यहां के रहने वाले शाहे आलम पुत्र सरवर अली का विवाह वर्ष दिसंबर 2023 में थाना जैदपुर के टिकरा उस्मा गांव की यासमीन बानो के साथ हुआ था शादी के बाद से मामला ठीक चल रहा था शाहे आलम आगरा में काम कर रहा था इधर उसकी पत्नी यासमीन बानो अपने मायके चली गई वापस आने पर जब वह उसे बुलाने के लिए गया तो उसकी पत्नी ने आने से इन्कार कर दिया और उसके साले तथा उसकी पत्नी ने उसे गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया पत्नी के उत्पीड़न से परेशान पति दर-दर की ठोकरे खाने पर मजबूर हो गया अंततः उसने पुलिस अधीक्षक को एक शिकायती प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

### पुत्र के लापता होने पर मां ने लगाई पुलिस से गुहार



**बाराबंकी, 01 मई (तरूणमित्र)।** लखनऊ से काम करके घर वापस लौट रहे पुत्र के बाराबंकी से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने के संबंध में भुक्तभोगी मां ने शहर कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। थाना रामनगर क्षेत्र के भवानीगंज की रहने वाली चंदरानी पत्नी स्वर्गीय प्रकाश का पुत्र लालजी उम्र 23 वर्ष लखनऊ में काम करता था 28 अप्रैल को अपने मोबाइल नंबर 75 2288 9763 से उसने फोन किया कि मैं बाराबंकी आ गया हूं शाम तक घर पहुंच जाऊंगा परंतु देर रात तक घर वापस नहीं पहुंचा परिजनों ने जब उसके मोबाइल नंबर पर संपर्क करना चाहा तो वह स्विच ऑफ बता रहा था दूसरे दिन नंबर चालू हुआ परंतु किसी से संपर्क नहीं हो सका परिजनों को किसी अनहोनी की चिंता हुई जिस पर उन्होंने शहर कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है।

# मरम्मत कार्य के कारण आज बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

**बहराइच, 01 मई (तरूणमित्र)।** विद्युत वितरण उपखण्ड प्रथम बहराइच के उपखण्ड अधिकारी महेन्द्र कुमार ने बताया कि 02 मई 2025 को 33/11 के.वी. विद्युत उप केन्द्र परसौरा से पोषित 11 के.वी. फीडर अवध साल्वेक्स (स्वतन्त्र फीडर) लाइन मरम्मत व इंटरपोलिंग कार्य, 33/11 के.वी. विद्युत उप केन्द्र डीजल पावर हाउस के क्षेत्र में छतिग्रस्त वीसीवी को बदलने के कारण डीजल पावर हाउस से पोषित समस्त फीडरों की विद्युत आपूर्ति बाधित रहने के कारण दरगाह, नुरूद्दीनचक, बख्शीपुरा, चांदमारी, गल्लामण्डी, हनुमानपुरी कालोनी, फ्रीगज, छावनी, डिगिहा तिराहा व अग्रसेन चौक इत्यादि क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति पूर्वान्ह 10:00 बजे से अपरान्ह 04:00 बजे तक बाधित रहेगी। इसी प्रकार 33/11 के.वी. विद्युत उप केन्द्र कल्पीपारा वीसीवी एवं पी.टी. स्थापित किये जाने के कारण उक्त फीडर से पोषित समस्त फीडरों की विद्युत आपूर्ति पूर्वान्ह 10:00 बजे से अपरान्ह 02:00 बजे तक बाधित रहेगी।

जिससे समस्त औद्योगिक फीडर, घोसियाना दरगाह, गल्लामण्डी, फलमण्डी, आसाम चौराहा, पहाड़ा पक्कड़, पलरीबाग, महराजगंज व सगरा आदि क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

# उच्च न्यायालय के आदेश पर 9 वर्ष बाद ट्रामा सेंटर शुरू

**बहराइच, 01 मई (तरूणमित्र)।** उच्च न्यायालय की लखनऊ खण्डपीठ में समाजसेवी अकरम आजाद द्वारा ट्रामा सेन्टर को लेकर दाखिल याचिका के बाद स्थानीय चिकित्सा विभाग में हड़कम्प मच गया है। आनन फानन में उच्च न्यायालय को आल इज वेल दिखाने के लिये जिम्मेदार तैयारियों में जुट गए हैं। इसी के बाद समाजवादी पार्टी भी इस मैदान में कूद पड़ी है। 2016 में तत्कालीन अखिलेश यादव सरकार ने पूर्व मंत्री यासर शाह के विनय पर बहराइच को ट्रामा सेन्टर की सौगात दी थी। लेकिन 9 वर्ष बीत जाने के बाद भी ट्रामा सेन्टर संचालित न होने के चलते समाजसेवी अकरम आजाद ने उच्च न्यायालय की लखनऊ खण्डपीठ में न्यायमूर्ति ए रहमान मसूदी व




न्यायमूर्ति अजय कुमार श्रीवास्तव की बेंच पर एक जनहित याचिका दायर की है।

इस सम्बन्ध में बुधवार को सपा जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव ने पार्टी कार्यालय पर प्रेस वार्ता की और भाजपा पर जनता की पांच मूलभूत सुविधाओं की अनदेखी का आरोप मढ़ा।

प्रेस वार्ता में सपा जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव ने कहा कि 24 सितंबर 2016 को ढाई करोड़ की लागत से तत्कालीन अखिलेश यादव सरकार ने पूर्व मंत्री यासर शाह के विनय पर ट्रामा सेंटर का शिलान्यास किया था जिसका भवन वर्ष 2019 में निर्मित होकर स्वास्थ्य विभाग को हस्तगत हो गया था किन्तु 6 वर्ष बीतने के बाद भी ट्रामा सेंटर का संचालन नहीं हो सका है। उन्होने कहा कि उच्च न्यायालय में दायर जनहित याचिका में मुख्य चिकित्सा अधिकारी की तरफ से दाखिल जवाब में यह कहा गया है ट्रामा सेन्टर शुरू हो गया है और वहां पर 25 स्वास्थ्य कर्मचारियों की तैनाती भी की जा चुकी है। जबकि 15 मार्च 2023 को एक समाचार पत्र में समाचार प्रकाशित हुआ जिसमें ट्रामा सेन्टर का न चल पाना स्वामित्व का विवाद बताया गया। हालांकि उन्होंने बताया कि स्वामित्व विवाद समाप्त होकर अब ट्रामा सेन्टर का संचालन मेडिकल कालेज करेगा। इस सम्बन्ध में 16 अक्टूबर को प्रधानाचार्य संजय खत्री का बयान भी समाचार पत्रों में प्रकाशित हुआ है। उन्होंने सवाल किया कि जब ट्रामा सेन्टर का संचालन मेडिकल कॉलेज करेगा तो मुख्य चिकित्सा अधिकारी किस आधार पर उच्च न्यायालय में जवाब दाखिल कर आये और उन्होंने नियुक्तियां कैसे कर दीं। उन्होंने कहा कि नौकरशाही सिर्फ सरकार ही नहीं उच्च न्यायालय को भी गुमराह कर रही है। सपा जिलाध्यक्ष ने पूर्ववर्ती सरकार की अन्य तमाम योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि जब भाजपा सरकार सपा की योजनाओं को ठीक ढंग से संचालित नहीं कर पा रही है तो अपनी सरकार में क्या विकास कार्य कराये होंगे।

# यूडीएसपी का मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने किया शुभारंभ

**अंबेडकरनगर, 01 मई (तरूणमित्र)।** गुरुवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में वीपीडी के अंतर्गत यूडीएसपी का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर संजय कुमार शैवाल द्वारा किया गया जो इस महत्वपूर्ण डिजिटल पहल के मुख्य अतिथि रहे।



जिसमें अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रामानंद सिद्धार्थ उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर संजय वर्मा, डॉ. मनोज सिंह, डॉक्टर आशुतोष सिंह, डॉक्टर अंशु सिंह डॉक्टर सुल्तान अहमद डीएमसी यूनिसेफ आरती यादव, डॉ. रवि वर्मा के साथ विभागीय अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। यूडीएसपी के पोर्टल का उद्देश्य टीकाकरण से रोके जा सकने वाले रोगों की डिजिटल निगरानी प्रणाली को सुदृढ़ करना है। जिससे समय पर रोगो की पहचान रिपोर्टिंग एवं नियंत्रण को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके। इस पहल के माध्यम से जिले में सर्विलांस तंत्र को तकनीकी रूप से सशक्त बनाया जाएगा जिससे आमजन को सुलभ एवं सटीक स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त होगी।

# जिलाधिकारी ने नगरौर वृद्धाश्रम का औचक निरीक्षण

**बहराइच, 01 मई (तरूणमित्र)।** जिलाधिकारी मोनिका रानी ने थारू जनजाति महिला विकास समिति गोण्डा द्वारा संचालित वृद्धाश्रम अमीनपुर नगरौर का औचक निरीक्षण कर आश्रम की साफ-सफाई, संवासित वृद्धजनों के रहने, नाश्ते, भोजन व उनके स्वास्थ्य सहित विभिन्न व्यवस्थाओं एवं सुविधाओं का जायजा लिया। वृद्धाश्रम के निरीक्षण के दौरान वृद्धाश्रम के प्रबंधक दिलीप कुमार द्विवेदी ने बताया कि वृद्धाश्रम की कुल क्षमता 150 है। डीएम ने वृद्धजनों से आज सुबह के नाश्तें व दोपहर के भोजन में दी गयी खाद्य सामग्री के बारे में जानकारी ली। वृद्धजनों की ओर से बताया गया कि हलुआ, चाय, दोपहर के भोजन में पूड़ी, आलू परवल की सब्जी, कढ़ी, चावल, सलाद परोसा गया है।



वृद्धाश्रम के कक्ष-कक्षों का निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने एक-एक वृद्धजन से पूरी आत्मीयता के साथ कुशलक्षेम पूछा। उन्होंने गर्मी के दृष्टिगत कूलर, फैन इत्यादि की व्यवस्था किये जाने तथा समय-समय बिस्तरों की सफाई व बेडशीट बदलवाये जाने के निर्देश दिये तथा मनोरंजन कक्ष के निरीक्षण के दौरान टीवी भी चलवाकर देखा और उसमें भक्ति व न्यूजन के चैनलों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। वृद्धजनों द्वारा आश्रम की व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया गया।

डीएम ने निरीक्षण के दौरान सीएमओ को मोबाइल पर निर्देश दिया कि वृद्धजनों के आंख, कान, दांत, हड्डियां, घुटने, पैरों में सूजन, मानसिक स्वास्थ्य आदि से संबंधित चिकित्सकों की टीम सहित वृहद चिकित्सा शिविर का आयोजन कर सभी बुजुर्गों की फुल बॉडी की जांच करायें तथा परीक्षण रिपोर्ट के आधार उनके लिए आवश्यक औषधि व चिकित्सा व्यवस्था का प्रबन्ध किया जाय तथा आवश्यकता के अनुसार उन्हें चश्में, बत्तीसी, कान की मशीन इत्यादि का वितरण भी कराया जाय। डीएम ने जिला प्रोबेशन अधिकारी व समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिया कि सभी बुजुर्गों को उनकी पात्रता के अनुसार पेंशन योजना का लाभ दिलाया जाय। डीएम ने उप जिलाधिकारी सदर को निर्देश दिया कि 03 सदस्यीय अधिकारियों की टीम भेजकर सभी बुजुर्गों की समस्याओं का निराकरण करायें। डीएम ने यह भी निर्देश दिया कि ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए संवासित बुजुर्गों के मेन्यू में सुपाच्य पदार्थों को वरीयता प्रदान की जाय तथा शासन की मंशानुसार बुजुर्गों को सभी अनुमन्य सुविधाएं मानक के अनुसार उपलब्ध करायी जायें।

# 2813.13 करोड़ की योजनाओं से संचालित होंगे विकास कार्य

**बहराइच, 01 मई (तरूणमित्र)।** वित्तीय वर्ष 2025-26 अन्तर्गत जनपद में कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग प्रान्तीय खण्ड व निर्माण खण्ड-2 के अन्तर्गत योजनावार/विधानसभावार प्रस्तावित मार्गो के नवनिर्माण, पुर्ननिर्माण, मिसिंग लिंक, चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण, विशेष मरम्मत, ब्लैक स्पाट, सेतु व भवन निर्माण हेतु कुल प्रस्तावित 1012 कार्यों लम्बाई 1500.470 कि.मी. तथा प्रस्तावित लागत रू. 2813.13 करोड की समीक्षा हेतु बुधवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें सम्बन्धित जनप्रतिनिधि व उनके प्रतिनिधि तथा कार्यदायी संस्थाओं व अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक के दौरान बताया गया कि 125 से अधिक आबादी के बसावटों को जोड़ने हेतु ग्रामीण मार्गों के नवनिर्माण के 472 कार्य लम्बाई 481.367 कि.मी. व प्रस्तावित लागत रू. 465.06 करोड़, ग्रामीण मार्गों के पुननिर्माण के 36 कार्य लम्बाई 81.680 कि.मी. व प्रस्तावित लागत रू. 49.39 करोड़, ग्रामीण मार्गों के मिसिंग लिंक के 157 कार्य लम्बाई 250.810 कि.मी. व प्रस्तावित लागत रू. 247.58 करोड़, चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के 40 कार्य लम्बाई 432.666 कि.मी. व प्रस्तावित लागत रू. 1311.95 करोड़, चीनी मिल परिक्षेत्र योजनान्तर्गत पुर्ननिर्माण/नवनिर्माण एवं चौड़ीकरण का 01 कार्य लम्बाई 0.650 कि.मी. व प्रस्तावित लागत रू. 0.35 करोड़, विशेष मरम्मत के 211 कार्य लम्बाई 218.657 कि.मी. व प्रस्तावित लागत रू. 105.67 करोड़, ब्लैक स्पाट के 18 कार्य लम्बाई 2.800 कि.मी. व प्रस्तावित लागत रू. 27.27 करोड़, सेतु नवनिर्माण के 74 कार्य लम्बाई 31.840 कि.मी. व प्रस्तावित लागत रू. 600.14 करोड़ तथा भवन के 03 कार्य की प्रस्तावित लागत रू. 5.90 करोड़ है। विभिन्न योजनाओं अन्तर्गत विधानसभावार प्रस्तावित कार्यों पर चर्चा के दौरान डीएम मोनिका रानी ने कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को निर्देश दिया कि सड़कों एवं सेतु निर्माण के सम्बन्ध में मा. जनप्रतिनिधियों के साथ वार्ता कर उनके सुझाव प्राप्त कर लिये जायें। डीएम ने यह भी कहा कि विभिन्न योजनाओं/कार्यों के सम्बन्ध में सभी सम्बन्धित जनप्रतिनिधियों से वरीयता क्रम का निर्धारण भी करा लें ताकि बजट की उपलब्धता के अनुसार प्राथमिकता के अनुसार कार्यों/परियोजनाओं को पूर्ण कराया जा सके। डीएम ने भी सुझाव दिया कि सभी विधानसभाओं में समानुपातिक धनराशि के आधार पर कार्यों का निर्धारण किया जाय।

डीएम ने निर्माण खण्ड-1 व प्रान्तीय खण्ड के अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि संभावित बाढ़ से पूर्व ही बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण कर सम्पर्क मार्गों व पुल पुलियों की आवश्यक मरम्मत करा दी जाय। ब्लैक स्पाट अन्तर्गत विधानसभा क्षेत्र महसी, बहराइच, पयागपुर एवं कैसरगंज हेतु प्रस्तावित कुल 18 कार्यों की समीक्षा करते हुए डीएम ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में 50 प्रतिशत कमी लाना मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व शासन की शीर्ष प्राथमिकता है। इसलिए जिले के अन्य मार्गों विशेष रूप से गोण्डा मार्ग, जरवल रोड व हुजूरपुर मार्ग पर भी ब्लैक स्पाट को चिन्हित कर उन्हें भी कार्य योजना में शामिल किया जाय। इस अवसर पर एम.एल.सी. डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी व पदमसेन चौधरी, विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी, विधायक नानपारा राम निवास वर्मा, विधायक बलहा श्रीमती सरोज सोनकर के प्रतिनिधि आलोक जिंदल, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, प्रभागीय वनाधिकारी बहराइच अजीत प्रताप सिंह, अधि.अभि. लोक निर्माण विभाग प्रान्तीय खण्ड प्रदीप कुमार व निर्माण खण्ड-1 के अमर सिंह, विभाग के सहायक अभियन्ता व अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

# 108 एंबुलेंस सेवा कर्मचारियों को फिर से मिला नेशनल अवार्ड का सम्मान

**बस्ती, 01 मई (तरूणमित्र)।** स्वास्थ्य विभाग की महत्वाकांक्षी योजना 108 एवं 102 एंबुलेंस सेवा के कर्मचारियों को नेशनल अवार्ड का सम्मान मिला। 108 एंबुलेंस सेवा ई.एम.आर.आई. ग्रीन हेल्थ सर्विसेज द्वारा हैदराबाद में आयोजित नेशनल अवार्ड सेरेमनी में बस्ती जिले से ई.एम.टी. रंजीत और पायलट घनश्याम को नेशनल अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह पहली बार हुआ है कि लगातार दूसरी बार भी यह सम्मान बस्ती जिले को मिला है। यह सम्मान पूरे उत्तर प्रदेश से केवल एक ई.एम.टी. और एक पायलट को प्राप्त हुआ है। यह दोनों बस्ती जिले के 108 एंबुलेंस यूपी32एफजी0701 पर कार्यरत हैं। रंजीत और घनश्याम ने एक गंभीर रोड हादसे (आरटीए) के दौरान मरीज को प्री-हॉस्पिटल केयर प्रदान करते हुए घायलों को सुरक्षित अस्पताल पहुँचाया जिसमें यह लोग एंबुलेंस में उपस्थित उपकरण के द्वारा घायल के पैर को बचाने में कामयाब हुए थे। उनके इस कार्य को बहादुरी और समझदारी के साथ निभाने के कारण उन्हें बेस्ट ई.एम.टी और बेस्ट पायलट के नेशनल अवार्ड से नवाजा गया है। इस अवसर पर बस्ती जिले के प्रोग्राम मैनेजर राजन विश्वकर्मा ने बधाई देते हुए कहा यह हमारे लिए बहुत गर्व की बात है लगातार दूसरी बार बस्ती जिले के कर्मचारियों को यह सम्मान मिला है। हमारा उद्देश्य यह है कि हम सभी को अपनी जिम्मेदारियों का पालन पूरी निष्ठा से करना चाहिए। यह सम्मान पूरी टीम की मेहनत का परिणाम है और हमें उम्मीद है कि भविष्य में बस्ती से और अधिक अवार्ड प्राप्त होंगे।

साथी उन्होंने कर्मचारियों से यह अपील भी की है कि ₹इसी तरह भविष्य में प्री-हॉस्पिटल केयर देते हुए मरीज के साथ उचित व्यवहार रखें और प्रोटोकॉल का पालन करें। जिससे मरीजों को किसी भी प्रकार की कोई समस्या ना हो सके और 108 एवं 102 एंबुलेंस सेवा पर इसी तरह लोगों का भरोसा बना रहे।₹यह सम्मान जिले के स्वास्थ्य विभाग और एंबुलेंस सेवा से जुड़े कर्मचारियों के लिए एक प्रेरणा है।

# दर्दनाक हादसा: ट्रेलर से भिड़ी रोडवेज बस, महिला समेत दो की मौत, एक गंभीर

गोरखपुर, 01 मई (तरूणमित्र)। वाराणसी हाईवे पर बाघागाड़ा के पास गुरुवार तड़के बड़ा हादसा हो गया। दोहरीघाट डिपो की रोडवेज बस सड़क किनारे खड़े ट्रेलर से टकरा गई। हादसे में प्रयागराज की रहने वाली महिला व देवरिया के रहने वाले युवक की मृत्यु हो गई। महिला के बेटे की स्थिति गंभीर है।



छह से अधिक यात्री मामूली रुप से घायल हो गए, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया।हादसे का कारण बस चालक की झपकी बताई जा रही है। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। ग्रामीणों और गीडा पुलिस की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया। प्रयागराज से गोरखपुर आ रही दोहरीघाट डिपो की रोडवेज बस गुरुवार सुबह करीब पांच बजे बाघागाड़ा के पास पहुंची थी। तभी चालक को झपकी आ गई और बस का संतुलन बिगड़ गया। अनियंत्रित बस सड़क किनारे खड़े ट्रेलर से पीछे से जा घुसी। टक्कर इतनी तेज थी कि बस में सवार प्रयागराज के धूमनगंज स्थित मुंडेरा की रहने वाली रिंकी सिंह पत्नी अरुण सिंह और नितेश यादव पुत्र सत्यदेव निवासी परसा नारायनपुर, देवरिया की मौके पर ही मृत्यु हो गई। रिंकी के साथ आ रहा बेटा आदर्श सिंह गंभीर रूप से घायल हुआ है, जिसका इलाज बीआरडी मेडिकल कालेज में चल रहा है।परिवार के लोगों ने गीडा पुलिस को बताया कि रिंकी सिंह रिश्तेदार की शादी में शामिल होने गोरखपुर आ रही थीं।

टक्कर की आवाज इतनी तेज थी कि आस-पास के ग्रामीण दौड़ते हुए मौके पर पहुंचे और घायलों को निकालने में जुट गए।एसपी उत्तरी जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया की प्रथम द्रष्टया दुर्घटना चालक की झपकी के कारण हुई। रोडवेज प्रशासन से चालक की स्थिति और रूट ड्यूटी की जानकारी मांगी गई है।

## अज्ञात वाहन ने दो लोगों को रौंदा, एक की मौत

उतरौला (बलरामपुर), 01 मई (तरूणमित्र)। डुमरियागंज मार्ग पर रात्रि दो छीतरपारा गांव के दो लोगों को अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। जिससे एक व्यक्ति की मौके पर मौत हो गई और एक गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना में शेषराम पुत्र मानिकराम की मौके पर मौत हो गई व झगरु पुत्र मतई गंभीर रूप से घायल हो गए। छीतरपारा गांव में झगरु की पुत्री की का विवाह था जिसमें वैवाहिक रस्म में प्रयोग होने वाला लकड़ी का पीढ़ा लाना भूल गए थे। उसी को लाने के लिए झगरु ने पिड़िया में फर्नीचर की दुकान चलाने वाले गांव के शेषराम को अपने मोटरसाइकिल पर बैठाकर पीढ़ा लाने निकले थे। उसी दौरान अज्ञात वाहन गांव के सामने सड़क पर दोनों को रौंदते हुए निकल गई। एक घंटा बीतने पर दोनों नहीं पहुंचे तो परिवारजन खोजने निकले तो शेषराम मृत अवस्था में व झगरु घायलावस्था में पड़े मिले।

## न्यायालय के अनुपालन में राजस्व टीम ने हटाया कब्जा

तमकुहीराज/कुशीनगर, 01 मई (तरूणमित्र)। तमकुहीराज तहसील क्षेत्र के गड़हिया पाठक में न्यायालय के अनुपालन में गुरुवार को राजस्व टीम 25 वर्षो से बना अवैध कब्जे को हटवाने मौके पर पहुंची थी।

न्यायालय के आदेश का अनुपालन करते हुए तहसीलदार तमकुही राज ने 5 सदस्यीय एक टीम गठित किया था। ग्राम प्रधान शशि भूषण उपाध्याय ने बताया कि ग्राम सभा के सार्वजनिक भूमि पर अवैध पक्का निर्माण कर विपक्षियों ने ग्राम सभा के लोगो का रास्ता अवरुद्ध कर दिया था।विवादित भूमि ग्रामसभा की सार्वजनिक उपयोग की भूमि है और अभिलेख में रास्ता के नाम अंकित है।इस भूमि पर ग्राम सभा के दो लोग अवैध पक्का निर्माण कर ग्राम सभा के संपत्ति को वर्षो से क्षति पहुंचा रहे थे।वर्षो की लड़ाई के बाद न्यायालय



के आदेश पर यह कार्यवाही हुई है। इस मौके पर संदीप कुशवाह, दिलशाद मलिक, शारदा कुशवाहा, वकील कुशवाहा, छोटन, खुशी यादव, शोभी यादव, विपिन पाल, मैनेजर प्रसाद, सुपेंद्र कुशवाहा और छबीला कुशवाहा उपस्थित रहे। गुरुवार को न्यायालय के आदेश के अनुपालन में तमकुही राज तहसील से पांच सदस्यीय टीम और पुलिस फोर्स गड़हीया पाठक पहुंची थी। 25 वर्षो से अधिक समय से धुरंधर पाल और ध्रुप पाल पुत्र सुमारी पाल ने ग्राम सभा के सड़क के जमीन पर अवैध पक्का निर्माण कर ग्राम सभा का रास्ता अवरुद्ध कर दिया था। इसके विरुद्ध में वकील कुशवाहा ने उच्च न्यायालय में मकान को तोड़ने के लिए याचिका दायर किया था। तहसीलदार तमकुही राज ने धारा 67 की कार्यवाही के लिए नायब तहसील कुंदन वर्मा, हल्का कानूनगो अशोक वर्मा, लेखपाल मनोज कुमार, संजय कुमार, मनोज कुमार, अश्वनी राय, रणजीत कुमार सहित दर्जनों राजस्वकर्मी और पुलिस मौके पर पहुंच कर मकान को तोड़ कर कब्जे को हटवाने का कार्य किया। इस संबंध में नायब तहसील दार कुंदन वर्मा ने बताया कि न्यायालय के अनुपालन 5 सदस्यों की एक टीम गठित हुई थी। धारा 67 की कार्यवाही करते हुए अवैध कब्जे को हटवाया गया है।

## उदयभान पाठक अध्यक्ष, रामलाल तिवारी मंत्री निर्वाचित

बस्ती, 01 मई (तरूणमित्र)। गुरुवार को राजकीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी फार्मेसिस्ट संघ का द्विवार्षिक अधिवेशन प्रेस क्लब सभागार में प्रान्तीय अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश पाण्डेय के पर्यवेक्षण में सम्पन्न हुआ। अधिवेशन में वक्ताओं ने राजकीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी फार्मेसिस्टों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा के साथ पुरानी पेंशन बहाली पर जोर दिया गया। दूसरे सत्र में चुनाव अधिकारी डा. हरीश सिंह और डा. अरविन्द निगम की देख रेख में हुये चुनाव में उदयभान पाठक ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी रामनरायन चौधरी को 2 मतों से पराजित कर अध्यक्ष बने। मंत्री पद के चुनाव में रामलाल तिवारी ने 24 मतों से राम नरेश तिवारी को पराजित कर जीत दर्ज किया।

## रेडक्रास सोसायटी ने गंमछा, मिठाई देकर किया मजदूरों का सम्मान

बस्ती, 01 मई (तरूणमित्र)। इंडियन रेडक्रास सोसायटी की ओर से मजदूर दिवस पर सैकड़ों मजदूरों को गमछा, मिठाई, पानी की बोतल आदि देकर उनका सम्मान किया गया। चेयरमैन डा. प्रमोद कुमार चौधरी, सतेन्द्र कुमार दूबे एवं सचिव रंजीत श्रीवास्तव एवं राजेश कुमार ओझा ने आज सुबह कटरा चौराहा स्थित सांई मंदिर पहुंचकर यहां काम की तलाश कर रहे मजदूरों का हौसला बढ़ाया और उन्हें हीट वेव से बचने तथा शरीर को गर्मी के इस मौसम में हाइड्रेट रखने की सलाह दिया।

डा. प्रमोद ने कहा काम करना सभी के जिये जरूरी भी है और मजबूरी भी। लेकिन हमे अपने स्वास्थ्य की प्राथमिकताओं को भी समझना होगा। समय से पहले शारीरिक अयोग्यता या अक्षमता से परिवार पर अचानक बोझ पड़ जाता है। सतर्कता दीर्घ अवधि तक स्वस्थ रखती है। उन्होने सभी मजदूरों को हार्दिक बधाई व शुभकामनायें दिया। रंजीत श्रीवास्तव ने कहा कुशल अकुशल सभी श्रमिकों का सम्मान होना चाहिये। हालांकि सरकार की तमाम योजनाओं का श्रमिकों को लाभ प्राप्त हो रहा है, फिर भी निजी स्तर पर भी श्रमिकों के प्रति सहानुभूति दिखनी चाहिये। सोसायटी के वायस चेयरमैन डा. एल.के. पाण्डेय, संतोष सिंह, अशोक सिंह, राहुल श्रीवास्तव उमेश श्रीवास्तव, इमरान अली ने सोसायटी के इस पहल की सराहना किया है।

## कुलाधिपति ने दी बधाई एवं शुभकामनाएं

● स्थापना दिवस-हीरक जयन्ती समारोह

गोरखपुर, 01 मई (तरूणमित्र)। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय अपनी स्थापना की हीरक जयन्ती (75वीं वर्षगाँठ) अपार उपलब्धियों और उत्कृष्ट शिक्षण परंपरा के साथ मना रहा है। विश्वविद्यालय ने शिक्षा, शोध, नवाचार एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति करते हुए राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है।

इस ऐतिहासिक अवसर पर महामहिम राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने विश्वविद्यालय परिवार को संदेश प्रेषित किया है। उन्होंने कहा कि यह अत्यन्त हर्ष का विषय है कि दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय अपार उपलब्धियों के साथ अपने स्थापना की हीरक जयन्ती मना रहा है। मेरी कामना है कि विश्वविद्यालय परिवार और विद्यार्थी विश्वविद्यालय के चहुँमुखी विकास में संकल्पबद्ध होकर योगदान दें ताकि विश्वविद्यालय की गणना उत्कृष्ट शिक्षा संस्थानों में हो सके। दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस पर विश्वविद्यालय परिवार और समस्त विद्यार्थियों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएँ।

कुलपति प्रो. पूनम टण्डन ने कुलाधिपति द्वारा प्रेषित शुभकामना संदेश के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि महामहिम का प्रेरणादायी संदेश विश्वविद्यालय समुदाय के लिए अत्यंत उत्साहवर्धक है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की हीरक जयन्ती न केवल हमारे गौरवशाली अतीत की स्मृति है, बल्कि भावी लक्ष्यों की ओर अग्रसर होने का अवसर भी है। यह विश्वविद्यालय शिक्षा, शोध और नवाचार के क्षेत्र में उत्तर भारत का एक अग्रणी केंद्र बन चुका है। हम समावेशी, गुणवत्तापूर्ण और नवाचारपरक शिक्षा की दिशा में निरंतर प्रयासरत हैं। मेरी शुभकामनाएँ विश्वविद्यालय के सभी शिक्षकगण, अधिकारीगण, कर्मचारी, शोधार्थी एवं विद्यार्थियों को, जिन्होंने इस संस्था को उसकी वर्तमान ऊँचाइयों तक पहुँचाने में अपना योगदान दिया है।

## 97.8 फीसदी पाकर सौम्या ने जिले में पाया दूसरा स्थान

देवरिया, 01 मई (तरूणमित्र)। शहर के जीवन मार्ग सोफिया सेकेंड्री स्कूल से जिले में दूसरा स्थान लाकर सौम्या ने अपने पढ़ाई का लोहा मनवाया है। सौम्या के पिता जीतेन्द्र दीक्षित योग प्रशिक्षक हैं। उन्होंने बताया कि आई.एस.सी.ई. बोर्ड में सौम्या ने 97:8 फीसदी अंक लाकर विद्यालय एवं अपने माता-पिता का सर उंचा किया है। सौम्या ने बताया कि आगे चलकर उसे एक चिकित्सक बन कर समाज के कमजोर एवं गरीबों की सेवा करनी है। इस सफलता पर क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं उनानी अधिकारी



डा. विशाल चौधरी, गौरव शाही (जिला कार्यक्रम प्रबंधक), संजय पांडेय लेखकार, परितोष सिंह, डा. पिंटू लाल यादव, जयराम तिवारी, एस.के.सिंह, धर्मेश पाण्डेय, विक्रम ज्योति पांडेय, राजेश गुप्ता, सुनील कुमार, इत्यादि योग प्रशिक्षकों ने बधाई दी।

## डॉ. भीमराव अंबेडकर की फोटो के साथ छेड़छाड़ कर अखिलेश यादव की फोटो लगाए जाने का विरोध

उतरौला/ बलरामपुर 01 मई (तरुण मित्र) बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के फोटो के साथ छेड़छाड़ करके, सपा मुखिया अखिलेश यादव की फोटो लगाए जाने के विरोध में, विधायक राम प्रताप वर्मा के नेतृत्व में, भाजपा कार्यकर्ताओं ने विरोध यात्रा निकाल कर, प्रदर्शन किया। समाजवादी पार्टी व अखिलेश यादव मुदार्बाद का नारा लगाते हुए भाजपाई उतरौला के अम्बेडकर चौराहे पर पहुंचे। इस दौरान विधायक राम प्रताप वर्मा व भाजपा कार्यकर्ताओं ने अम्बेडकर प्रतिमा व प्रतिमा स्थल की साफ-सफाई कर समाजवादी पार्टी व अखिलेश यादव के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की। विधायक राम प्रताप वर्मा ने कहा कि बाबा साहेब भीमराव



अंबेडकर एक व्यक्ति नहीं बल्कि भारतीयों के आदर्श है। उन्हें देश की अधिसंख्य आबादी अपना आदर्श मानती है । ऐसे में समाजवादी पार्टी द्वारा अपने मुखिया अखिलेश यादव को उनके समकक्ष खड़ा करना बाबा साहेब का अपमान है। भाजपा ने हमेशा बाबा साहब के दिखाए रास्ते का पालन किया है। उनके अपमान में भाजपा का हर कार्यकर्ता व देश की सर्वाधिक आबादी दुखी व आक्रोशित है। सभासद दुर्गा प्रसाद, देवानंद गुप्त, सुधीर श्रीवास्तव, फणीन्द्र गुप्त, कृष्ण कुमार गुप्त, महेंद्र प्रताप सिंह, रमेश जायसवाल, सीबी माथुर, ओमप्रकाश गुप्त, विकास गुप्त, अंकुर गुप्त, समेत कई कार्यकर्ता शामिल रहे।

## महिलाओं ने श्रमिकों में वितरित की खाद्य सामग्री

बस्ती, 01 मई (तरूणमित्र)। मजदूर दिवस पर गुरूवार को चित्रांश क्लब महिला विंग की जिला संयोजक प्रतिमा श्रीवास्तवा के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने बाटा गली के सामने दिहाड़ी मजदूरी की उम्मीद में बैठे श्रमिकों के साथ उनका सुख दुःख साझा किया। उनमें गमछा, विस्कुट, पानी आदि का वितरण किया।क्लब संस्थापिका रेखा चित्रगुप्त, संरक्षिका संध्या दीक्षित, अर्चना श्रीवास्तवा ने कहा कि मजदूरों के पसीने से ही खेत खलिहाल लहलहाते हैं और ऊंची इमारते खड़ी होती है। हमें इनके श्रम को सम्मान देना होगा। कहा कि महिलाओं को अपने घरों से इसकी शुरूआत करनी होगी। श्रमिकों में सामग्री वितरण के दौरान मुख्य रूप से सुमन श्रीवास्तवा रोमी बाधवा, सविता श्रीवास्तवा, रानी श्रीवास्तवा आदि शामिल रहीं।

## मजबूर होता जा रहा मजदूर : गोष्ठी में विमर्श

बस्ती, 01 मई (तरूणमित्र)। विश्व श्रमिक दिवस के अवसर पर गुरूवार को कबीर साहित्य सेवा संस्थान अध्यक्ष सामईन फारूकी के संयोजन में कलेक्टेज्ट परिसर में गोष्ठी का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि भारत सहित विश्व स्तर पर मजदूर लगातार मजबूर होता जा रहा है।

गोष्ठी को मुख्य अतिथि के रूप सम्बोधित करते हुये वरिष्ठ चिकित्सक डा. वी.के. वर्मा ने कहा कि काम के 8 घंटे तय किये जाने को लेकर अमेरिका से जो संघर्ष शुरू हुआ वह सिलसिला अभी तक जारी है। कहा कि जिस दिन देश के मजदूर शिकागो के अमर शहीदों के बलिदान को आत्मसात कर लेंगे दुनियां से मजदूरों पर होने वाले जुल्म, अत्याचार समाप्त होने लगेगा।

वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम प्रकाश शर्मा ने दुनियां में आ रहे बदलाव, पूंजीपतियों द्वारा शोषण, श्रमिक कानूनों पर विस्तार से चर्चा करते हुये कहा कि भारत के श्रमिक सबसे बुरे दौर से गुजर रहे हैं। एकजुटता से ही श्रमिकों की समस्या का समुचित हल हो सकेगा। साहित्यकार डा. रामकृष्ण लाल ह्यजगमगह्ल ने कहा कि जब तक श्रमिक वर्ग आपस में बिखरा रहेगा समस्याओं का हल निकलना संभव नहीं है। आज सबसे बड़ी जरूरत एकजुटता को मजबूत करने की है। अध्यक्षता करते हुये बी.एन. शुक्ल ने कहा कि मजदूरों की स्थिति सुधरे इसके लिये साझा प्रयास करना होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### संदिग्ध परिस्थितियों में लड़की की मौत

गोरखपुर, 01 मई (तरूणमित्र)। राजघाट थाना क्षेत्र के मोहल्ला बनकटी चक की रहने वाली 16 वर्षीय लड़की निशा मौर्य पुत्री जुगाली मौर्य की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।जानकारी के अनुसार बृहस्पतिवार की सुबह लगभग 9:00 के करीब पुलिस को एक लडक ी की पेड़ से लटकती हुई लाश मिलने की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पीएम के लिए भेज दिया है।

### बैतालपुर चीनी मिल चालू होने तक जारी रहेगा प्रदर्शन: राम प्रकाश

देवरिया, 01 मई (तरूणमित्र)। बैतालपुर चीनी मिल चलाने के लिए चीनी मिल चलाओ संघर्ष समिति के तत्वाधान में चलाया जा रहा धरना आज 155 वें दिन जारी रहा। सभा को संबोधित करते हुए समिति के उपाध्यक्ष राम प्रकाश सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री के घोषणा के बाद भी बैतालपुर चीनी मिल चलाने की कोई प्रक्रिया अब तक पूरी नहीं हुई। कहा कि जब तक चीनी मिल चालू नहीं होगा तब तक हम किसान धरना प्रदर्शन करते रहेंगे चाहे इसके लिए हम किसानों को जो भी कुबार्नी देनी होगी दिया जाएगा। इस अवसर पर, राजू चौहान, वृद्धि चंद यादव, राम इकबाल चौहान, बरकत अली, शंभू नाथ तिवारी, विजय कुमार सिंह, मंजू, कन्हैया चौहान, अशोक मालवीय, दीनदयाल, जगदीश यादव, इत्यादि लोग मौजूद रहे।

### मांगों को लेकर बीएसए कार्यालय पर गरजे शिक्षक

बस्ती, 01 मई (तरूणमित्र)। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर गुरुवार को 14 सूत्रीय मांगों को लेकर बड़ी संख्या में शिक्षकों ने संघ के जिलाध्यक्ष चन्द्रिका सिंह के नेतृत्व में बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर धरना दिया और मांगो के समर्थन में गरजे। इसके बाद जिलाधिकारी द्वारा नामित नायब तहसीलदार कमलेन्द्र सिंह तथा प्रभारी बीएसए विनोद त्रिपाठी को ज्ञापन सौंपा।धरने को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों का शिक्षक संकट के दौर से गुजर रहा है हर रोज मनमाने आदेश जारी होने के साथ ही धीरे-धीरे सारे अधिकार छीन लिए जा रहे हैं। कहा कि शिक्षकों की मांगे यदि नहीं मानी गई तो आंदोलन तेज किया जाएगा और मांगे पूरी होने तक यह जारी रहेगा।

### स्वास्थ्य शिविर, 125 ग्रामीणों को मिला लाभ

गोरखपुर, 01 मई (तरूणमित्र)। एम्स गोरखपुर द्वारा आज वन्तांगिया गाँव में एक विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर समुदाय एवं परिवार चिकित्सा विभाग द्वारा नेत्र विज्ञान एवं दंत चिकित्सा विभाग के सहयोग से और जिला स्वास्थ्य प्रशासन के समर्थन से आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य दूरदराज और वंचित समुदायों को समग्र स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना था। शिविर में कुल 125 ग्रामीणों की जाँच की गई, जिनमें उच्च रक्तचाप, मधुमेह, एनीमिया (खून की कमी) जैसे रोगों की पहचान और स्क्रिनिंग की गई। नेत्र विभाग द्वारा मोतियाबिंद समेत आँखों की समस्याओं की जाँच की गई और जरूरतमंदों को आगे के इलाज के लिए रेफर किया गया। वहीं, दंत विभाग ने मुँह के कैंसर की स्क्रिनिंग, सही मौखिक स्वच्छता के तरीके, और दंत स्वास्थ्य संबंधी शिक्षा प्रदान की। शिविर में निःशुल्क दवाओं का वितरण भी किया गया, जो मरीजों की व्यक्तिगत स्वास्थ्य आवश्यकताओं के अनुसार दिया गया।

## मजदूर दिवस पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने सौंपा ज्ञापन

बस्ती, 01 मई (तरूणमित्र)। आंगनवाडी कर्मचारी व सहायिका एसोसिएशन की मण्डल अध्यक्ष भानमती दूबे और जिलाध्यक्ष सुनीता देवी के संयोजन में विश्व मजदूर दिवस पर अमहट घाट के निकट गोष्ठी का आयोजन किया गया। समस्या के समाधान और मांगों पर विस्तार से चर्चा के बाद जिलाधिकारी के प्रशासनिक अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन देकर समस्याओं के निस्तारण की मांग किया गया।ज्ञापन देने के बाद मण्डल अध्यक्ष भानमती दूबे और जिलाध्यक्ष सुनीता देवी ने कहा कि संगठन के संज्ञान में आया है कि कुछ जनपदों में एजूकेटर भर्ती की जा रही है, जिसे तत्काल रद्द किया जाये। कहा कि जब राज्य कर्मचारी की भांति उनकी नियुक्ति होती है और जिस प्रकार के कार्य राज्य कर्मचारी कर रहें हैं।

## सपा सांसद सुमन पर हमले से आक्रोश, कानून व्यवस्था के सवाल पर गरजे समाजवादी

बस्ती, 01 मई (तरूणमित्र)। गुरूवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आवाहन पर समाजवादी पार्टी नेताओं, कार्यकताओं ने पार्टी जिलाध्यक्ष और बस्ती सदर विधायक महेन्द्रनाथ यादव के नेतृत्व में जिलाधिकारी कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा। मांग किया कि सपा के राष्ट्रीय महासचिव राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन को करणी सेना द्वारा लगातार दिये जा रहे जान माल की धमकी, उनके आवास और काफिले पर हमला, उत्तर प्रदेश में पीडीए समाज के उत्पीड़न की बढती घटनाओं को देखते हुये संविधान और लोकतंत्र की भावना के अनुरूप निर्णय लिये जाय। बूंदा बांदी, बारिश, ओले पड़ने के दौरान हजारों समाजवादी केन्द्र और राज्य सरकार की मनमानी के विरोध में नारे लगा रहे थे। समाजवादी नेता, कार्यकर्ता शास्त्री चौक पर एकत्र हुये और डीएम कार्यालय तक पद यात्रा कर ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन देने के बाद सपा जिलाध्यक्ष और बस्ती सदर विधायक महेन्द्रनाथ यादव ने कहा कि सांसद रामजीलाल सुमन पर किया गया हमला भारतीय लोकतंत्र और दलितों की अस्मिता पर हमला है। इससे उत्तर प्रदेश सरकार की दलित विरोधी मानसिकता उजागर हो गयी है। कहा कि करणी सेना द्वारा सत्ता के संरक्षण में जिस प्रकार से अराजकता फैलाया जा रहा है उस पर सरकार और प्रशासन की चुप्पी हैरान करने वाली है। प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति दयनीय है। आये दिन हत्या, लूट, छिनैती की घटनायें बढ रही हैं।

## वन नेशन वन इलेक्शन पर प्रबुद्ध संगोष्ठी

बस्ती, 01 मई (तरूणमित्र)। एक निजी मैरेज हॉल में 'वन नेशन वन इलेक्शन' विषय पर एक प्रबुद्ध समागम संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री एवं भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सूर्य प्रताप शाही ने प्रबुद्ध जनों को संबोधित करते हुए कहा कि एनडीए सरकार विकसित भारत के निर्माण की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है।मंत्री शाही ने बताया कि सरकार ने इस मुद्दे पर देश की 52 से अधिक राजनीतिक पार्टियों को आमंत्रित किया था, जिनमें से 42 पार्टियों ने इसका समर्थन किया जबकि 13-14 पार्टियों ने विरोध दर्ज कराया। उन्होंने बताया कि देश की अधिकांश जनता 'वन नेशन वन इलेक्शन' के पक्ष में है।

उन्होंने कहा कि यदि देश में एक साथ चुनाव कराए जाएं तो लगभग 4.5 लाख करोड़ की बचत हो सकती है, जो देश की जीडीपी का लगभग 1.5 प्रतिशत है। इस धनराशि से देश के विकास में नए अध्याय जोड़े जा सकते हैं। कैबिनेट मंत्री ने स्पष्ट किया कि इस व्यवस्था को लागू करने के लिए संविधान में संशोधन तथा राज्यों की विधानसभाओं में भी बदलाव आवश्यक होंगे, जिसके लिए दो-तिहाई बहुमत और राज्यों की सहमति जरूरी है। विवेकानंद मिश्र ने अपने विचार रखते हुए कहा कि इस



● सूर्य प्रताप शाही ने बताया फायदे, कहा आओ मिलकर हाथ बढ़ाएं

पहल का उद्देश्य चुनाव प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करना, सार्वजनिक खर्च में भारी कटौती करना तथा नीतियों के प्रभावी कार्यान्वयन हेतु अनुकूल वातावरण तैयार करना है। उन्होंने बताया कि सरकार इस दिशा में जनजागरूकता अभियान चला रही है और जनपद स्तर पर गोष्ठियों का आयोजन कर लोगों को इसके लाभ बताए जा रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष पवन कसौधन ने किया।

## डीएम की अध्यक्षता में गेहूं खरीद की समीक्षा बैठक आयोजित

संतकबीरनगर, 01 मई (तरूणमित्र)। जिलाधिकारी आलोक कुमार की अध्यक्षता में गेहू खरीद की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी जय प्रकाश उपस्थित रहे।

बैठक में जिला खाद्य विपणन अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि शासन द्वारा जनपद में गेहॅू खरीद का लक्ष्य 24000 मी0टन निर्धारित किया गया है। रबी विपणन वर्ष 2025-26 में न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रू0 प्रति कु0 निर्धारित किया गया है। जनपद में कुल 48 क्रय केन्द्रों का अनुमोदन किया जा चुका है जिसमें से खाद्य विभाग के 22, पी0सी0एफ0 के 22, मण्डी समिति के 01 एवं भा0खा0नि0 के 03 क्रय केन्द्र अनुमोदित किया गया है। जनपद को आवंटित गेहॅू खरीद लक्ष्य 24000 मी0टन के सापेक्ष दिनांक 30.04.2025 तक 2135.798 मी0टन (8.89 प्रतिशत) गेहॅू खरीद हुई है। जनपद में खाद्य विभाग को निर्धारित लक्ष्य 11000 मी0टन के सापेक्ष 1713.10 मी0टन (15.57



प्रतिशत), पी0सी0एफ0 को निर्धारित लक्ष्य 11000 मी0टन के सापेक्ष 272.598 मी0टन (2.17 प्रतिशत) कृषि उत्पादन मण्डी समिति को निर्धारित लक्ष्य 500 मी0टन के सापेक्ष 133.95 मी0टन (26.79 प्रतिशत) एवं भारतीय खाद्य निगम को निर्धारित लक्ष्य 1500 मी0टन के सापेक्ष 16.15 मी0टन (1.07 प्रतिशत) खरीद की गयी है।

समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारी एवं खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक क्रय केन्द्रों का औचक निरीक्षण करते हुए उसका भौतिक सत्यापन कराया जाये। उन्होंने समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि बड़े कास्तकारों की सूची तैयार कराते हुए उनसे सम्पर्क कर गेहॅू विक्रय हेतु प्रेरित करें। समस्त गेहॅू क्रय केन्द्र प्रभारी किसान सम्पर्क रजिस्टर अवश्य बनाये एवं जिस भी किसान से सम्पर्क करे उसका सम्पूर्ण विवरण सम्पर्क रजिस्टर में अवश्य दर्ज किया जाये। प्रदेश में समस्त क्रय केन्द्र प्रातः 08 बजे से सांय 08 बजे तक खुले रखे जाए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही होगी। प्रतिदिन क्रय केन्द्र प्रभारी द्वारा क्रय केन्द्र पर पूर्वहन 08 बजे से 09 बजे तक अपनी बायोमेट्रिक उपस्थिति ई-पॉप डिवाइस पर अवश्य दर्ज की जायेगी। क्रय केन्द्र प्रभारी मोबाइल क्रय केन्द्रों के माध्यम से गेहॅू क्रय करना सुनिश्चित करें और जनपद की खरीद को बढ़ायें। जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)/जिला खरीद अधिकारी को निर्देशित किया कि जिला कृषि अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी एवं समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को गेहॅू क्रय हेतु कुछ लक्ष्य निर्धारित कर दिया जाये, जिससे खरीद में अपेक्षित सुधार हो सके तथा ग्राम प्रधान, सेल्फ हेल्प ग्रुप (ैभ्ळ), ग्राम पंचायत अधिकारी/सचिव तथा राजस्व विभाग के कर्मचारी यथा लेखपाल, कृषि विभाग व मण्डी परिषद के कर्मचारी इत्यादि का सहयोग लेकर कृषकों को सरकारी क्रय केन्द्रों/मोबाइल क्रय केन्द्रों पर गेहॅू बिक्री हेतु प्रेरित किया जाये।

जिलाधिकारी द्वारा समस्त केन्द्र प्रभारियों को निर्देशित किया कि सभी गेहॅू क्रय केन्द्र प्रभारी अपने निर्धारित लक्ष्य के अनुसार किसानों से सम्पर्क करते हुए तेजी से खरीद करना सुनिश्चित करे। जिससे जनपद के निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति हो सके। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी खलीलाबाद शैलेश दुबे, उप जिलाधिकारी धनघटा अरुण कुमार, उप जिलाधिकारी मेहदावल संजीव राय, अपर उप जिलाधिकारी उत्कर्ष श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी (न्यायिक) मेहदावल डॉ0 सुनील कुमार, डिप्टी आरएमओ कमलेश सिंह, एआर को-ऑपरेटिव अनूप मिश्रा, जिला पूर्ति अधिकारी राजीव कुमार, जिला मंडी सचिव शिवनिवास यादव सहित क्रय केंद्र प्रभारी आदि उपस्थित रहे।

## जिले में संभावित बाढ़ को ले की गई समीक्षा: डीएम

संतकबीरनगर, 01 मई (तरूणमित्र)। जिलाधिकारी आलोक कुमार की अध्यक्षता में आगामी बरसात के मौसम में सम्भावित बाढ़ एवं बंधो के कटान आदि से बचाव एवं सुरक्षा के दृष्टिगत बाढ़ स्टीयरिंग कमेटी की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी जय प्रकाश व मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी ने जनपद में बाढ़ के लिहाज से संवेदनशील नदियों राप्ती एवं घाघरा के आस-पास के इलाकों में सम्भावित बाढ़ से पूर्व की जाने वाली तैयारियों की समीक्षा करते हुए बंधो, बाढ़ चौकियो, आश्रय स्थलों, बाढ़ के दौरान फैलने वाली संक्रामक बीमारियों आदि के बारे में सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि सम्भावित बाढ़ के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा किये जाने वाले कार्यो/उपलब्ध करायी जाने वाली सेवाओं से सम्बंधित कार्य योजना प्रत्येक दशा में आगामी 15 मई तक अधिशाषी अभियन्ता डेज्नेज खण्ड-2 को उपलब्ध करा दें। उन्होंने कहा कि इससे पहले सभी सम्बंधित विभागीय अधिकारी 10 मई 2025 तक अपने विभागीय कार्यो एवं जिम्मेदारी के अनुसार बाढ़ क्षेत्र बंधों आदि का स्थलीय निरीक्षण करने के उपरान्त ही आवश्यकतानुसार कार्य योजना बनाकर उपलब्ध कराये।

बैठक के दौरान बाढ़ अधिकारी/अधिशाषी अधिकारी ड्रेनेज खण्ड ने सम्भावित बाढ़ से बचाव के दृष्टिगत अब तक की तैयारियों के बारे में अवगत कराया। जिलाधिकारी ने बंधों की मरम्मत आदि को गुणवत्ता सहित अबिलम्ब पूर्ण कर लिये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने जनपद के तीनों तहसीलो के उप जिलाधिकारीगण को अपने-अपने तहसीलों में बाढ़ से बचाव के दृष्टिगत किये जा रहें प्रबन्धों एवं आवश्यक व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण करते रहने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि बाढ़ सम्भावित क्षेत्रों का भ्रमण कर स्थानीय लोगो से किसी भी सम्भावित समस्या के बारे में पहले से ही जानकारी प्राप्त कर इसका निस्तारण सुनिश्चित करा लिया जाए। जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि शत-प्रतिशत हैण्ड पम्पों को क्रियाशील रखते हुए स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित रखी जाए। उन्होंने बाढ़ के दौरान किसी भी संक्रामक बीमारी को फैलने से रोकने के लिए आवश्यक और जीवन रक्षक दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित रखने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के सम्बंधित अधिकारी को दिये।

# नेशनल हाई-वे पर अवैध कट तत्काल करें बंद : डीएम

## सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने दिये निर्देश



**ललितपुर, 01 मई (तरूणमित्र)।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गयी। डीएम ने लोक निर्माण विभाग एवं एन.एच.ए.आई. के कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले समस्त ब्लैक स्पॉट पर आगामी बैठक से पूर्व सुरक्षात्मक कार्य कराये जाने एवं प्रत्येक ब्लैक स्पॉट की फोटो उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया। बैठक में अध्यक्ष ने एन.एच.ए.आई. द्वारा कराये गये रोड सेफ्टी के कार्यों की प्रगति से प्रतिमाह अवगत कराने के साथ वैध कट एवं अवैध कट की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिये तथा तदानुसार अवैध कट बंद करने हेतु निर्देशित किया। एन.एच. 44 से मिलने वाले एस.एच. /एम.डी.आर./ओ.डी.आर. के जंक्शन स्थल की सूची उपलब्ध कराने हेतु एन.एच.ए.आई./ अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया।

बैठक में अधिशासी अभियन्ता, नि.ख., लो.नि.वि., क्षेत्राधिकारी यातायात, उप मुख्य चिकित्साधिकारी, ईओ नगर पालिका, प्रबन्धक एनएचएआई झांसी, नोडल अधिकारी रोड सेफ्टी क्लब, जिला विद्यालय निरीक्षक प्रतिनिधि, यात्रीकर अधिकारी आदि उपस्थित रहे। अन्त में अधिशासी अभियन्ता, प्रा.ख., लो.नि.वि. ने आभार जताया।

# फिल्मी स्टाइल में दूल्हे को उठा ले गई गर्लफ्रेंड

- घर से थाने तक चला हाईवोल्टेज ड्रामा, परिजनों की एक न चली
- थाने में पंचायत के बाद न हो सकी तयशुदा लड़के से शादी
- दूल्हे के चचेरे भाई संग दुल्हन ने लिए फेरे, दूल्हा गया प्रेमिका संग

**झांसी, 01 मई (तरूणमित्र)।** किसी मसाला फिल्म की स्टाइल में ग्राम डेली में शादी के वक़्त हुए हाईवोल्टेज ड्रामे में हल्दी के वक़्त पहुंची युवती दूल्हे को मंडप से उठा ले गई और रक्शा थाने में जाकर दूल्हे से शादी के लिए अड़ गई। युवती का कहना था कि युवक और वह आपस में प्यार करते हैं लेकिन घरवाले उसकी जबरन कहीं और शादी कर रहे हैं। युवक के घरवाले विरोध पर उतरे तो थाने में कई घंटे तक पंचायत चली। तब दूल्हा भी बोला कि मैं भी इसी से शादी करना चाहता हूं। वो शादी तोड़कर अपनी गर्लफ्रेंड के साथ उसके घर चला गया। आनन फानन में चचेरे भाई को दूल्हा बनाया गया और घरवाले फिर बारात लेकर पहुंचे। इसके बाद शादी संपन्न हो सकी। युवक डेली गांव निवासी सनी पुत्र देवी प्रसाद है। परिजनों ने उसकी शादी दो माह पहले तय कर दी थी। बुधवार शाम को रक्सा के ढीमरपुरा गांव में बरात जानी थी।

### 10 साल से उन दोनों में प्रेम संबंध है

इससे पहले मंडप में शादी की रस्में चल रही थीं तभी यह काण्ड हो गया। युवती दतिया निवासी है। उसके मुताबिक 10 साल से उन दोनों में प्रेम संबंध हैं। पूरे प्रकरण का पटाक्षेप दुल्हन द्वारा युवक सनी को दतिया स्थित अपने गांव ले जाने के साथ हुआ। उधर, पहले से तय दुल्हन को लड़के सनी के चचेरे भाई के साथ रजामंदी से फेरे कराए जाने के बाद घटना का सुखद अंत हुआ। प्रभारी रक्सा थानाध्यक्ष शिवकुमार ने बताया कि दोनों पक्षों में आपसी समझौता हुआ है।

# जल्द रेलों में भी होंगे सीसीटीवी कैमरे : एडीजी जीआरपी

- एयरपोर्ट की तरह प्लेटफार्म पर भी चाहते हैं चाक चौबंद व्यवस्था
- ट्रेनों में अवैध वेंडर्स व किन्नर बने चुनौती, होगी प्रभावी कार्रवाई



**झांसी, 01 मई (तरूणमित्र)।** एडीजी जीआरपी प्रकाश डी ने गुरुवार को जीआरपी एसपी विपुल कुमार श्रीवास्तव और सीओ नईम खान मंसूरी के साथ बैठक कर वर्ष भर की प्रगति की जानकारी ली। इसके बाद दोपहर में सभी निरीक्षक और उप निरीक्षकों की बैठक लेते हुए अपराध व अपराधियों पर नकेल कसने के आदेश दिए। उन्होंने बताया कि रेल पटरियों की सुरक्षा व तोड़फोड़ करने वाले तत्वों पर नजर रखने के लिए जीआरपी द्वारा सूचना तंत्र सक्रिय किया जा रहा है।

इसके तहत उत्तर प्रदेश के 6 जीआरपी अनुभाग में रेल लाइन के आसपास रहने वालों को जीआरपी मित्र बनाया जा रहा है। प्रत्येक अनुभाग में 1000 मित्र बनाने का लक्ष्य है जो 50 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। सभी जीआरपी मित्र को जीआरपी वाट्सएप ग्रुप से जोड़ कर सहयोग लिया जाएगा। इसमें उन्होंने मीडिया से भी सहयोग मांगा। दो दिवसीय दौरे पर झांसी पहुंचे एडीजी प्रकाश डी ने पश्चिम रेलवे कॉलोनी स्थिति जीआरपी प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण किया और जवानों व अधिकारियों से जानकारी ली। मीडिया से रू-ब-रू एडीजी ने रेल एवं यात्रियों व उनकी सम्पत्ति की सुरक्षा के साथ अपराध व अपराधियों पर नकेल कसने की सिलसिले वार जीआरपी की कार्यप्रणाली पर प्रकाश डाला। उन्होंने अवैध वेंडर्स के सवाल पर स्वीकारा कि अवैध वेंडर व किन्नर बड़ी चुनौती हैं। उन्होंने दावा किया कि अवैध की पहचान कर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि प्लेटफार्म की तरह ट्रेन में सीसी टीवी कैमरे लगाए जाने की योजना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि रेलवे स्टेशनों पर एयरपोर्ट की तरह व्यवस्था लागू हो जाए तो सभी समस्याओं का समाधान हो सकता है।

# रेलवे यूनियन ने मनाया मजदूर दिवस



**झाँसी, 01 मई (तरूणमित्र)।** नार्थ सेंट्रल रेलवे मैन्स यूनियन ई.एम.एस.-1 कारखाना के तत्वावधान में ऊषा सिंह व रामकुमार परिहार की अध्यक्षता में शिकागो के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें कॉमरेड जॉन बेंजामिन की मूर्ति पर माल्यार्पण के साथ मजदूर दिवस मनाया गया।

शाखा सचिव ऊषा सिंह व शाखा कोषाध्यक्ष सुनील कुमार ने इस अवसर पर बोलते हुये बताया कि 01 मई को मजदूर दिवस विश्व के लगभग 80 देशों में मनाया जा रहा है। शाखा अध्यक्ष कॉ. रामकुमार परिहार ने जॉन बेंजामिन के जीवन पर प्रकाश डालते हुये अपने साथियों को मजदूर दिवस की शुभकामनायें दी। कार्यक्रम में हरि शंकर यादव, दयाशंकर यादव, सुनील शर्मा, राम निवास, यूसुफ खान, वीरेंद्र गुर्जर, मुश्ताक खा, जितेंद्र कुमार वर्मा, अरविंद कुमार, संतोष कुमार वर्मा, गुरुदयाल यादव, यूथविंग सचिव ब्रजभूषण शाक्य, अभिषेक रायकवार, के.के.निरंजन, सुदामा राय, विक्रम यादव, आशीष यादव, वीरेंद्र यादव, महिला विंग से अर्चना वर्मा आदि उपस्थित रहे। रामकुमार परिहार ने आभार प्रकट किया।

## बड़े नेताओं की अनुपस्थिति में सपा का प्रदर्शन

**झांसी, 01 मई (तरूणमित्र)।** समाजवादी पार्टी ने भाजपा सरकारों के दलित विरोधी होने के आरोपों को लेकर कलेक्ट्रेट में जोरदार प्रदर्शन किया। सपाइयों ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर जोरदार नारेबाजी के बीच एक ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजा। सपा नेताओं का कहना था कि भाजपा के प्रोत्साहन पर सवर्ण करणी सेना रामजी लाल सुमन पर निरंतर हमला कर रही है। नेताओं ने आरोप लगाया कि यह हमले उनपर नहीं, बल्कि दलितों और देश की जनता पर है। सपा नेता और कार्यकर्ता अपने हाथों में तख्तियां भी लिए हुए थे। सपा नेता रोहित पारीछा ने कहा कि बीते दिनों पार्टी के वरिष्ठ सांसद रामजी लाल सुमन पर जो हमला हुआ और कल जिस प्रकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर हमले हो रहे हैं, वह दो नेताओं पर हमले नहीं हैं बल्कि, देश की जनता, दलित, वंचित और शोषित वर्ग पर हमला है। बोले कि भाजपा पीडीए की बढ़ती ताकत से घबराई हुई है। सपा नेताओं ने कहा कि उत्तर प्रदेश में भाजपा के शासनकाल में अराजक माहौल है। महिला, दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक समुदाय पर हमले हो रहे हैं।

## बुंदेलखंड राज्य के लिए संघर्ष जारी रहेगा: सिंह

**झांसी, 01 मई (तरूणमित्र)।** बुंदेलखंड क्रांति दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर सत्येन्द्र पाल सिंह के नेतृत्व में कार्यकताओं ने झांसी में प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। कलेक्टर की अनुपस्थिति में ज्ञापन प्रभारी अधिकारी को सौंपा गया। ज्ञापन में पृथक बुंदेलखंड राज्य की मांग की गई। कुंवर सत्येन्द्र पाल सिंह ने कहा कि बुंदेलखंड के सर्वांगीण विकास के लिए अलग राज्य जरूरी है और इस मांग को अंतिम सांस तक लेकर संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने सागर को बुंदेलखंड का दिल बताते हुए कहा कि वहां का विकास भी तभी संभव है जब अलग राज्य का गठन हो ।इस मौके पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमर सिंह, राष्ट्रीय महासचिव मोहम्मद नईम मंसूरी, नगर अध्यक्ष रेखा साहू , जिलाध्यक्ष विनोद वर्मा, मो. आरिफ कमाल, हरि शंकर शर्मा, अनवार अहमद मंसूरी, दुर्गा प्रसाद, राम प्रसाद धानुक, सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ट्रेनों के ठहराव को लेकर सहकार भारती ने सौंपा ज्ञापन

### राज्य महिला आयोग सदस्य अर्चना पटेल ने दिया कार्यवाही का आश्वासन



**ललितपुर, 01 मई (तरूणमित्र)।** रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव को लेकर सहकार भारती ने जिलाध्यक्ष विभूति भूषण चौरसिया के नेतृत्व में एक ज्ञापन राज्य महिला आयोग की सदस्य अर्चना पटेल को सौंपकर बताया कि ललितपुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव प्रतिदिन नहीं होने के कारण लोगों को आवागमन में समस्या का सामना करना पड़ रहा है। यहां से प्रतिदिन 700- 800 विद्यार्थी, दैनिक मजदूर व व्यापारियों का प्रतिदिन झाँसी आना जाना होता है। ललितपुर से राजधानी लखनऊ के लिए गाडि ?ीं बहुत कम है। राजधानी से जुड़े काम से लखनऊ जाना पड़ता है।

वर्तमान समय में ललितपुर से झाँसी और लखनऊ जाने के लिए सुबह 05.13 बजे से 10.11 बजे के मध्य कोई भी नियमित गाड़ी का ठहराव नहीं है इसलिए साप्ताहिक गाड़ी सं. 12107 सीतापुर एक्सप्रेस, एवं 15066 गोरखपुर एक्सप्रेस का ठहराव सुनिश्चित किया जाये ताकि ललितपुर के लोगों को झाँसी और लखनऊ जाने में परेशानी से राहत मिलेगी। इस दौरान जिलाध्यक्ष विभूति भूषण चौरसिया, महामंत्री कुंजबिहारी शर्मा के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे।

## फसल के अवशेष में आग लगाने पर एफआईआर दर्ज

**ललितपुर।** तहसील महरौनी की ग्राम पंचायत सिलावन के प्रधान नितेन्द्र कुमार ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसके गांव में बीती 26 अप्रैल को अपराह्न 12 बजे अज्ञात व्यक्तियों द्वारा फसल के अवशेष में आग लगा दी गयी, जिससे आग ने विकराल रूप धारण करके ग्राम समोगर तक मुख्य मार्ग पर खड़े हुये वृक्ष एवं फसल के अवशेष जलकर नष्ट हो गये। बताया कि इस प्रकरण में जनहानि हुयी है। उन्होंने पूरे मामले की जांच कराये जाने की मांग उठाते हुये ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है। पुलिस ने ग्राम प्रधान की तहरीर पर अज्ञात लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 326 (एफ) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# बुंदेलखंड राज्य : गाँव –गाँव, पांव– पांव यात्रा का तीसरा चरण आज से

### 15 मई को महोबा में समापन, राजा करेंगे नेतृत्व



**झांसी, 01 मई (तरूणमित्र)।** पृथक बुंदेलखंड राज्य निर्माण की मांग हेतु जन जागरण अभियान के तहत 'बुंदेलखंड संयुक्त मोर्चा' के तत्वावधान में राजा बुंदेला के नेतृत्व में जारी' गाँव- गाँव पांव - पांव यात्रा के दो चरण में मिले भारी जनसमर्थन के बाद अब तृतीय चरण शुरू किया जा रहा है। यात्रा का नेतृत्व कर रहे बुंदेलखंड विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष राजा बुंदेला ने बताया कि यात्रा तृतीय चरण में- राठ, हमीरपुर, महोबा पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि यात्रा 02 मई 2025 स्वामी ब्रह्मनन्द की समाधि स्थल राठ हमीरपुर से प्रारंभ होगी। यात्रा का समापन 15 मई को महोबा में होगा। उन्होंने जन सामान्य से बुन्देलखण्ड राज्य निर्माण आन्दोलन में सहयोग देने की अपील की है।

तृतीय चरण की यात्रा राठ से मुस्तरा, बिवांर, निवादा, हमीरपुर, सुमेरपुर, मौदहा, खन्ना, कबरई, खरेला, चरखारी, पनवाड़ी, कुलपहाड़, श्रीनगर होते हुए महोबा में भव्य समापन होगा।

# शासकीय योजनाओं से आज भी अछूते हैं मजदूर

### मजदूर दिवस पर भाकपा कार्यालय मे गोष्ठी संपन्न



**चित्रकूट, 01 मई (तरूणमित्र)।** एक मई अन्तर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने कैंप कार्यालय में का. चंद्रपाल पाल की अध्यक्षता में गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी को संबोधित करते हुए भाकपा सचिव का. अमित यादव एड ने कहा कि देश के अधिकांश हिस्सों में मजदूरों का दमन व शोषण किया जा रहा है तथा 8 घंटे से अधिक काम लिया जा रहा है। आज भी असंगठित मजदूरों का पंजीकरण श्रम विभाग में नहीं हो रहा है मजदूरों को श्रम विभाग के चक्कर लगाने पड़ते हैं उन्हें रजिस्ट्रेशन नहीं मिलता है इसका भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने संज्ञान लिया है। का. चंद्रपाल पाल ने कहा कि पार्टी जिले में वृहद स्तर पर अभियान चलाकर असंगठित मजदूरों की पहचान कर उनका पंजीकरण श्रम विभाग में कराएगा। का. सुशील यादव ने कहा कि भारत सरकार के श्रम मंत्रालय में जिले के असंगठित मजदूरों का पंजीयन कम है जिससे श्रम विभाग की योजनाओं का लाभ जिले के असंगठित मजदूरों को नहीं मिल पाता है तथा उनका पीएफ नहीं कट पाता है जिससे उन्हें काफी नुकसान उठाना पड़ता है।

गोष्ठी में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 20 मई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल में जनपद का मजदूर शामिल होगा। गोष्ठी मे कामरेड संदीप पाण्डेय, हनुमान, शिवबरन कुशल सिंह एडवोकेट, रामनरेश, लालू, बृजभूषण, अश्वनी, दिनेश, बुद्ध विलास, रोहित, दीपक, रामचंद्र, छेदीलाल, प्रेम सिंह, विजय मौजूद रहे।

# भारतीय किसान यूनियन ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

**अतर्रा/बांदा, 01 मई (तरूणमित्र)।** बदौसा ब्लाक तुर्रा में प्रस्तावित भूमि पर बनाए जाने को लेकर भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले किसानों ने तहसील में प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन ।जनहित में तुर्रा मैं बनाए जाने की उठाई मांग। ब्लॉक को लेकर ग्रामीणों में दो गुटों में बंटे लोग ।बदौसा ब्लॉक को तुर्रा में बनाए जाने को लेकर प्रशासन द्वारा प्रस्तावित भूमि को लेकर अब लोग दो गुटों में बंटते दिख रहे हैं। गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन के तहसील अध्यक्ष राजा सिंह के नेतृत्व में भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी व सैकड़ो ग्रामीणों ने तहसील पहुंचकर नारेबाजी और प्रदर्शन कर बदौसा ब्लॉक को जनहित में प्रस्तावित तुर्रा भूमि में ही बनाए जाने की मांग की ज्ञापन में कहा है कि कुछ लोग निजी स्वार्थ बस बदौसा भी ब्लॉक बनाए जाने की जिद कर रहे हैं जबकि राष्ट्रीय राजमार्ग से लगी कोई भूमि बदालसा में स्थित नहीं है ज्ञापन में कहा है कि ब्लॉक आम आदमी किसान मजदूर सभी के लाभ को दृष्टि में रखते हुए बनाया जाना चाहिए जो तभी पूरा होगा जब प्रस्तावित तुरा भूमि पर बनेगा क्योंकि वहां से कुछ किलोमीटर में ही किसानों के लिए तहसील सुविधाजनक है वहीं क्षेत्र अधिकारी कार्यालय सहित अन्य सुविधाएं भी भविष्य को देखते हुए लाभप्रद भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष महेंद्र त्रिपाठी ने कहा है कि बदौसा के कुछ व्यापारी नेता निजी स्वार्थ के कारण बदलते में ब्लॉक बनाने की मांग कर रहे हैं।

# सांसद रामजी लाल सुमन पर हुए हमलों के विरोध में सपा ने किया प्रदर्शन



**ललितपुर, 01 मई (तरूणमित्र)।** राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन पर हुए हमले को लेकर समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में सपा कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचे और भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन एडीएम अंकुर श्रीवास्तव को सौंपा, जिसमें हमले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की गई। सपा नेताओं का कहना था कि भाजपा सरकार में दलित नेताओं और समाज के कमजोर वर्गों पर लगातार हमले हो रहे हैं।

सरकार दलित विरोधी मानसिकता के तहत काम कर रही है और लगातार दलितों को निशाना बनाया जा रहा है।

इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ मोहन घायल, पूर्व जिलाध्यक्ष ज्योति सिंह लोधी, महिला सभा जिलाध्यक्ष गीता मिश्रा, नगराध्यक्ष अंशुल जैन अभि खजुरिया, जिला कोषाध्यक्ष रोहित राठौर, युवजन सभा जिलाध्यक्ष अरशद मंसूरी, पिछड़ा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह राजपूत, मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड जिलाध्यक्ष हृदेश यादव मुखिया, शत्रुघ्न यादव, लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष परवेज पठान, छात्र सभा जिलाध्यक्ष गौरव विश्वकर्मा, हरिसिंह यादव जिजयावन, रामनरेश यादव, पूर्व लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष आकिब मंसूरी, राजा यादव, एड. विनोद रायकवार, एड. रविकांत श्रीवास, नीलू रजक, राजा यादव, रामकुमार यादव, महेश यादव, शहरोज खान आदि मौजूद रहे।

# 100 दिन नहीं बल्कि हर दिन मिले काम-शबीना

- रैली निकलकर मजदूरों को बताए हक अधिकार
- मजदूर बोले- मनरेगा में समय से नहीं मिलती मजदूरी
- नरैनी में वनांगना संस्था ने मनाया अंतराष्ट्रीय मजदूर दिवस




**बांदा, 01 मई (तरूणमित्र)।** महिला संस्था वनांगना के तत्वावधान में चल रहे तरंग मेरे सपने मेरी उड़ान कार्यक्रम के तहत अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाया गया। रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में वनांगना संगठन की महिला लीडर्स व युवतियां, युवक शामिल हुए। गुरुवार को नरैनी ब्लॉक सभागार में अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस में सहयोग संस्था (लखनऊ) से आए अनुज ने कर्यक्रम मे मजदूरों को प्रोत्साहित करते हुए मनरेगा में आवेदन करने के लिए जागरूक किया। कहा कि हमको अपने हक की लड़ाई परस्पर लड़नी पड़ेगी। वरिष्ठ संदर्भ समूह शबीना मुमताज ने कहा कि हम मजदूर हैं, काम लेना हमारा अधिकार है स मजदूरों ने बताया कि मनरेगा में मजदूरी कम है होने की वजह से हम लोग बाहर मजदूरी करते है स शबीना ने कहा कि सरकार से मजदूरी बढ़ाने के लिए संगठित होकर मांग करने की जरूरत है। कार्यकर्ता शोभा देवी ने मजदूर दिवस का उदेश्य बतते हुए कहा कि 1 मई 1889 में 15 घंटे काम करना पड़ता था। काफी लम्बी लड़ाई के बाद अब 8 घंटे काम करना होता है। जिन मजदूरों ने यह लड़ाई लड़ी है उनके संघर्षो को याद रखना चाहिए। पुकारी ग्राम प्रधान विजय मिश्रा व नसेनी प्रधान अब्दुल जब्बार ने कहा कि हम मजदूरों के साथ हैं। हर ग्राम पंचायत में काम दिलवाने में मजदूरों का सहयोग किया जायेगा। कार्यकर्ता फरजाना ने सभी का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में 20 गांव के मजदूर शामिल हुए स संगठन लीडर्स रामबाई, शबीना, अभिलाषा, रेखा, माया, रामदेवी के साथ तरंग लीडर्स शाहीन, मिथला, अल्फिया, खुशबू, आतिफा, लक्ष्मी, आरती, रीना, महक, आशु, कमलेश, राजकुमारी, शामिल रहीं। माया व श्यामकली ने व्यवस्था संभाली।

## जातिगत जनगणना की मांग पूरी होने पर कांग्रेसी गदगद

**बांदा, 01 मई (तरूणमित्र)।** गुरूवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित को जातिगत जनगणना सरकार द्वारा कराने को मान लेने पर कांग्रेस के ओबीसी नेता पूर्व जिला महामंत्री के पी सेन ने मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की गई क्यों कि श्री सेन ने सबसे पहले बांदा में इस मांग को राहुल गाँधी से की थी। इसी खुशी में राहुल गाँधी द्वारा की गई मांग और संघर्ष के सामने सरकार झुकी। जिस पर सभी का धन्यवाद किया। इस अवसर पर संकटा प्रसाद त्रिपाठी सत्य प्रकाश दुवेदी बी लाल अशोक बरधन कर्ण युवा कांग्रेस नेता असद अल्वी नत्थू सेन सब्बीर भाई कार्यालय प्रभारी शिवबली सिंह मौजूद रहे।

## प्रदेश में ध्वस्त कानून व्यवस्था पर सपाइयों ने दिया धरना

**चित्रकूट, 01 मई (तरूणमित्र)।** सपाईयो ने जिलाध्यक्ष षिवषंकर सिंह यादव के नेतृत्व मे तहसील परिसर मे धरना प्रदर्षन कर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। सौंपे ज्ञापन मे प्रदेष मे ध्वस्त कानून व्यवस्था और समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन के ऊपर तथाकथित करणी सेना द्वारा लगातार प्राणघातक हमला करने वालो दोषियो पर कार्रवाई की मांग की। बताया कि प्रदेष मे कानून का राज खत्म हो गया है। धरने मे पूर्व सांसद बालकुमार पटेल, पूर्व विधायक वीर सिंह पटेल, डा० निर्भय सिंह पटेल, सूरज सिंह पटेल, सदर विधायक अनिल प्रधान, सांसद प्रतिनिधि डा० अंकुर पटेल, नरेन्द्र यादव, रामकिशोर कुरील, राजा यादव, अमर पटेल, अजय यादव, अश्विनी यादव, जलाल खान, समीर, जागेश्वर यादव, राकेश प्रजापति, मो० गुलाब खान, जागेश्वर यादव, श्याम बिहारी यादव, सन्तोष जायसवाल, राधेश्याम निषाद, सत्यम यादव आदि रहे।

# अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस : गरिमामयी समारोह में श्रमिकों को प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित

## श्रमिक समाज की रीढ़ : जिला पंचायत अध्यक्ष




**उरई, 01 मई (तरूणमित्र)।** अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में एक भव्य और गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी एवं जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने संयुक्त रूप से की।

जिला पंचायत अध्यक्ष ने श्रमिक दिवस पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि श्रमिक वर्ग किसी भी समाज और राष्ट्र की प्रगति की नींव होते हैं। उनकी मेहनत, निष्ठा और योगदान के बिना विकास संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही श्रमिक कल्याण योजनाएं उनके जीवन स्तर को ऊँचा उठाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार श्रमिकों के सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए अनेक योजनाएं चल रही है। उन्होंने कहा कि शिशु मातृत्व एवं बालिका मदद योजना महिला श्रमिकों को प्रसव के दौरान आर्थिक सहायता एवं बालिका जन्म पर अतिरिक्त प्रोत्साहन। संत रविदास शिक्षा प्रोत्साहन योजना कक्षा 1 से उच्च शिक्षा तक छात्रवृत्ति। कौशल विकास, तकनीकी उन्नयन एवं प्रमाणन योजना श्रमिकों को तकनीकी प्रशिक्षण। कन्या विवाह सहायता योजना श्रमिकों की पुत्रियों के विवाह हेतु आर्थिक सहयोग। गंभीर बीमारी सहायता योजनारू गंभीर बीमारी में इलाज हेतु सहायता। महात्मा गांधी पेंशन योजना वृद्धावस्था में नियमित पेंशन। निर्माण कामगार मृत्यु एवं दिव्यांगता सहायता योजनारू दुर्घटना या मृत्यु पर सहायता। उन्होंने श्रम विभाग को निर्देशित किया गया जनपद के श्रमिकों का शत प्रतिशत पंजीकरण कराया जाए जिससे इन्हें समस्त योजनाओं से लाभांवित किया जा सके। कार्यक्रम ने न सिर्फ श्रमिकों को सम्मानित किया, बल्कि उन्हें उनके अधिकारों और सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर सशक्त बनने का मार्ग भी दिखाया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार श्रीवास, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संजय कुमार, उपायुक्त स्वतः रोजगार महेंद्र चौबे, जिला विकास अधिकारी निशांत पाण्डेय, उपायुक्त उद्योग प्रभात यादव, श्रम प्रवर्तन अधिकारी जगदीश कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने स्पोर्ट्स स्टेडियम का किया औचक निरीक्षण



**महोबा, 01 मई (तरूणमित्र)।** जिलाधिकारी गजल भारद्वाज नें स्पोर्ट्स स्टेडियम का निरीक्षण किया। जिसमे स्टेडियम की साफ सफाई एवं उपकरण आदि व्यवस्थित पाये गये खिलाडियो एवं सम्मानित व्यक्तियों को पीने हेतु पानी की व्यवस्था के सम्बन्ध द्वारा पूछे जाने पर कीडाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि स्टेडियम में पानी पीने हेतु 03 वाटर कूलर लगे है बैडमिण्टन हॉल में निरीक्षण के दौरान द्वारा बैडमिण्टन हाल मे लगे वुडन कोर्ट सही कराने के निर्देश दिये गये तथा जिम हॉल में एग्झास्ट फैन लगाने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान क्रीड़ाधिकारी रामचंद्र स्टेनो कैम्प कार्यालय राजीव शुक्ला सहित अन्य अधिकारी/लकर्मचारीगण मौजूद रहे।

# सांसद पर हमले के विरोध में सपाइयों ने किया प्रदर्शन




**उरई, 01 मई (तरूणमित्र)।** अलीगढ़ टोल प्लाजा पर बीते रविवार को सपा सांसद पर करणी सेना द्वारा हमला किए जाने का आरोप लगाते हुए गुरुवार को सपाइयों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा।

प्रदर्शन के दौरान सपा जिलाध्यक्ष दीपराज गुर्जर ने कहा कि सपा के राष्ट्रीय महामंत्री व राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन पर अलीगढ़ के टोल प्लाजा पर करणी सेना ने हमला किया, जो निंदनीय है। इससे पहले बीती 12 अप्रैल को भारी संख्या में करणी सेना के लोगों ने सांसद के घर पर हमला बोला था और पुलिस मूक दर्शक बनी रही थी। वहीं, अब पुलिस की मौजूदगी में सपा सांसद पर दूसरी बार हमला किया गया। सपाइयों ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट राजेश कुमार को सौंपकर सपा सांसद को एसपीजी सुरक्षा दिलाने, दलितों, महिलाओं व पिछड़ों पर हो रहे हमले को रोकने और दोषी लोगों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। इस मौके पूर्व अध्यक्ष बीरपाल दादी, मान सिंह पाल, जीवन वाल्मीकि, विजय कुशवाहा, अजहर बेग, अजीत यादव, प्रदीप दीक्षित, महेश द्विवेदी, अशोक महावली, लाखन सिंह कुशवाहा, महेश शिरोमणि, महेंद्र कठेरिया, टिंकू मौखरी, राहुल पिरोना, दीपू यादव, शानू राईन, जमील मंसूरी, नत्थू कुशवाहा, चुन्ना हुसैन, फरहत उल्ला, जीनू कोरी, पुष्पेन्द्र यादव, मांडवी निरंजन, ममता कुशवाहा, अम्बरीष श्रीवास्तव, रामबाबू कठेरिया, अन्नू राजपूत, जब्बार शाह, मीरा राठौर, अनुराधा कठेरिया आदि अनेक लोग मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय सचिव ने सपा पदाधिकारियों संग दिया धरना

## डीएम के माध्यम से राष्ट्रपति को सौंपा ज्ञापन

**उन्नाव, 01 मई (तरूणमित्र)।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निदेशानुसार जिलाध्यक्ष राजेश कुमार यादव के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट उन्नाव पहुंचकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन को लगातार मिल रही जान से मारने की धमकी एवं उनके आवास तथा काफिले पर हुई हमले की घटना तथा संपूर्ण उत्तर प्रदेश में दलित समाज के ऊपर बढ़ रही घटनाओं में उत्तर प्रदेश की लचर कानून व्यवस्था एवं दिख रही दलित विरोधी मानसिकता के संदर्भ में शांतिपूर्वक धरना एवं विरोध प्रकट किया गया तथा जिलाधिकारी उन्नाव के द्वारा महामहिम राष्ट्रपति भारत सरकार को ज्ञापन सौंपा गया।

उपरोक्त धरना एवं विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से पूर्व सांसद अन्नू टंडन, पूर्व विधायक उदयराज यादव, पूर्व विधायक सुंदर लाल लोधी, पूर्व विधायक बदलू खान, पूर्व प्रत्याशी मुन्ना अल्वी,पूर्व प्रत्याशी डॉ० आँचल वर्मा, जिला महासचिव हेमंत पाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सी के त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष शिवशंकर गौतम, बितेंद्र यादव, साधु यादव, जिला सचिव सैय्यद इरफान, रमन पटेल, रामबहादुर यादव,सेवकलाल रावत, शशांक शेखर शुक्ला, अमन अंजुम, अंकित यादव, राहुल अग्निहोत्री, विनोद पाल एडवोकेट, राहुल गौतम, जितेंद्र कुशवाहा, पंकज लोधी, अल्वी मिश्रा, नितिन पटेल, बिंदे स्वरूप यादव, बालेंद्र यादव,अशोक सिंह गुड्डू, मकसूद अली,ओम प्रकाश पासवान,रामपाल कुशवाहा, मनीष सैनी, जाहिद खान, शरीफ खान, छोटेलाल भारतीय आदि पदाधिकारी व कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत को ले विभिन्न विभागों के नोडल अधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न

**उरई, 01 मई (तरूणमित्र)।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में 10 मई 2025 को आयोजित की जाने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता सुनिश्चित किये जाने हेतु जनपद न्यायाधीश अचल सचदेव के कुशल मार्ग दर्शन में जिला पंचायत, प्रोबेशन, सूचना, एवं श्रम आदि विभिन्न विभागों के नोडल अधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न हुई। इसमें उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

बैठक में प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अर्पित सिंह ने उपस्थित सभी अधिकारियों से कहाकि उच्चतम न्यायालय एवं राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आगामी दिनांक 10.05.2025 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जिला दीवानी न्यायालय उरई एवं वाह्य स्थित न्यायालयों में किया जाना है। इसमें जिला पंचायत, प्रोबेशन, सूचना एवं श्रम से सम्बन्धित परिवाद/सिविल वाद आदि विभिन्न प्रकृति के अधिकाधिक मुकदमों/मामलों को नियत किया जाना है।

## संक्षिप्त समाचार

### मारपीट का लिखा मुकद्दमा

**कोंच/उरई, 01 मई (तरूणमित्र)।** मुहल्ला भगत सिंह नगर निवासी प्रदीप कुमार बाल्मीकि पुत्र श्यामलाल दिन मंगलवार को सायंकाल 6.30 बजे अपनी पत्नी दीपिका के साथ मोटर साइकिल में पेट्रोल डलवाने आराजी लेन स्थित ओम साईं राम सेल पेट्रोल पम्प गया हुआ था। तभी वहां पर मौजूद पम्प कर्मी ऋषि यादव पुत्र केशव यादव प्रदीप की पत्नी को देखकर गलत अपशब्द कहने लगा। जिस पर प्रदीप ने मना किया तो वहां पर मौजूद लोकेंद्र अग्रवाल पुत्र चतुर्भुज पम्प मैनेजर केशव यादव व एक अन्य अज्ञात व्यक्ति आ गए और उन्होंने जाति सूचक गालियां देते हुए प्रदीप को मारने पीटने लगे। जिसे बचाने के लिए पत्नी दीपिका आयी तो उसे भी धक्का देते हुए डंडा से मारने को दौड़े और रिपोर्ट करने पर जान से मारने की धमकी दी। उक्त घटित घटना के सम्बंध में प्रदीप ने कोतवाली में एक तहरीर दी थी। जिस पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### आपसी विवाद में रिश्तेदारों ने किए हाथ साफ

**कोंच/उरई, 01 मई (तरूणमित्र)।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम देवगांव निवासी अवनीश कुमार पुत्र राजू ने दिन गुरुवार को एक प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि घटना दिनांक 01 मई 2025 समय करीब 12 बजे दोपहर की जब मेरा व मेरे भाई ज्ञान सिंह का आपस मे विवाद हो रहा था तो ज्ञान सिंह के ससुर सूरज सिंह भी मौके पर मौजूद थे तथा उनके साथ दो तीन अज्ञात लोग भी थे विवाद को देखते हुए ससुर सूरज सिंह ने मेरे सर में सरिया से वार कर दिया एवं ज्ञान सिंह ने भी मारा मैने अपने बचाव में चिल्लाया तो मेरे बचाव में चिल्लाने पर मेरी पत्नी संजना अवनीश कुमार व बहिन संगीता ने आकर बचाया मेरे सरिया से सर में चोट व पीठ पर व हांथो में मूंदी चोटें आईं है। मेरे पूंछने पर जान से मारने की धमकी दी। अवनीश कुमार ने पुलिस से उक्त लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की मांग की है। जिस पर पुलिस मामले का संज्ञान लेते हुए मामले की जांच में जुट गई है।


**उत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई ऑक्शन से संबंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ0रे0–मण्डल–वाणिज्य/उ0रे0 |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | ADVT-IntExt-197330-1-24-1 (Advertising-Train Interrior and Exterior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 29.04.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 17.05.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 17.05.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | ADVT-IntExt-155464-1-24-1 (Advertising-Train Interrior and Exterior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 29.04.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 17.05.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 17.05.2025 समय 10:40 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | ADVT-IntExt-109933-1-24-1 (Advertising-Train Interrior and Exterior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 29.04.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 17.05.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 17.05.2025 समय 10:50 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | ADVT-IntExt-174932-1-24-1 (Advertising-Train Interrior and Exterior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 29.04.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 17.05.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 17.05.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | ADVT-IntExt-96839-1-24-1 (Advertising-Train Interrior and Exterior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 29.04.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि(समस्त लॉट) | 17.05.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 17.05.2025 समय 11:10 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | ADVT-LKO-PYGS-OH-495-24-1 (Advertising-Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 29.04.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 16.05.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 16.05.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | ADVT-LKO-PYGS-OH-494-24-1 (Advertising-Out of Home |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 29.04.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 15.05.2025 समय 12:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 15.05.2025 समय 12:30 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | Pnu-LKO-PYGS-WRL-79-25-1 (Pay and Use-Lounges/Waiting/Retiring/Cloack Rooms) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 29.04.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 15.05.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 15.05.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

1286/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# सरकार पदम शाह बाबा का उर्स 12 से : कादरी

## उर्स के पहले दिन होगा ऑल इंडिया नातिया मुशायरा व दूसरे दिन महफिले कव्वाली



**उरई, 01 मई (तरूणमित्र)।** शहर के अंबेडकर चैराहे स्थित हिंदू मुस्लिम एकता की मिसाल सरकार सैयद पदम शाह बाबा के आस्ताने पर एक बैठक का आयोजन कमेटी के संरक्षक मुमताज रहमानी की मौजूदगी में कमेटी के अध्यक्ष आरिफ कादरी की अध्यक्षता में किया गया।

बैठक में कमेटी के पदाधिकारी पूर्व अध्यक्ष जमाल छोटू, पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र बजारिया, मुन्ना कैसेट, जुबैर आलम, मुन्ना अंसारी, कृपा शंकर बच्चू महाराज, संजू दुबे, रिजवान मस्टर, शानू बैटरी, सुशील द्विवेदी, शहादत मामू, इबादत अली (शानू), चुन्नू इंडिका व अजय महेशवरी द्वारा तय किया गया कि सैय्यद पदम शाह का 45 वां उर्स मुबारक हर साल की तरह इस बार भी आगामी 12 व 13 मई को बड़ी ही शानो शौकत के साथ मनाया जाएगा। कमेटी के अध्यक्ष आरिफ कादरी ने बताया कि आगामी 12 मई को आल इंडिया नातिया मुशायरा बरेली के धर्मगुरु शीरान रजा खान की सरपरस्ती में होगा। जिसमें मशहूर शायर सैयद कैफी अली बरेली, अहमद उल फत्ताह फैजाबादी, गुलाम गौस बदायूं शरीफ, अरशद बारसी एरच व अकील सिद्दीकी मुरादाबादी तशरीफ लाएंगे। कार्यक्रम की निजामत कारी इस्माइल अख्तर मसूदी कानपुरी करेंगे।

इसके बाद 13 अप्रैल को हिंदुस्तान के मशहूर फनकार हमसर हयात (निजामी ब्रदर्स) दिल्ली व सुल्तान नाजा पूना महाराष्ट्र अपने फन का जादू दिखाएंगे। इस दौरान अशरफ मंसूरी, एजाज पेंटर, सादाब खान, हाजी यूसुफ कादरी, हाजी सलीम खान, भूरे शाह, मुख्तार माइकल, इरफान मास्टर, पम्मू भाई आदि कमेटी के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने दिया उच्च गुणवत्ता का प्रमाण पत्र

**उन्नाव, 01 मई (तरूणमित्र)।** सचिव कृषि उत्पादन मण्डी समिति सुधीर सिंह ने बताया है कि मण्डी समिति उन्नाव का मण्डी शुल्क का वार्षिक लक्ष्य 454.43 करोड़ निर्धारित था जिसके लक्ष्य के सापेक्ष 509.10 करोड़ की प्राप्ति की गयी जिसका प्रतिशत 112.04 प्रतिशत है तथा कुल आय का लक्ष्य 710.52 करोड़ निर्धारित था लक्ष्य के सापेक्ष 805.37 करोड़ की प्राप्ति की गयी जिसका प्रतिशत 111.93 है। उन्होने बताया है कि अतिरिक्त प्रभार की मण्डी समिति-पुरवा के मण्डी शुल्क का लक्ष्य 284.96 करोड़ के सापेक्ष 312.74 करोड़ की प्राप्ति की गयी जिसका प्रतिशत 109.76 है तथा कुल आय में वार्षिक लक्ष्य 453.02 करोड़ निर्धारित था। जिसके सापेक्ष 523.40 करोड़ की प्राप्ति की गयी। जिसका प्रतिशत 115.56 है। उन्होने बताया है कि मण्डी समिति में भारत सरकार की टीम के द्वारा फल एवं सब्जी की ग्रेडिंग करायी गयी जिसमें नवीन मण्डी स्थल उन्नाव को अच्छी गुणवत्ता पाये जाने पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा प्रमाण पत्र मिला है,जिसे जिलाधिकारी गौरांग राठी द्वारा मण्डी सचिव उन्नाव को प्रदान किया गया है।

# बंदरों के डर से छत से गिरी छात्रा, मौत

**जालौन/उरई, 01 मई (तरूणमित्र)।** कक्षा आठ की छात्रा बंदरों के डर से गिरकर गभीर रूप से घायल हो गई। अस्पताल ले जाते समय छात्रा की मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस विधिक कार्रवाई कर रही है।

रामपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम जगम्मनपुर निवासी प्रताप दोहरे नगर के मोहल्ला खंडेराव में किराए के मकान में रहकर पानी पूरी का काम करते हैं। परिवार में पत्नी बबली के अलावा दो बेटे बड़ा बेटा विशाल (17) व छोटा बेटा साहिल (15) एवं बेटी अंजली (13) हैं। अंजली कक्षा आठ की छात्रा थी। गुरूवार की दोपहर अंजली स्कूल आने के बाद घर पर थी। शाम करीब चार बजे वह घर की छत पर चली गई। इसी दौरान अचानक वहां बंदर आ गए, जिनसे डरकर अंजली भागने लगी। भागते वक्त वह संतुलन खो बैठी और छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। गिरने के कारण उसे सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। अंजली के गिरने की आवाज सुनकर परिजन तत्काल उसे लेकर सीएचसी पहुंचे। लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गईं अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। अंजली की मौत की खबर सुनकर परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

**भाइयों की थी लाडली:** घर में सबसे छोटी बेटी अंजली दोनों भाइयों की लाडली थी। भाई उसके साथ ही बैठकर खाना खाते थे। अंजली के मौत की खबर सुनकर दोनों भाई बेहाल हैं और रो रोकर उसे याद कर रहे थे। मोहल्ले के लोगों के अनुसार अंजली पढ़ाई में भी काफी होशियार थी।

# नवागत आईएएस ने संभाला सहायक कलेक्टर का पदभार



**उन्नाव, 01 मई (तरूणमित्र)।** नवागत प्रशिक्षु आईएएस (बैच 2024) शौर्य अरोड़ा द्वारा जनपद उन्नाव में सहायक कलेक्टर के पद पर ज्वाइन किया गया। नवागत आईएएस द्वारा अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) सुशील कुमार गोंड के साथ कलेक्ट्रेट में संचालित कार्यालयों का भ्रमण कर विभिन्न पटलों के सम्बन्ध में जानकारी ली गयी। इस अवसर पर सहायक अभिलेख अधिकारी प्रशान्त कुमार नायक, सूचना अधिकारी सतीश कुमार सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी गण मौजूद रहे।

# रीयल टाइम केस रिपोर्टिंग, सटीक व विश्वसनीय डेटा संग्रह को करेगा सक्षम

**उरई, 01 मई (तरूणमित्र)।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ० एनडी शर्मा ने बताया कि 1 मई 2025 से उत्तर प्रदेश सरकार यूनीफाइड डिजीज सर्विलान्स पोर्टल (यूडीएसपी) पर वैक्सीन प्रिवेन्टेबिल डिजीजेस (वीपीडी) का डिजिटल सर्विलान्स शुरू किया जा रहा है। यह पहल, रीयल टाइम केस रिपोर्टिंग, सटीक और विश्वसनीय डेटा संग्रह को सक्षम करेगी, जिससे रोगों/प्रकोपों का शीघ्र पता लगाया जा सके और त्वरित गति से प्रभावी रणनीतियां तैयार कर क्रियान्वयन किया जा सके। वैक्सीन से रोके जा सकने वाली 6 बीमारियों-पोलियोमाइलाइटिस (एक्यूट प्लेसीड पैरालिसिस), खसरा, रूबेला, डिप्थीरिया, पर्तुसिस और टिटनेस के लिए केस बेस्ड सर्विलान्स, विश्व स्वास्थ्य संगठन के राष्ट्रीय सार्वजनिक स्वास्थ्य सहयोग नेटवर्क (एनपीएसएन) के सहयोग से सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम के तहत चल रही है। अब, पहली बार, इस निगरानी को यूडीएसपी में इंटीग्रेट किया जाएगा, जो उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कोविड-19 के बाद विकसित एक राज्य के स्वामित्व वाला डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जिसका उद्देश्य राज्य के लिए एकीकृत निगरानी प्रणाली के रूप में कार्य करना है। उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य है जिसने ऐसा प्लेटफॉर्म विकसित किया है, जिसे शुरू में मई 2023 में 12 अधिसूचित रोगों के लिए लॉन्च किया गया था और तब से यह बड़े पैमाने पर क्रियाशील है।

स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने कहा कि हमारे यूनीफाइड डिजीज सर्विलान्स पोर्टल (यूडीएसपी) के माध्यम से टीकों से रोकी जा सके वाले रोगों की डिजिटल निगरानी (सर्विलान्स) से जिलों और राज्य के बीच तीव्र गति से संवाद संभव हो सकेगा, जिससे इन रोगों की शीघ्र पहचान और पब्लिक हेल्थ रिस्पांस की गुणवत्ता में सुधार हो सकेगा। इससे हमें समय पर, सटीक डेटा मिलेगा, जो हमारे टीकाकरण कार्यक्रमों की योजना और निगरानी की बेहतर योजना तैयार कर निगरानी की जा सकेगी, साथ ही टीकाकरण कवरेज में सुधार के लिए त्वरित कार्यवाही की जा सकेगी इसके अतिरिक्त, इस प्लेटफॉर्म का एक प्रमुख लाभ यह है कि हमारे नागरिकों को अपनी लैब रिपोर्ट ऑनलाइन आसानी से मिल जाएगी, ठीक वैसे ही जैसे उन्हें कोविड रिपोर्ट मिली थी। इस पहल को सफल बनाने के लिए सभी स्वास्थ्य अधिकारियों और स्टाफ की सक्रिय भागीदारी महत्वपूर्ण है।

# शिक्षक संघ ने मानसी सिंह को किया सम्मानित

**कोंच/उरई, 01 मई (तरूणमित्र)।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई नदीगांव द्वारा प्राथमिक विद्यालय खुटैला में कार्यरत सहायक अध्यापिका सुषमा सिंह की होनहार बेटी मानसी सिंह को यूपीएससी में 168वीं रैंक हासिल करने पर सम्मानित किया गया। विद्यालय में खंड शिक्षा अधिकारी दिग्विजय सिंह के मुख्य आतिथ्य में संयोजित कार्यक्रम में संघ ने मानसी सिंह का माल्यापर्ण करते हुए एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा, मानसी सिंह ने पूरे जनपद एवं बेसिक शिक्षक परिवार का मान बढ़ाया है, वे जनपद की सभी बेटियों के लिए प्रेरणास्रोत हैं। संचालन शिक्षक प्रमोद गुप्ता ने किया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष राममनोहर निरंजन, इंद्रपाल गुर्जर, संजय सिंघाल, ब्लॉक अध्यक्ष राम अनुग्रह गुर्जर, सर्वेश शर्मा, साकेत सेठ, आसिफ हुसैन, निजामुद्दीन, अरविंद खाबरी, देवेंद्र जाटव, देवेंद्र वर्मा, प्रेम नारायण सिंह, शशिकांता, सोनम पटेल, भूरी देवी, गौरव अग्रवाल, कौशल किशोर, अभिषेक नायक, सुबोध निरंजन आदि मौजूद रहे।

# बीएसए कार्यालय पर शिक्षकों ने किया धरना-प्रदर्शन

## पुरानी पेंशन जल्द की जाए बहाल : जिलाध्यक्ष विद्यासागर




**उरई, 01 मई (तरूणमित्र)।** प्रांतीय आह्वान पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष विद्यासागर मिश्रा के नेतृत्व में गुरुवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया गया। इसके बाद मुख्यमंत्री को सम्बोधित 15 सूत्री ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट राजेश कुमार को सौंपा। प्रदर्शन से पूर्व जम्मू कश्मीर के पहलगाम में मारे गए लोगों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।

जिलाध्यक्ष विद्यासागर मिश्रा ने बताया कि प्राथमिक शिक्षक संघ पुरानी पेंशन बहाल करने, एक अप्रैल 2005 से पूर्व विज्ञापन पर नियुक्त शिक्षकों को पुरानी पेंशन देने हेतु आदेश जारी करने, विद्यालय का समय परिवर्तन, 2015 से बाधित पदोन्नति करने, 2005 से बंद प्रोन्नत वेतनमान को देने, एक अप्रैल 2014 से बंद सामूहिक बीमा कटौती को बहाल करने समेत 15 सेवा सम्बन्धी विसंगतियों को सुधारने की मांग को लेकर प्रदेशभर में धरनारत है। इन्हीं मांगों से सम्बन्धित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा गया। जिला मंत्री नरेश निरंजन ने बताया कि विसंगतियों के कारण शिक्षकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अन्य शिक्षक नेताओं ने कहा कि धरना-प्रदर्शन के माध्यम से प्राथमिक शिक्षक संघ ने सरकार को संदेश दिया है कि शिक्षक अपने मान-सम्मान की रक्षा के लिए सजग हैं। यदि सरकार ने उनकी जायज मांगों का निस्तारण शीघ्रता से नहीं किया तो प्राथमिक शिक्षक संघ प्रांतीय कार्यसमिति की कार्ययोजना के अनुसार आन्दोलन को और तेज करेगा। इस मौके पर संरक्षक महेंद्र भाटिया, संजय दुबे, नितेंद्र सिंह सेंगर, बृजेंद्र सिंह राजपूत, उपवन कुमार सिंह, विपिन उपाध्याय, राजेश शुक्ला, महेंद्र वर्मा, योगेंद्र जादौन, संजय निरजन, शैलेन्द्र सिंह बबेले, धर्मेंद्र चतुर्वेदी, ओमप्रकाश निरंजन, अखिलेश व्यास, कौशलेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, अरविंद श्रीवास्तव, संजय सचान, तालिब वेग, प्रभाकांत कुलश्रेष्ठ, पंकज सिंह, धर्मेंद्र बबेले, रमाकांत द्विवेदी, उमेश पटेल, रूपेंद्र सक्सेना आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# अभूतपूर्व बंदः मथुरा ने महसूस किया लॉकडाउन वाला सन्नाटा



- दुकान बंद रहीं, ठेल ढकेल तक रहीं नदारद
- बंद तो बहाना था आतंक के खिलाफ गुस्सा दिखाना था

**मथुरा, 01 मई (तरूणमित्र)।** मथुरा ने एक बार फिर लॉकडाउन वाला सन्नाटा महसूस किया। हालांकि इस बार कोई किसी को टोक नहीं रहा था, नहीं पुलिसकर्मी बैरियर लगा कर रोक रहे थे। बावजूद इसके बाजारों में सन्नाटा पसरा था और लोग घरों से बाहर नहीं निकले। शायद उन्होंने घर बैठे ही अंदाजा लगा लिया था कि बाजार पूरी तरह बंद है और बाहर निकलने का कोई मतलब नहीं है।

हालांकि शिक्षण संस्थाएं खुली, अगर कहीं चहल पहल थी तो वह स्कूल कॉलेज ही थे। बाकी सब सन्नाटे के आगोश में था। हालांकि दोपहर दो बजे बाद इक्का दुक्का खाने पीने की दुकानें खुली और देखा देखी दूसरी दुकानें भी शाम तक खुल गई, हालांकि तब तक मथुरा बंद का उद्देश्य पूर्णतः सफल हो गया था। इस बीच मथुरा ने राष्ट्रीय प्रतिबद्धता का जीवंत उदाहरण पेश किया। सन्नाटे के बीच मथुरा ने बंद के कुछ घंटों में राष्ट्रीय भावनाओं की मूक अभिव्यक्ति की गूंज महसूस की। शाम को लोग यह चर्चा करते दिखे कि इस तरह का सफल बंद उन्होंने अपने जीवन में नहीं देखा। चर्चा करने वालों में हर उम्र के लोग शामिल थे। अभी तक यह देखा गया था कि असरदार करे जाने वाले बंद का असर भी होलीगेट के आसपास के बाजारों की दुकानों के गिरे हुए शटरों से आंका जाता था। पहलगांव में हुई आतंकी घटना के विरोध में गुरुवार को बंद के आह्वान का असर समूचे मथुरा शहर में एकरूपता से देखने को मिला। शहर के बाहरे इलाकों में भी दुकानें पूरी तरह से बंद थीं। इस बार न कोई झंडा लेकर और नहीं कोई डंडा लेकर बाजार बंद कराने निकला था। न युवाओं की टोलियां ही बाजार में नारेबाजी करते हुए घूम रहीं थीं। यह राष्ट्रीय भावनाओं से लबरेज बंद था जिसे लम्बे समय तक मथुरा याद रखेगा। विश्व हिंदू परिषद के आव्हान पर व्यापारी संगठन, बार एसोसिएशन, होटल एसोसिएशन आदि ने भी इस बंद का समर्थन किया। यह एक तरह से संयुक्त आह्वान और मूक समर्थन था जिसका असर बंद वाले दिन दिखा।

**रजिस्ट्री कार्यालय में नहीं हुआ काम, बार भी समर्थन में रहा**

मथुरा बार एसोसिएशन के सचिव शिवकुमार लवानिया ने डीजे, डीएम, प्रधान परिवार न्यायाधीश, पीठासीन अधिकारी एमएसीटी व जिला उपभोक्ता फोरम को भेज पत्र में कहा है कि 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर स्थित पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा भीवत्स नरसंहार के विरोध में संपूर्ण भारत बंद का आवाहन किया गया है। जिसके कारण अधिवक्तागण एवं वादकारीगण न्यायालय आने में असमर्थ हैं। इन सभी हालात को देखते हुए बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप कुमार शर्मा एडवोकेट के निर्देशानुसार समस्त अधिवक्तागण आज पूर्ण दिवस न्यायिक कार्य से विरक्त रहे। इसके चलते गुरुवार को जिला न्यायालय में वकीलों ने कोई काम नहीं कर अपना विरोध प्रदर्शित किया। रजिस्ट्री कार्यालय में भी दस्तावेज लेखकों ने घटना के विरोध में आज रजिस्ट्री ऑफिस के बाहर गेट पर ताला लगा दिया। इसके चलते कोई भी रजिस्ट्री कराने के लिए कार्यालय पर नहीं आया। दस्तावेज लेखक निबंधन समिति के अध्यक्ष सुरेश चौधरी, संरक्षक सोहनलाल शर्मा, सचिव के-के चौधरी, उपाध्यक्ष रामकिशन पाठक एड, प्रेम सिंह, द्वारकाप्रसाद, शर्मा,कोषाध्यक्ष अनिल चतुवेर्दी ने इस घटना के विरोध में रजिस्ट्री कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए मथुरा बंद का समर्थन किया। इस बंद के चलते सिविल लाइन्स क्षेत्र में पुलिस लाइन, जिला न्यायालय परिसर के बाहर वाले रोड पर जाम जैसे हालात नजर नहीं आए।

# पत्नी-बच्चे को लेकर शिक्षक का हंगामा

**अलीगढ़, 01 मई (तरूणमित्र)।** जिला सामान्य एवं बालिका शिक्षा पर तैनात एक शिक्षक ने शहर के नजदीक स्कूल में तैनाती के नाम पर 1.5 लाख रुपये लेने का गंभीर आरोप लगाया है। विकासखंड बिजौली के राजगवां परिषदीय स्कूल में तैनात शिक्षक नरेश पाल ने अपनी पत्नी और बच्चे के साथ एक मई को बेसिक शिक्षा कार्यालय में जमकर हंगामा किया।

शिक्षक का आरोप है कि बालिका शिक्षा विभाग में स्थानांतरण के लिए दो लाख रुपये की डील हुई थी, जिसमें से 1.5 लाख रुपये पहले ही लिए जा चुके हैं। इस संबंध में पति-पत्नी का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वे अपनी तकलीफ व्यक्त कर रहे हैं। शिक्षक नरेश पाल ने बताया कि उन्हें इगलास के नया बांस ग्राम पंचायत स्थित स्कूल में तैनाती दी गई है, जिससे वह नाराज हैं क्योंकि यह शहर से काफी दूर है। उनका कहना है कि उनसे शहर के नजदीक स्कूल में तैनाती का वादा किया गया था और इसके लिए पैसे भी लिए गए थे, लेकिन अब उन्हें दूर-दराज के स्कूल में भेज दिया गया है। शिक्षक नरेश पाल को कुछ समय पहले टैबलेट ठीक से न चलने के कारण बेसिक शिक्षा अधिकारी ने निलंबित कर दिया था। निलंबन के बाद तैनाती को लेकर यह नया विवाद सामने आया है। शिक्षक नरेश पाल ने बेसिक शिक्षा अधिकारी से डीसी बालिका पर कार्रवाई की मांग की है।

# नीट परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न करायें: डीएम



**मैनपुरी, 01 मई (तरूणमित्र)।** जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित नीट यू.जी.-2025 को शान्ति पूर्वक सम्पन्न कराने हेतु तैनात स्टैटिक, सेक्टर मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापकों की बैठक में कहा कि दि. 04 मई को आयोजित होने वाली परीक्षा को बिना किसी विघ्न के शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न करायें, प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर परीक्षार्थियों को मूल-भूत सुविधाएं मुहैया हों, केन्द्र व्यवस्थापक स्टेटिक मजिस्ट्रेट अपने परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा अवधि में निरंतर क्रियाशील रहकर हर गतिविधि पर नजर रखें।

मुख्य द्वार पर गेट पर अभ्यर्थियों की सघन तलाशी करायी जाये, तलाशी के दौरान किसी भी अभ्यर्थी को असुविधा न हो, किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा केन्द्र के भीतर इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, कैल्कुलेटर, मोबाइल, डिजिटल घड़ी ले जाने की इजाजत नहीं है, परीक्षा के दिन परीक्षा केन्द्रों के आस-पास की फोटोस्टेट, साइबर कैफे की दुकानें बंद रहेंगी, परीक्षा केन्द्रों के आस-पास 200 मीटर की परिधि में कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति प्रवेश नहीं कर सकेगा, उक्त परिधि में भीड़ एकत्र नहीं होगी। उन्होने कहा कि परीक्षा सकुशल सम्पन्न कराने के लिए 10 स्टेटिक मजिस्ट्रेट, 03 सेक्टर मजिस्ट्रेट को तैनात किया गया है। उन्होने अभ्यर्थियों से कहा कि परीक्षार्थियों का प्रवेश 11 बजे से प्रारंभ होगा।

मुख्य द्वार पर सघन चेकिंग के उपरांत बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज होगी, 01.30 बजे परीक्षा केन्द्र का गेट एन.टी.ए. के निदेर्शानुसार बंद करा दिया जायेगा, इसके उपरांत किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जायेगी। उन्होने केन्द्र व्यवस्थापकों, स्टेटिक मजिस्ट्रेटों से कहा कि परीक्षा की महत्वता को दृष्टिगत रख बेहद संवेदनशील रहें, एन.टी.ए. के निदेशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित कराते हुये नीट परीक्षा-2025 को सकुशल, शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने में अपनी भूमिका निभाएं।

श्री सिंह ने स्टेटिक मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात अधिकारियों से कहा कि परीक्षा तिथि से एक दिन पूर्व यानि 03 मई को अपने आवंटित परीक्षा केन्द्रों पर एन.टी.ए. के निर्देशानुसार परीक्षा से सम्बन्धित समस्त तैयारियां पूर्ण करवाना सुनिश्चित करें, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक रोडबेज परीक्षा के दिन परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्रों तक आने जाने हेतु सार्वजनिक वाहनों की उपलब्धता समय से कराना सुनिश्चित करायें।

## उत्कृष्ट कार्य के लिए सीडीओ ने किया सम्मानित

**मथुरा, 01 मई (तरूणमित्र)।** जलागम विकास घटक प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के दूसरे चरण के अंतर्गत दिये गये कार्यों को योजनाबद्ध तरीके से गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा करने वाले कर्मचारियों को मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना ने अपने कार्यालय में सम्मानित किया। इस दौरान जिला कृषि अधिकारी अश्वनी कुमार भी मौजूद रहे। उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मान पाने वालों में श्रीमती किरण चौधरी, अवर अभियंता संदीप कुमार, अवर अभियंता विक्रम सिंह, वरिष्ठ सहायक मनोज कुमार, वरिष्ट सहायक मनोज कुमार सिंह आदि थे। सभी कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना ने बताया कि जनपद के बलदेव ब्लॉक में संचालित यह योजना क्षेत्रीय लोगों को रोजगार सृजन, जन संरक्षण, उत्पादन प्रणाली एवं प्रति व्यक्ति आय बढ़ाने में सहायक होगी।

# रिफाइनरी के कामगारों ने मनाया मई दिवस

## मई दिवस पर रिफाइनरी नगर के श्रमिकों ने दोहराया संघर्ष का संकल्प



**मथुरा, 01 मई (तरूणमित्र)।** पेट्रोलियम वर्कर्स यूनियन कांट्रेक्ट वर्कर्स मथुरा रिफाइनरी यूनिट की टाउनशिप उप शाखा ने रिफाइनरी नगर के सम्पदा कार्यालय के समक्ष मई दिवस मनाया।

हाथों में लाल झंडे और होठों पर दुनिया के मजदूरों एक हो का नारा लिए रिफाइनरी नगर के संविदा श्रमिकों ने टाउनशिप प्लाजा में प्रदर्शन कर सम्पदा कार्यालय पर सभा की। यूनियन की उप शाखा के अध्यक्ष कामरेड दिलीप दुबे की अध्यक्षता में हुई सभा को वरिष्ठ मजदूर नेता शिवदत्त चतुर्वेदी, यूनियन के अध्यक्ष मधुवन दत्त चतुर्वेदी उप शाखा सचिव हरी चन्द यूनियन सचिव कामरेड जनक उपाध्यक्ष गरीब दास, कोषाध्यक्ष राम गोपाल बनवारी लाल एडवोकेट और योगेश पाराशर एडवोकेट ने सम्बोधित करते हुए 01 मई 1886 को शिकागो में शहीद हुए मजदूर नेताओं को याद किया और विश्व भर के श्रमजीवियों के लिए उनकी एकता पर बल दिया। वक्ताओं ने श्रमजीवियों के हितार्थ विश्व की गतिविधियों के प्रेरणा स्रोत के रूप में शहीदों का स्मरण किया तथा मथुरा रिफाइनरी के संविदा श्रमिकों के कल्याण और उनकी समस्याओं के निराकरण के सम्बन्ध में भी विचार व्यक्त किये।

## शॉर्ट सर्किट से जिला अस्पताल में लगी आग

**अलीगढ़, 01 मई (तरूणमित्र)।** मलखान सिंह जिला अस्पताल में गुरुवार सुबह सीएमएस कार्यालय में अचानक आग लग गई। आग लगते ही अस्पताल में अफरा-तफरी मच गई। मौके पर मौजूद सुरक्षाकर्मी और स्टाफ तुरंत हरकत में आए, उन्होंने अस्पताल में रखे अग्निशमन यंत्रों से आग पर काबू पा लिया। प्रारंभिक जॉच में आग का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। हादसे में किसी की जान को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। हालांकि, कार्यालय में रखा सामान जलकर राख हो गया। दमकल विभाग को सूचना दी गई, लेकिन कोई दमकल कर्मी या गाड़ी मौके पर नहीं पहुंची।

## देवरानी के आगमन पर जेठानी की संदिग्ध मौत, उत्पीड़न का आरोप

**अलीगढ़, 01 मई (तरूणमित्र)।** गुन्नौर नगर के मोहल्ला सराय में सोमवार की रात एक महिला ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। 35 वर्षीया मृतका नसरीन पूर्व सभासद भूरे खां की पुत्रवधू थी। वह पिछले छह वर्षों से अपने दिवंगत पति की याद और दो बच्चों के सहारे ससुराल में जीवन बिता रही थी। मायके वालों ने इसे आत्महत्या नहीं, बल्कि षड्यंत्र के तहत हत्या बताते हुए निष्पक्ष जॉच और न्याय की मॉग की है।

नसरीन के भाई जहीर खॉ निवासी देवसैनी, थाना क्वार्सी, अलीगढ़ ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पति सलीम की 2019 में सड़क दुर्घटना में मृत्यु के बाद मृतका को लगातार मानसिक और पारिवारिक उत्पीड़न झेलना पड़ा। सलीम की संपत्ति पर अधिकार जमाने के लिए उसे प्रताड़ित किया गया और जबरन घर से निकालने की कोशिशें की गईं। परिवार के भीतर पहले यह चर्चा थी कि देवर वसीम और नसरीन का निकाह हो सकता है। लेकिन 22 मार्च को वसीम की शादी दूसरी जगह तय कर दी गई। सोमवार को वसीम की नवविवाहिता बहू की घर में आमद के कुछ ही घंटे बाद नसरीन का शव कमरे में फंदे से लटका मिला।

## सांसद पर हमले के विरोध में सपा का प्रदर्शन

**अलीगढ़, 01 मई (तरूणमित्र)।** गुरुवार को समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं ने कलेक्ट्रेट के बाहर प्रदर्शन किया, कार्यकताओं ने सपा राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन पर हुए हमले का विरोध जताया। प्रदर्शन के दौरान सरकार विरोधी नारे लगाए गए। कलेक्ट्रेट के बाहर बड़ी संख्या में पुलिस और पीएसी तैनात की गई। सपा जिलाध्यक्ष लक्ष्मी धनगर ने सरकार पर सांसद की हत्या कराने का आरोप लगाया, उन्होंने कहा कि पुलिस ने कार्यवाही के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की है। सपा कार्यकताओं ने एडीएम सिटी अमित कुमार भट्ट को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा।

# सुदिती ग्लोबल एकेडमी में विधिक साक्षरता संगोष्ठी आयोजित

## अपर जिला जज ने छात्रों को बताया विधिक अधिकारों का महत्व



**मैनपुरी, 01 मई (तरूणमित्र)।** सुदिती ग्लोबल एकेडमी में आयोजित विशेष विधिक साक्षरता संगोष्ठी में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कमल सिंह ने छात्रों को भारतीय विधिक प्रणाली, संविधानिक अधिकारों और निःशुल्क विधिक सहायता से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। इस अवसर पर न्यायाधीश ने स्पष्ट किया कि कानून की जानकारी केवल अधिकार नहीं, बल्कि सामाजिक सशक्तिकरण का आधार है।

कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन व स्वागत गीत से हुई, जिसके पश्चात मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित श्री सिंह ने विधिक साक्षरता की महत्ता को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (NALSA) समाज के कमजोर और वंचित वर्गों को कोर्ट फीस, अधिवक्ता सेवाएं, दस्तावेजों की प्रमाणित प्रतियां एवं अनुवाद सेवाएं निःशुल्क उपलब्ध कराता है।

न्यायाधीश ने संविधान के अनुच्छेद 39(ए) का उल्लेख करते हुए कहा कि हर नागरिक को न्याय तक समान पहुंच मिलना उसका मौलिक अधिकार है। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका समय-समय पर ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन तक विधिक जानकारी पहुंचाने का कार्य करती है।

कार्यक्रम में मौजूद छात्रों ने न्यायिक अधिकारियों से विधिक प्रश्न पूछे, जिनका व्यावहारिक व सरल भाषा में उत्तर दिया गया। विद्यालय के प्रबंध निदेशक डॉ. लव मोहन ने ऐसे आयोजनों को छात्रों के अधिकारों व कर्तव्यों के प्रति जागरूकता लाने वाला कदम बताया और इसे सामाजिक जिम्मेदारी की दिशा में एक प्रयास कहा। संगोष्ठी समापन पर स्कूल प्रशासन द्वारा सभी अतिथियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

# प्रिंस की हत्या में दो शूटरों को उम्रकैद

**अलीगढ़, 01 मई (तरूणमित्र)।** टप्पल थाना जट्टारी में दो साल पहले स्कूल के पास छात्र की गोली मारकर हत्या के बहुचर्चित मामले में बुधवार को फैसला आ गया। जिला जज संजीव कुमार की अदालत ने दो शूटरों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। जबकि सुपारी देने वाले आरोपी को साक्ष्यों के अभाव में दोषमुक्त कर दिया। डीजीसी जितेंद्र सिंह ने बताया कि टप्पल क्षेत्र के गांव कमालपुर निवासी विजय बहादुर ने मुकदमा दर्ज कराया था। इसमें कहा था कि 19 मई 2023 को सुबह आठ बजे वह अपने भतीजे रोहन के साथ बाइक से किसी काम से जा रहे थे।

रास्ते में रोहन का भाई 17 वर्षीय प्रिंस मिल गया, जो आरपीएस ग्लोबल स्कूल में 12वीं का छात्र था। स्कूल तक जाने के लिए वह भी साथ बैठ गया। स्कूल के पास भट्टे के सामने प्रिंस को उतार दिया।जैसे ही विजय बाइक लेकर बढ़े, तभी कस्बा जट्टारी के मोहल्ला अजीतनगर निवासी कुनाल उर्फ कालू व मोहल्ला नई बस्ती रावण टीला निवासी आफताब यजदी बाइक पर आए। आते ही आफताब ने इशारा किया कि यही प्रिंस मालान है। इसके बाद कुनाल ने प्रिंस को गोली मार दी। विजय व रोहन बाइक सवारों को पकड़ने के लिए दौड़े तो उन पर भी फायरिंग कर दी गई। प्रिंस को जेवर के अस्पताल में ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। उधर, लोगों ने दोनों मुल्जिमों को पकड़ लिया था। उन्होंने पुलिस को पूछताछ में बताया था कि कस्बे के रितिक गर्ग ने हत्या की सुपारी दी थी। इस पर पुलिस ने रितिक को भी गिरफ्तार किया था। तीनों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गई। अदालत ने साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर कुनाल व आफताब को दोषी करार देते हुए फैसला सुनाया है। दोनों मुल्जिम घटना के दौरान जिस बाइक पर आए थे, उसे एक दिन पहले ही चोरी किया था। पुलिस ने दोनों को बाइक चोरी में भी दोषी माना। कुनाल पर 45 हजार व आफताब पर 40 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया है। आधी धनराशि पीड़ित परिवार को देने के आदेश दिए हैं। कमजोर साक्ष्यों के चलते रितिक को दोषमुक्त कर दिया। कुल नौ गवाह कराए गए थे। इसमें साबित हुआ कि दोनों शूटरों ने हत्या की है। दोषमुक्त किया गया रितिक उसी के स्कूल की छात्रा से एकतरफा प्यार करता था। प्रिंस भी उस छात्रा से बात करने लगा। इसी के चलते उसे सुपारी दी। लेकिन रितिक को अदालत ने दोषमुक्त किया है। इसके खिलाफ अधिवक्ता की ओर से अपील दायर की जाएगी।

## अलग-अलग थाना क्षेत्र से तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**अलीगढ़, 01 मई (तरूणमित्र)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन द्वारा अपराध की रोकथाम एवं वांछित व वारंटी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना अकराबाद पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बीएनएस में वांछित अभियुक्तगण सलमान पुत्र नत्थू खाँ व अरमान पुत्र नत्थू खाँ निवासीगण कस्बा कौड़ियागंज थाना अकराबाद जनपद अलीगढ़ को कोड़ियागंज गेट के पास से गिरफ्तार किया। तो वहीं थाना टप्पल पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर वांछित अभियुक्त देशदीप पालीवाल पुत्र महेन्द्रप्रशाद पालीवाल निवासी मौ0 आधरी पट्टी कस्वा जट्टारी थाना टप्पल अलीगढ़ को कस्बा जट्टारी में शराब के ठेके सामने खाली गोदाम के पास से गिरफ्तार किया।

# तहसीलों का निजीकरण नहीं होंगे देंगे : तेवतिया

**अलीगढ़, 01 मई (तरूणमित्र)।** उ0प्र0 सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश की तहसीलों में खोले जा रहे फ्रंट ऑफिस के विरोध में विगत नौ दिनों से अलीगढ़ जनपद की कोल तहसील सहित समस्त तहसीलों में धरना प्रदर्शन जारी है। जिसके चलते गुरूवार को तहसील कोल में राजस्व बार एसोसिएशन के नेतृत्व में धरना स्थल पर एक पत्रकारवार्ता का आयोजन किया गया।

पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुये अध्यक्ष विजय सिंह तेवतिया ने कहा कि उ0प्र0 सरकार की मंशा तहसीलों में फ्रंट ऑफिस खोलने के माध्यम से तहसीलों का निजीकरण करने की है। समाचार पत्रों के माध्यम से ज्ञात हुआ है कि फ्रंट ऑफिस खुलने से प्राईवेट कम्पनी के कर्मचारियों द्वारा ही रजिस्ट्री से सम्बन्धित सभी कार्य किये जायेंगे, जिससे अधिवक्ता, कातिब, स्टाम्प वेण्डर, टाईपिस्ट सहित अन्य लोग बेरोजगार हो जायेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि विगत 14 नवम्बर 2024 को प्रकाशित समाचार पत्रों की खबरे कि ह्यप्रदेश में बनेंगे निबंधन मित्र, कैबिनेट में रखा जायेगा प्रस्तावह्न से साफ है कि सरकार प्रदेश की तहसीलों में कार्यरत हजारों लोंगो बेरोजगार करने जा रही है, जिससे उनके परिवारों पर रोजी रोटी का खतरा मंडरा रहा है।

## हॉर्न बजाने पर पत्रकार पर जान लेवा हमला

**अलीगढ़, 01 मई (तरूणमित्र)।** थाना सिविल क्षेत्रार्गत जमालपुर में गत रात्रि एक पत्रकार की कार पर नकाबपोश ने मारपीट हमला बोल दिया। क्वार्सी क्षेत्र निवासी रॉकी उर्फ आलोक जो एक समाचार पत्र और न्यूज चैनल में कैमरा मैन हैं, अपने कार्यालय से घर लौट रहे थे। जमालपुर में ट्रैफिक के कारण उसने हॉर्न बजाया, तभी नकाबपोश हमलावरों ने उनकी कार रोक ली। हमलावरों ने पहले कार में तोड़फोड़ की और फिर आलोक को कार से बाहर खींच लिया। आलोक ने जब अपने मोबाइल से वीडियो बनाना शुरू किया तो एक हमलावर कार पर चढ़ गया और कार के शीशा तोड़ दिया।

# परिवार परामर्श केंद्र ने पाँच पत्रावलियों में काउंसलिंग कर कराया सुलह समझौता

**अलीगढ़, 01 मई (तरूणमित्र)।** ऑपरेशन जागृति फेस- 4 के तहत गुरूवार को परिवार परामर्श केंद्र प्रभारी उपनिरीक्षक शिखा त्यागी तथा काउंसलर डॉ0 देवेंद्र कुमार, अमित अग्रवाल तथा बृजेश मिश्रा द्वारा काउंसलिंग कर पॉच पत्रावलियों में सुलह समझौता कराया गया।

वीणा (बदला हुआ नाम) निवासी छिबरामऊ जनपद कन्नौज द्वारा प्रतिपक्ष केशव (बदला हुआ नाम) निवासी थाना बन्ना देवी अलीगढ़ के विरुद्ध शराब पीकर मारपीट करने के संबंध में एक प्रार्थना पत्र थाना बन्ना देवी पर दिया गया जिसपर दोनों पक्षों को परिवार परामर्श केंद्र बुलाकर काउंसलिंग की गई तथा दोनों पक्षों को समझाकर सुलह समझौता कराया। तो वहीं आवेदिका प्रिया (बदला हुआ नाम) निवासी विजयगढ़ अलीगढ़ द्वारा अपने पति प्रवेश (बदला हुआ नाम) पर दहेज की मांग को लेकर उत्पीड़न करने का आरोप लगाया गया। दोनों पक्षों को परिवार परामर्श केंद्र बुलाकर काउंसलिंग की गई तथा दोनों के बीच के मतभेद को समाप्त कर सुलह समझौता कराया गया। तो वहीं शबनम (बदला हुआ नाम) ने अपने पति रहमान (बदला हुआ नाम) निवासी रोरावर अलीगढ़ के विरुद्ध मारपीट करने पर गाली गलौज करने के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया जिसमें दोनों पक्षों को समझा कर सहमति से समझौता कराया गया। तो वहीं फूल कुमारी (बदला हुआ नाम) द्वारा अपनी बेटी एलिस (बदला हुआ नाम) के पति रॉबिन (बदला हुआ नाम) निवासी बन्ना देवी द्वारा उनके और उनकी बेटी के साथ अभद्र भाषा प्रयोग करने के संबंध में दिया गया। जिसमें दोनों पक्षों को बुलाकर काउंसलिंग की गई तथा समझाया सुलह समझौता कराया गया। तो वहीं रजिया (बदला हुआ नाम) क्वार्सी अलीगढ़ की रहने वाली तथा उसके पति रहीम (बदला हुआ नाम) के बीच दहेज की मांग को लेकर मारपीट करने के संबंध में दिया गया जिसमें परिवार परामर्श केंद्र द्वारा दोनों पक्षों को बुलाया गया तथा समझाया गया। दोनों पति-पत्नी दोबारा साथ रहने को तैयार हुए।


## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी का हाईस्कूल वर्ष 2008 अनुक्रमांक 1678394 की मूल अंक तालिका वास्तव में कहीं खो गयी है।

अनुराग वर्मा (ANURAG VERMA) पुत्र रामनाथ वर्मा, निवासी-ग्राम मौरापारा, पो. खेंवार जिला-अम्बेडकरनगर

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शपथी का सही एवं वास्तविक नाम MOHAMMAD FAREED है। यह कि शपथी की पत्नी का पुत्र के शैक्षिक अभिलेखों में त्रुटिवश गलत नाम AMEENA JALEEL अंकित हो गया है जबकि वास्तविक एवं सही नाम MEENA JALIL है। शपथी के शैक्षिक अभिलेखों में शपथी का त्रुटिवश नाम MOHD FAREED अंकित हो गया है जबकि सही एवं वास्तविक नाम MOHAMMAD FAREED है। यह नाम समस्त अभिलेखों में दर्ज किया जाना सर्वथा न्यायोचित व न्यायहित में है।

मोहम्मद फरीद (MOHAMMAD FAREED) पुत्र मंजूर अली निवासी-117/4 जम्बूरखाना डा. मोतीलाल बोस रोड, लखनऊ


## पेज 1 का शेष...

### कांग्रेस की बिछाई बिसात पर मोदी...

की मांग कर रहे थे और इसको लेकर मोदी सरकार पर निशाना साध रहे थे। कांग्रेस शासित राज्यों कर्नाटक और तेलंगाना सहित अन्य कांग्रेस शासित राज्यों में इस तरह की कांग्रेस ने इस दिशा में कवायद की लेकिन अब इसी सबसे बड़े मुद्दे को सरकार ने खत्म ही कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और संघ प्रमुख मोहन भागवत की बैठक के कुछ ही घंटों बाद यह घोषणा आई। पिछले दस सालों में भाजपा ने ओबीसी और सवर्ण समुदायों को जोड़कर जो चुनावी सफलता पाई है, उसे बनाए रखने के लिए यह कदम अहम माना जा रहा है। भाजपा को भरोसा है कि पहलगाम हमले के चलते इस समय जो देश में वातावरण है, उससे सवर्ण भी इस निर्णय से नाराज नहीं होंगे। साथ ही पार्टी को आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए दिए गए 10% आरक्षण से इन ऊपरी जातियों का समर्थन भी मिलने की उम्मीद है। भाजपा अब यह दावा भी कर सकती है, जो वह कर भी रही है कि उसने जातिगत जनगणना का निर्णय ले भी लिया। हालांकि अभी ये साफ नहीं है कि अगर भाजपा के इस फैसले से सवर्ण में नाराजगी बढ़ती है तो फिर क्या किया जाएगा। लेकिन भाजपा नेताओं का कहना है कि पार्टी अच्छी स्थिति में है, क्योंकि उसने उस मुद्दे पर नेतृत्व किया है जिस पर कांग्रेस वर्षों तक सत्ता में रहने के बावजूद कार्रवाई करने में विफल रही। बहरहाल, इस निर्णय के बाद देश में आजादी के बाद पहली बार जाति जनगणना का रास्ता साफ हो गया है। जनगणना सितंबर 2025 से शुरू हो सकती है और यह मिशन 2 साल में पूरा होगा, यानी आखिरी आंकड़े 2026 के अंत या 2027 की शुरूआत में आ सकते हैं।

### संवैधानिक संस्थाएं अपने दायरे में रहें...

इतनी डेरियां हो गयी हैं कि बच्चों के मुंह से दूध-दही छिन गया है। वह समय वापस आना चाहिए। उन्होंने अपने भतीजे के 14 साल की आयु में विवाह के विरोध में पुलिस को बुलाने की घटना के बारे में सुनाया। उन्होंने कहा कि बाल विवाह हमें रोकना चाहिए। बच्चों के जीवन को बर्बाद करने का किसी को अधिकार नहीं है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विनय जोशी व अन्य ने मिलकर आनंदी बेन पटेल की जीवनी पर आधारित पुस्तक लिखी है। जिस प्रकार से समुद्र मंथन में चौदह रत्न निकले, उसी प्रकार इस ग्रंथ में 14 अध्याय हैं। सभी अध्याय एक रत्न हैं। जो चुनौतियों को स्वीकार करते हैं, वही निखरते हैं। जो भागते हैं वे बिखर जाते हैं। गुजरात के एक छोटे परिवार में जन्म लेकर आज से सात दशक पहले स्कूल जाना और पढ़ना, एक कल्पना थी। मां-बाप के संस्कार, उनका संघर्ष बच्चे को आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। यही भाव आनंदी बेन पटेल को एक शिक्षिका, प्रधानाचार्य, विधान सभा, राज्यसभा के सदस्य, गुजरात सरकार में मंत्री, मुख्यमंत्री और आज देश के सबसे बड़े राज्य के राज्यपाल के रूप में हम सब देख रहे हैं। उनका मार्गदर्शन प्राप्त हो रहा है। यह पुस्तक नई पीढ़ी के लिए अपने आप में नई प्रेरणा होगी। इस मौके पर स्वामी चिदानंद सरस्वती, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, धर्मपाल सिंह, नंद गोपाल गुप्ता नंदी, एके शर्मा, संजय निषाद, आशीष पटेल समेत अन्य मंत्री, विधायक व अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

### स्थगन आदेश लेकर मजा करते हैं...

कोर्ट ने कहा, इस प्रकार की प्रवृत्ति को हतोत्साहित करना जरूरी है। आजमगढ़ के बुढ़नपुर तहसील के बिन्दुई गांव में तालाब पर कब्जे को लेकर शैलेन्द्र प्रजापति ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की है। कब्जे को लेकर पहले से बेदखली का आदेश पारित है। मामले की सुनवाई कर रहे न्यायमूर्ति जेजे मुनीर ने बेदखली आदेश के अनुपालन पर तहसीलदार से रिपोर्ट मांगी थी। जिस पर तहसीलदार ने सरकारी वकील के माध्यम से और समय दिए जाने की मांग की थी। जिस पर उपरोक्त टिप्पणी करते हुए कोर्ट ने तहसीलदार को तीन दिन में रिपोर्ट देने या व्यक्तिगत रूप से हाजिर होने का आदेश दिया है।

स्वत्वाधिकार-श्री विश्वकर्मा चैरिटेबल ट्रस्ट जौनपुर संस्थापक, संपादक स्व. कैलाशनाथ। तरुणमित्र मीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक, मुद्रक व संपादक योगेन्द्र विश्वकर्मा द्वारा इण्डियन एक्सप्रेस सी-26 अमौसी इण्डस्ट्रियल एरिया, लखनऊ से मुद्रित, 23 जहांगीराबाद मेंशन अशोक रोड हजरतगंज, लखनऊ से प्रकाशित। फोन- 0522-4067598, 2288985, 2288968, फैक्स-0522-4066898, डाक पंजीयन सं0 GPOLW/NP-128/2023-25 Email-tarunjnp@gmail.com, website. www.tarunmitra.in RNI NO-UPHIN/1999/00103 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन होंगे।

# ब्वॉयफ्रेंड के घर मिला दलित युवती का शव, रेप के बाद हत्या का आरोप

## ◆ महानगर इलाके की घटना, ◆ रेप हत्या सहित एससी एसटी में दर्ज हुआ मुकदमा

**लखनऊ, 01 मई (तरूणमित्र)।** महानगर इलाके में ब्वॉयफ्रेंड के बंद कमरे में दलित युवती का शव मिला। मृतिका निजी कॉलेज की छात्रा है। परिजनों का आरोप है कि ब्वॉयफ्रेंड ने रेप करके हत्या की है। पुलिस ने रेप, हत्या और एससी एसटी एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज करके शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति स्पष्ट होगी, फिलहाल पुलिस मामले की जांच की जा रही है। मृतका की बहन ने बताया कि बुधवार शाम करीब 4 बजे उसका ब्वॉयफ्रेंड पवन निशातगंज स्थित उनकी दुकान पर आया। उसने बताया कि बहन उसके घर पर विवाद कर रही है। उन्हें जबरन भीखमपुर स्थित घर ले गया। वहां कमरे का गेट खुला था। सिर्फ जाली वाला गेट बंद था। पवन कमरे में गया।

कुछ देर बाद उसके चिल्लाने की आवाज आई। वह भी अंदर गई, तो बहन का शव बेड पर पड़ा था। उन्होंने पवन से उसे अस्पताल ले जाने के लिए कहा। पवन ने पुलिस केस होने की बात करके मना कर दिया। उन्होंने दबाव बनाया और परिजनों को सूचना देने को कहा। इस पर वह उन्हें घर लेकर जाने को तैयार हुआ। उन्हें लेकर घर के लिए निकला। रास्ते में गोमती नदी के किनारे छोड़कर भाग गया। उन्होंने घर पहुंचकर परिजनों को पूरी घटना बताई। मृतका की बहन ने बताया कि परिजनों के साथ वह दोबारा मौके पर पहुंची और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने आकर अपनी कार्रवाई शुरू की।

इस दौरान आरोपी का पुलिस में तैनात भाई भी मौके पहुंच गया। उसने कहा कि भाई ने फोन करके बताया है कि वह आत्महत्या करने जा रहा है। इस वजह से वह यहां उसे देखने आया था। पिता का कहना है कि बेटी ने बीकॉम किया था। इस समय प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही थी। बुधवार सुबह 11 बजे कोचिंग के निकली थी। उसके बाद घर नहीं लौटी। कोचिंग में पवन नामक युवक से उसकी दोस्ती हुई थी। दोस्ती का फायदा उठाकर वह उसे अपने घर ले गया। वहां पर उसके साथ रेप करके उसकी हत्या कर दी। आजाद समाज पार्टी (काशीराम) जिला अध्यक्ष अजय भारतीय ने बताया कि चौकी पर परिजनों की शिकायत की, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। इस पर डीसीपी से मामले की शिकायत की गई। उसके बाद हत्यारोपी के खिलाफ मामला दर्ज हुआ। महानगर इंस्पेक्टर अखिलेश मिश्र के मुताबिक, छात्रा का ब्वॉयफ्रेंड के के घर आना जाना था, जहां दोनों के बीच विवाद हुआ था। परिजनों के आरोपों की जांच की जा रही है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण के सर्वेक्षण की अवधि बढ़ी

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत पात्र परिवारों के सर्वेक्षण की समय-सीमा 15 दिन और बढ़ा दी गयी है। आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को पक्का मकान देने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के लिए सर्वे का काम तेजी से चल रहा है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि पीएम आवास योजना-ग्रामीण के नये सर्वे का उद्देश्य योजना के हर पात्र परिवारों को पक्के मकान मुहैया कराना है। इसके लिए सरकारी कर्मचारी घर–घर जाकर सर्वे का काम कर रहे है। इसमें अच्छी बात यह है कि पीएम आवास के लिए खुद भी अपने मोबाइल से पात्र व्यक्ति अप्लाई कर सकते हैं। सर्वेक्षण कार्य केलिए निर्धारित समय सीमा को 15 दिन और बढ़ा दिया गया है,इसके पहले 30 अप्रैल 2025 तक सर्वेक्षण कार्य करने के निर्देश दिए गए थे। अब यह कार्य 15 मई 2025 तक होगा। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने निर्देश दिए हैं कि सर्वेक्षण कार्य पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता, निष्ठा व ईमानदारी के साथ पूरा किया जाए। साथ ही यह भी निर्देशित किया गया है कि यह सुनिश्चित किया जाय कि कोई भी पात्र व्यक्ति सर्वेक्षण से छूटने न पाये तथा समस्त ग्राम पंचायतों में सर्वेक्षण कार्य ससमय पूर्ण करा लिया जाय।

## जनता के विश्वास पर खरी उतर रही है भाजपा : सनी सरना



◆ व्यापारी किसान नौजवान महिलाएं भाजपा के साथ

**लखनऊ, 01 मई (तरूणमित्र)।** भारतीय जनता पार्टी आज जनता के विश्वास पर खरी उतर रही है देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र दास मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी के नेतृत्व में देश विकास के पथ पर बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है।भारत का चौमुखी विकास देखकर अन्य देश भी भारत की एकता व अखंडता का लोहा मानने लगे हैं। यह बात आज भाजपा के वरिष्ठ नेता सनी सरना ने लाटूश रोड पर आयोजित एक संगोष्ठी में कहीं उन्होंने कहा कि भाजपा ने किसानों व्यापारियों नौजवानों महिलाओं और युवाओं के हितों के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाओं को अमली जामा पहनाने का काम किया है।

आज कोई भी वर्ग ऐसा नहीं है जो विकास से वंचित हो। उन्होंने कहा गरीबों को मकान, राशन आयुष्मान कार्ड के माध्यम से 5 लाख तक की मुफ्त चिकित्सा, 70 साल की बुजुर्गों की गंभीर से गंभीर बीमारियों की मुफ्त इलाज, किसान को उनकी उपज का दुगना मूलय सहित कई कार्य किया जा रहे हैं जिससे गरीबों को बहुत फायदा हो रहा है,उन्होंने कांग्रेस सपा पर निशाना साधते हुए कहा इन दलों ने हमेशा जनता को गुमराह करने का काम किया है। तुष्टिकरण की राजनीति के माध्यम से अपनी राजनीतिक रोटियां सीखना चाहते हैं।

सरना ने कहा जनता इनकी अब इनके झांसे में आने वाले नहीं देश की जनता भली बात जान चुकी है कि उनके हित के लिए कौन सी पार्टी कार्य कर रही है। उन्होंने कहा जनता का विश्वास बीजेपी पर दिन पर दिन बढ़ता जा रहा है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र दास मोदी की गारंटी पर देश की जनता आंख बंद करके भरोसा करती है देश की जनता का मत है कि भाजपा की कथनी और करनी में कोई भी अंतर नहीं है। भाजपा जो कहती है वह करती है। सरना ने कहा कि देश व प्रदेश का व्यापारी भाजपा सरकार में अपने आप को पूर्णतया सुरक्षित मानता है आज व्यापारियों का शोषण नहीं किया जा रहा है किसी भी माफिया में दम नहीं है की व्यापारियों की तरफ आंख उठा कर देख ले। उन्होंने कहा कि देश के विकास में व्यापारियों की हम भूमिका है व्यापारी कंधे से कंधा मिलाकर भाजपा की नीतियों सिद्धांतों को जन जन तक पहुंचाने का कार्य कर रहा है उन्होंने कहा की बिहार के विधानसभा और पश्चिम बंगाल के चुनाव में भाजपा पूर्ण बहुमत के साथ अपनी सरकार बनाएगी। संगोष्ठी में जीतू चावला. ओ. पी सिंह नवीन अरोड़ा. राजेंद्र मिकी सरना आदिलोक उपस्थित रहे।

## लोहिया संस्थान : मजदूर दिवस पर बिना नोटिस हटाय गये सुरक्षाकर्मी

**लखनऊ, 01 मई (तरूणमित्र)।** एक तरफ लोग आज मजदूर दिवस की शुभकामनाएं तो वहीं लोहिया संस्थान में काम करने वाले सुरक्षाकर्मियों को बिना नोटिस दिए उन्हें नौकरी से हटाया जा रहा है। आक्रोशित सुरक्षाकर्मियों ने संस्थान के प्रशासनिक भवन पर पहुंचकर हल्ला बोल दिया। गुरुवार को लोहिया संस्थान में काम करने वाले सुरक्षाकर्मियों ने गुरुवार को संस्थान के प्रशासनिक भवन पर पहुंचकर हल्ला बोल दिया। इस दौरान सुरक्षाकर्मियों ने प्रशासनिक अधिकारियों पर आरोप लगाते हुए कहा कि बिना किसी पूर्व नोटिस के उन्हें हटाया जा रहा है और नए सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की जा रही है। ऐसे में हटाये गए सुरक्षाकर्मियों पर रोजी रोटी का संकट आन पड़ा है। उनका कहना है कि बीते सप्ताह अधिकारियों की ओर से वार्ड बॉय के पद पर समायोजित करने का आश्वासन दिया गया था,जो कि अभी तक पूरा नहीं हुआ है। लोहिया अस्पताल के प्रशासनिक भवन के गेट संख्या तीन पर पहुंचे सुरक्षाकर्मियों ने मौके पर मौजूद रहकर जमकर अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी की।

इस प्रदर्शन में कई महिलाएं भी शामिल रहीं। उन्होंने अधिकारियों पर आरोप लगाते हुए कहा कि हमें सिर्फ आश्वासन दिया जा रहा है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। प्रदर्शन में शामिल राम कुमार पांडे ने कहा कि वे और उनके साथी साल 2018 से लोहिया में काम कर रहे हैं लेकिन अब बिना किसी नोटिस और पूर्व सूचना के उन सभी को निकाल दिया गया। सुरक्षाकर्मी वंदना सिंह चौहान ने बताया कि उन सभी को अधिकारियों की ओर से बिना किसी पूर्व नोटिस या अल्टिमेटल के अचानक से हटा दिया गया। कई बार अधिकारियों के पास जाकर वजह पूछी गयी लेकिन हर बार अधिकारियों आज और कल पर टाल कर तारीख देना शुरू कर दिया।




रामजी लाल सुमन को लगातार जान से मारने की धमकी, उनके आवास एवं काफिले पर हमले की घटना को लेकर कैसरबाग कार्यालय पर प्रदर्शन करते सपाई। छाया: तरूणमित्र

# ऐशबाग जल संयंत्र में सफाई अभियान की 71 हाईटेक कैमरों से हो रही निगरानी

## शुद्ध जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए विभाग गंभीर

### संयंत्र की कार्यप्रणाली को और बेहतर बनाने पर जोर



**लखनऊ, 01 मई (तरूणमित्र)।** ऐशबाग की करीब 12 लाख लोगों को रोज पानी देने वाले जल संयंत्र में गुरुवार को जलकल विभाग ने एक विशेष सफाई और निरीक्षण अभियान चलाया। इस अभियान का उद्देश्य लोगों को और शुद्ध और सुरक्षित पानी उपलब्ध कराना है। पूरे अभियान की निगरानी खुद जलकल विभाग के जीएम कुलदीप सिंह कर रहे हैं।

मौके पर मौजूद अधिकारियों से संयंत्र की कार्यप्रणाली को सुधारने और हर तकनीकी कमी को दूर करने के लिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। अधिशासी अभियंता सचिन यादव ने बताया कि सफाई अभियान में क्लोरीनेशन सिस्टम, प्रेस फिल्टर यूनिट, पंप हाउस, कंट्रोल रूम और ट्रीटमेंट यूनिट की पूरी तरह धुलाई और सफाई की गई। साथ ही पाइपलाइन और जल प्रवाह व्यवस्था को भी दुरुस्त किया गया। जल संयंत्र में अब 71 हाईटेक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिनके जरिए हर गतिविधि पर 24x7 नजर रखी जा रही है।

इससे संयंत्र में पारदर्शिता बढ़ेगी और किसी भी गड़बड़ी को तुरंत ठीक किया जा सकेगा। जीएम जलकल कुलदीप सिंह ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि संयंत्र की रोजाना सफाई, मशीनों का रखरखाव और जल गुणवत्ता की जांच प्राथमिकता में रखी जाए। उन्होंने कहा, ₹पानी हर घर तक स्वच्छ और सुरक्षित पहुंचे, यह हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है।₹ इस अभियान का सीधा फायदा लखनऊवासियों को मिलेगा। बेहतर सफाई और तकनीकी सुधार से अब उन्हें मिलेगा साफ, सुरक्षित और बिना रुकावट के पानी। विभाग इस तरह के नियमित निरीक्षण और सुधारात्मक कदम भविष्य में भी उठाता रहेगा। जलकल विभाग ने शहरवासियों को भरोसा दिलाया है कि वह हर संयंत्र की निगरानी, सफाई और तकनीकी सुधार के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। जनस्वास्थ्य और सेवा गुणवत्ता को लेकर विभाग सतर्क और जिम्मेदार है।

## उपराष्ट्रपति के कार्यक्रम के बीच डायवर्जन से लगा जाम

**लखनऊ, 01 मई (तरूणमित्र)।** लखनऊ की सड़कों पर गुरुवार को दिनभर कई जगहों पर वाहनों का दबाव बढ़ गया। डायवर्जन के चलते लोग कन्फ्यूज हो गए। इसके चलते आवाजाही करने में परेशानी हुई। इस दौरान हजरतगंज, कपूरथला, 1090 चौराहे, इंजीनियरिंग चौराहे पर जाम लग गया। जाम की लंबी कतार के बीच स्कूली बच्चे भी फंस गए। हजरतगंज स्थित क्राइस्ट चर्च स्कूल के बाहर छुट्टी के समय भारी जाम लग गया। स्कूल के छात्रों और अभिभावकों की भीड़ के कारण पार्क रोड पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। जिससे यातायात प्रभावित हुआ। लखनऊ में उप-राष्ट्रपति राज्यपाल की बुक के मोचन के मौके पर आए है। इस दौरान ट्रैफिक पुलिस ने ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव करते हुए कई जगह डायवर्जन किया है। इसके चलते कई लोगों को तय रास्ते के मुकाबले लंबा रास्ता चुनकर अपने गंतव्य तक जाना पड़ा।

## मजदूर दिवस पर बिना सुरक्षा उपकरण काम करते दिखे सफाईकर्मी, 25 हजार का जुर्माना

**लखनऊ, 01 मई (तरूणमित्र)।** आलमनगर वार्ड में निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई कर रहे मजदूर बिना सुरक्षा उपकरण के कार्य करते पाए गए। इस लापरवाही पर कार्यदायी संस्था पर पच्चीस हजार का जुमार्ना ठोका है। यह निरीक्षण सुबह 8:30 बजे जोन छह के जोनल अधिकारी मनोज यादव, एसएफआई और अन्य जिम्मेदार अधिकारियों की मौजूदगी में हुआ। जानकारी के दौरान निरीक्षण के दौरान ठेका कंपनी लॉयन सिक्योरिटी गार्ड सर्विसेस के सफाईकर्मी बिना किसी सुरक्षात्मक उपकरण के काम कर रहे थे। न तो उनके पास दस्ताने थे और न ही मास्क या अन्य जरूरी सुरक्षा किट। जबकि पहले ही नगर निगम की तरफ से आदेश दिया जा चुका है कि सफाई कर्मियों को सभी जरूरी सुरक्षा उपकरण पहनाना अनिवार्य है। नगर निगम अधिकारियों ने पाया कि ठेका एजेंसी ने आदेशों की अनदेखी की है, जिससे न सिर्फ कर्मचारियों की सुरक्षा को खतरा है बल्कि सफाई की गुणवत्ता पर भी असर पड़ता है। इतना ही नहीं, मौके पर कोई सुपरवाइजर या जिम्मेदार व्यक्ति मौजूद नहीं था जो कार्य की निगरानी कर सके। इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए नगर निगम ने लॉयन सिक्योरिटी गार्ड सर्विसेस पर 25,000 रुपये का जुमार्ना लगाया है।

# आज से शक्ति भवन मुख्यालय पर सात दिन तक चलेगा क्रमिक अनशन



**लखनऊ, 01 मई (तरूणमित्र)।** बिजली के निजीकरण के विरोध में गुरूवार को सभी जनपदों और परियोजनाओं पर विशाल बाइक रैली निकालकर बिजली कर्मियों ने आंदोलन प्रारंभ कर दिया। आंदोलन के अगले चरण में दो मई से सात दिन तक राजधानी लखनऊ में शक्ति भवन पर क्रमिक अनशन किया जाएगा। ज्ञापन दो अभियान के अंतर्गत आज शिवपाल सिंह यादव सहित कई जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन दिया गया।

संघर्ष समिति ने कहा है कि निजीकरण की दृष्टि से बड़े पैमाने पर सभी विद्युत वितरण निगमों से संविदा कर्मियों को हटाए जाने का आदेश तत्काल वापस लिया जाए। संघर्ष समिति ने इस मामले में उत्तर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री से तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की मांग करते हुए कहा कि अत्यंत अल्प वेतन भोगी संविदा कर्मियों को जिनमें से कई लोग अपंग भी हो चुके हैं,उन्हें इस तरह हटाया जाना अमानवीय है किसी भी तरह उचित नहीं है। पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के विरोध में विगत पांच महीने से बिजली महा पंचायत, विरोध सभाओं और लखनऊ में विशाल रैली के माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षण करने के बाद आज से बिजली कर्मियों ने आंदोलन प्रारंभ कर दिया है। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष विद्युत नियामक आयोग को पत्र लिखकर फर्जी दस्तावेज देने वाले कंसलटेंट ग्रांट थॉर्टन से मीटिंग करने के लिए कह रहे हैं किंतु उन्होंने आज तक संघर्ष समिति से वार्ता तक करना जरूरी नहीं समझा। अब 42 जनपदों के विद्युत वितरण का किया जा रहा निजीकरण इन दोनों समझौते का स्पष्ट उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि यह समझौते वित्त मंत्री सुरेश खन्ना और तत्कालीन ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा के साथ हुए हैं।

## राज्यसभा नेता विपक्ष ने जाति जनगणना को बताया बड़ी जीत

**लखनऊ, 01 मई (तरूणमित्र)।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने जाति जनगणना को लेकर मोदी सरकार के देर आये फैसले को जनता के लम्बे संघर्ष की जीत करार दिया है। उन्होनें कहा कि कांग्रेस और इण्डिया गठबंधन ने काफी समय से लगातार सामाजिक संरचना की मजबूती के लिए जातिवार जनगणना के मुद्दे को हर फोरम पर मजबूती से उठाया। उन्होनें कहा कि लोक सभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की जाति जनगणना को लेकर आवाज राष्ट्रीय मुदद‍ा बन गयी। उन्होनें कहा कि चैतरफा घिरी मोदी सरकार अपनी नीति और नियत में खोट को दुरूस्त कर इसे सिर्फ घोषणा तक सीमित न रखें। सरकार बताये कि वह जल्द से जल्द कब तक जाति जनगणना की शुरूआत करते हुए इसे कानूनी मान्यता प्रदान करेगी। उन्होनें कहा कि संसद में राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सरकार पर जातिगत जनगणना को लेकर जबाबदेही की लगातार घेराबंदी कर रखी थी।

# अंतराष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर रेलवे मेन्स यूनियन का प्रदर्शन



**लखनऊ, 01 मई (तरूणमित्र)।** अन्तर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर नार्दर्न रेलवे मेन्स यूनियन की लखनऊ स्थित शाखाओं ने उत्तर रेलवे, मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय में लंच के दौरान एक विशाल सभा का आयोजन किया। इस सभा के पूर्व सैकड़ों यूनियन कार्यकताओं द्वारा वाणिज्य एवं सिगनल विभाग के अनियमित आवधिक स्थानान्तरण आदेशों के विरूद्ध वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक कार्यालय पर जबरदस्त प्रदर्शन किया। अनियमित आदेशों को तत्काल निरस्त करने की भी मांग की गयी। मजदूर दिवस की सभा मण्डल अध्यक्ष कामरेड विभूति मिश्रा की अध्यक्षता में हुई, जिसमें मण्डल मंत्री कामरेड आर.के. पाण्डेय ने मजदूर दिवस के बारे में कार्यकताओं को समझाते हुए कहा कि हमें अपने अधिकारों के बारे में जानना होगा व जागरूकता लाना होगा। आज के ही दिन सन् 1966 के अमेरिका के शिकागो शहर में मजदूरों ने 8 घंटे की शिफ्ट के लिए हड़ताल की थी और अपने अधिकारों की मांग की थी।

जिस पर पुलिस द्वारा बबार्तापूर्वक उन पर गोलियाँ चलाई गयीं किन्तु उनका बलिदान निष्फल नहीं गया और तबसे आज तक हम इसे मजदूरों के अधिकारों के हक के लिए मनाते आ रहे हैं। इस अवसर कामरेड एस0यू0 शाह ने रेल अधिकारियों की तानाशाही की नीति की निंदा की। प्रीति सिंह ने श्रमिकों और श्रमिक आन्दोलनों के संघर्ष और बलिदान को याद किया। इस अवसर पर कामरेड सुधीर तिवारी कामरेड शुभ्रांषु तिवारी, कामरेड रंजन सिंह, कामरेड हरेन्द्र सिंह ने भी सभा को सम्बोधित किया।

## आज नगर निगम में समाधान दिवस, मेयर और नगर आयुक्त सुनेंगे समस्याएं

**लखनऊ, 01 मई (तरूणमित्र)।** नगर निगम की तरफ से आज संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाएगा। समाधान हर महीने पहले शुक्रवार को किया जाता है। त्रिलोकनाथ सभागार, नगर निगम मुख्यालय, लालबाग में सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक मेयर सुषमा खर्कवाल और नगर आयुक्त गौरव कुमार लोगों की शिकायत सुनेंगे। जीआईएस सर्वेक्षण के बाद कई लोगों द्वारा कर निर्धारण को लेकर आपत्तियां जताई गई थीं। ऐसे मामलों के समाधान के लिए जीआईएस कंपनी के प्रतिनिधि भी इस संपूर्ण समाधान दिवस में भाग लेंगे। जलकल, सफाई, सड़क की मरम्मत, स्ट्रीट लाइट, और अन्य समस्या के समाधान के लिए नगर निगम के सभी आठ जोन के अधिकारी मौके पर मौजूद रहेंगे। इस दौरान समस्या का तुरंत समाधान करने की भी जोर रहेगा। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने कहा कि 2 मई को लोग अपनी शिकायत लेकर पहुंचे। इस दौरान उससे जुड़े कागज भी जरूर लेकर आएं। ताकि मौके पर ही उनकी शिकायत का समाधान किया जा सके।

## राहुल गांधी के संघर्षों से बाध्य होकर भाजपा ने मानी जातिगत जनगणना कराने की मांग–अजय

**लखनऊ, 01 मई (तरूणमित्र)।** सरकार द्वारा जातिगत जनगणना कराने की मांग मान लेना राहुल गांधी और कांग्रेस की बहुत बड़ी जीत है। यह सभी उपेक्षित समाजों और कर्मशील जातियों की जीत है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष, पूर्व मंत्री अजय राय जी ने कहीं। राय ने कहा कि जातिगत जनगणना कराने के लिए राहुल गांधी ने पूरे देश में संघर्ष किया और आखिर में इस सरकार को इस पर फैसला लेना पड़ा। अजय राय ने कहा कि सामाजिक न्याय की लड़ाई में जातिगत जनगणना एक बेहद अहम कदम है। यह देश में विकास के नये रास्ते खोलेगी। यह इस देश में पहली असमानता को कम कर गरीबों और अमीरों के बीच बढ़ती हुई खाई को खत्म करेगी। सच तो यह है कि यह देश दो धाराओं में बंट गया है एक तरफ थोड़े से वह लोग हैं जिनका देश के लगभग सभी संसाधनों पर कब्जा है जो पूरे सिस्टम को कंट्रोल करते हैं और दूसरी तरफ भारत के 90 प्रतिशत वह लोग हैं जो इस देश के कारोबार को चलाते तो हैं मगर उसमें उनकी हिस्सेदारी नहीं है।

## एक ही पोषक तत्व शरीर के उचित विकास के लिए अपर्याप्त

**लखनऊ, 01 मई (तरूणमित्र)।** एक स्वस्थ और खुशहाल जीवन जीने के लिए संतुलित आहार अत्यंत आवश्यक है। हमारा भोजन न केवल हमें ऊर्जा प्रदान करता है, बल्कि हमारे शारीरिक और मानसिक विकास, रोग प्रतिरोधक क्षमता और समग्र स्वास्थ्य को भी प्रभावित करता है। ऐसे में किसी एक प्रकार का पोषक तत्व या सप्लीमेंट हमारे स्वास्थ्य के लिए काफी नहीं होगा। यह कहना है पीजीआई में कार्यरत डाइटीशियन डॉ. शिल्पी का वह बताती हैं कि पोषण की कमी से कई तरह के रोग हो सकते हैं, जिनमें एनीमिया, रिकेट्स, स्कर्वी, बेरीबेरी, रतौंधी और घेंघा प्रमुख हैं। अल्पपोषण यानि शरीर को आवश्यक पोषक तत्वों की कमी, और अतिपोषण यानि शरीर को अतिरिक्त पोषक तत्व मिलना है, दोनों ही कुपोषण के प्रकार हैं, जो स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

# अवैध गंगोत्री सिटी समेत तीन अवैध प्लाटिंग ध्वस्त

○ गोसाईंगंज में गरजा एलडीए का बुलडोजर




**लखनऊ, 01 मई (तरूणमित्र)।** गुरुवार गोसाईंगंज क्षेत्र में एलडीए ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 100 बीघा से अधिक क्षेत्रफल में की जा रही अवैध प्लाटिंग पर बुलडोजर चलाया। इस दौरान अवैध रूप से विकसित की जा रही गंगोत्री सिटी समेत तीन अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया। जानकारी के मुताबिक गुरूवार को प्रवर्तन जोन दो की टीम ने गंगोत्री सिटी पर कार्रवाई की।

प्रवर्तन जोन दो के जोनल अधिकारी प्रभाकर सिंह ने बताया कि आशीष श्रीवास्तव व अन्य द्वारा गोसाईंगंज में जेल रोड स्थित ग्राम-मोहारी कला में लगभग 100 बीघा क्षेत्रफल में अनाधिकृत रूप से प्लाटिंग का कार्य करते हुए गंगोत्री सिटी नाम से अवैध कालोनी विकसित की जा रही थी। प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत कराये बिना की जा रही इस अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध विहित न्यायालय द्वारा वाद योजित करते हुए ध्वस्तीकरण के आदेश पारित किये गये थे।

जिसके अनुपालन में प्रवर्तन टीम ने प्राधिकरण पुलिस व स्थानीय थाने के पुलिस बल के सहयोग से अवैध प्लाटिंग के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करायी। इस दौरान डेवलपर द्वारा स्थल पर विकसित की गयी सड़क, नाली, बाउन्ड्रीवॉल, इंट्री गेट, साइट ऑफिस, बुकिंग ऑफिस आदि को ध्वस्त कर दिया गया।

वहीं प्रवर्तन जोन एक के जोनल अधिकारी विपिन कुमार शिवहरे ने बताया कि राजेश यादव व अन्य ने गोसाईंगंज के बक्कास गांव में लगभग तीन बीघा क्षेत्रफल में अवैध रूप से प्लाटिंग का कार्य कराया जा रहा था। इसी तरह सूबेदार सिंह व अन्य द्वारा बक्कास गांव में लगभग सात बीघा क्षेत्रफल में अनाधिकृत रूप से प्लाटिंग का कार्य करते हुए अवैध कालोनी विकसित की जा रही थी। प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत कराये बिना की जा रही इन दोनों अवैध प्लाटिंग को अभियान चलाकर ध्वस्त कर दिया।

## गन्ने का रस पीलाकर मनाया जैनियों ने अक्षय तृतीय का पर्व

**लखनऊ, 01 मई (तरूणमित्र)।** जैन धर्म प्रवर्धिनी सभा लखनऊ के अध्यक्ष अतुल कुमार जैन ने अक्षय तृतीया के पर्व पर जैन अनुयायियों द्वारा डालीगंज,सीतापुर ब्रांच रोड, पर गन्ने के जूस का वितरण किया। अक्षय तृतीया का जैन धर्म में महत्व के बारे में बताया कि अक्षय तृतीया, जिसे वैशाख शुक्ल तृतीया भी कहा जाता है, जैन धर्म में अत्यंत पावन और शुभ पर्व माना जाता है। यह पर्व विशेष रूप से पहले तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव (आदिनाथ) से जुड़ा हुआ है। जैन परंपरा में इस दिन का विशेष महत्व तप, त्याग और संयम से जुड़ा हुआ है। जैन धर्मग्रंथों के अनुसार, भगवान ऋषभदेव ने दीर्घकालीन तपस्या और उपवास के पश्चात इसी दिन आहार (गन्ने का रस) ग्रहण कर अपनी तपस्या पूर्ण की थी। उन्होंने लगातार 13 महीने और 13 दिन तक केवल उपवास किया था, और जब वे आहार के लिए निकले, तो किसी को यह नहीं पता था कि एक मुनि को किस विधि से आहार दिया जाता है। अंततः राजा श्रेयांस ने विधिपूर्वक गन्ने के रस से उन्हें आहार कराया।



यही घटना अहिंसा, तप और त्याग की पराकाष्ठा का प्रतीक बन गई। इसी कारण, जैन समुदाय इस दिन को ह्णआहार दान महोत्सवह्व के रूप में भी मनाता है। कई श्रद्धालु इस दिन तपस्या करते हैं, उपवास रखते हैं और मुनिराजों को विधिपूर्वक आहार कराते हैं। कुछ स्थानों पर भगवान ऋषभदेव को गन्ने के रस का अभिषेक भी किया जाता है। अक्षय का अर्थ होता है झ्र जो कभी क्षय न हो। इस दिन किया गया कोई भी पुण्य कार्य अनंत गुना फलदायी माना जाता है। जैन धर्म में यह दिन तप, दान और संयम का अक्षय फल देने वाला माना गया है। देशभर में जैन समाज के मंदिरों में विशेष पूजन, रथयात्रा और प्रवचन का आयोजन किया जाता है। साधु-साध्वियों द्वारा तप की महिमा पर प्रवचन होते हैं और श्रद्धालु बड़ी संख्या में भाग लेते हैं। अक्षय तृतीया केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि यह त्याग, संयम और आत्मशुद्धि का संदेश देता है। जैन धर्म में यह दिन आत्मकल्याण और मोक्ष मार्ग पर अग्रसर होने की प्रेरणा देता है।